* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

03 फरवरी, 2023
माघ, शुक्ल पक्ष, त्रयोदशी
संवत 2079
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
शुक्रवार, वर्ष 08, अंक 106


# आजाद सिपाही

कलम कलम बढ़ाये जा

**संसद तक पहुंचा अडाणी का मामला**
विपक्ष ने की जांच की मांग, अडाणी समूह के शेयरों में गिरावट जारी



## संदर्भ : गणतंत्र दिवस

# आपका सहयोग रचा इतिहास

# आभार

# आजाद सिपाही परिवार

आजाद सिपाही
188100 Subscribers
झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No. 1 Channel

सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 55,500 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 76,000 रु./प्रति किलो |



# अमृत बजट खोलेगा भाजपा की जीत का द्वार!

## नौकरी पेशा वर्ग पर विशेष फोकस : आठ साल बाद उनके लिए खुला राहत का पिटारा

आजाद सिपाही विशेष

मोदी सरकार के बजट 2023 को 'अमृत बजट' कहा जा रहा है। बजट मंथन के दौरान हर वर्ग को मोदी सरकार ने कहीं न कहीं अमृत पान करवाने की कोशिश की है। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अपने पांचवें और देश के 75वें बजट में कई बड़े एलान किये। गरीब से लेकर मध्यम वर्ग तक का इस बजट में खास खयाल रखा गया। अपने एक घंटे 27 मिनट के भाषण में वित्त मंत्री ने पूरे देश को यह भरोसा दिलाने की कोशिश की है कि अब तक सब कुछ सही रहा, तो अब आने वाले दिनों में भी विकास की नयी इबारत लिखी जायेगी। पीएम नरेंद्र मोदी ने बजट 2023 को ऐतिहासिक बताते हुए इसे देश का विकास बढ़ाने वाला बताया है। पीएम मोदी ने बजट को गांव, गरीब, किसान और मध्यम वर्ग के सपनों को पूरा करने वाला बताया है। दरअसल, इस इस बजट के जरिये मोदी सरकार ने मिशन 2024 का एजेंडा सेट कर दिया है। विपक्षी दल भी इसे चुनावी बजट ही बता रहे हैं। अब बजट चुनावी हो या देशहित में हो, जनता को फायदा हो रहा है, तो किसी को आपत्ति नहीं होनी चाहिए। अपने बजट भाषण में निर्मला सीतारमण ने अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, ओबीसी, युवाओं और महिलाओं के लिए योजनाओं की भरमार कर दी है। हाल के दिनों में भारतीय जनता पार्टी के ये कोर वोटर बन गये हैं। मध्यम वर्ग से लेकर किसानों के लिए योजनाओं की सौगात के जरिए मोदी सरकार ने मिशन 2024 के लिए कमर कस ली है। लोकसभा चुनाव से पहले मोदी सरकार ने अपने आखिरी पूर्ण बजट में हर वर्ग को साधने की कोशिश की है। नौकरी करनेवाले लोगों के लिए विशेष राहत की घोषणा की गयी है। अब साल में सात लाख रुपये तक सेलरी पानेवालों को इनकम टैक्स से छूट दी गयी है। ऐसे में सवाल उठता है कि आखिर इस बजट के मायने क्या हैं? इससे केंद्र सरकार की उम्मीदें कितनी मजबूत होंगी? क्या इसका असर आने वाले चुनाव में भी देखने को मिलेगा, बता रहे हैं आजाद सिपाही के **विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह

अगर चुनावी नजरिये से देखा जाये, तो मोदी सरकार का यह बजट मास्टर स्ट्रोक है। इसके जरिये मोदी सरकार ने हर वर्ग को साधने की कोशिश की है। 2024 लोकसभा चुनाव से पहले इस बजट से गरीब, मध्यम वर्ग के करोड़ों लोगों को फायदा पहुंच सकता है। आठ साल से टैक्स स्लैब में कोई बदलाव नहीं हुआ था। इस बार टैक्स स्लैब में बदलाव कर के सरकार ने करोड़ों लोगों को खुश करने की कोशिश की है। इसका फायदा आने वाले चुनावों में मोदी सरकार को मिल सकता है। पिछले कुछ सालों से दुनिया के साथ-साथ देश की अर्थव्यवस्था को भी झटका लगा है। कोरोना और फिर रूस-यूक्रेन युद्ध के चलते काफी नुकसान उठाना पड़ा। महंगाई ने लोगों को परेशान किया। ऐसे में विपक्ष लगातार सरकार को घेरने में जुटा था। अब सरकार ने अपने इस बजट के जरिये हर वर्ग की नाराजगी दूर करने की कोशिश की है। इस साल नौ राज्यों में विधानसभा चुनाव भी होने हैं। इसमें त्रिपुरा, मेघालय, नगालैंड, कर्नाटक, छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, मिजोरम, राजस्थान, तेलंगाना शामिल हैं। इसके बाद अगले साल लोकसभा चुनाव भी है। बजट में चुनावी राज्यों का भी सरकार ने पूरा खयाल रखा है। कर्नाटक की भद्रा परियोजना के लिए सरकार ने पांच हजार तीन सौ करोड़ रुपये स्वीकृत किया है। इसके अलावा पूर्वोत्तर राज्यों के विकास के लिए 5892 करोड़ रुपये आवंटित किये गये हैं। ज्यादातर रकम केंद्र सरकार की परियोजनाओं पर खर्च होगी। इसी तरह अन्य चुनावी राज्यों के लिए भी सरकार ने अलग-अलग तरह की परियोजनाओं के लिए बजट का आवंटन किया है।

पीएम मोदी ने भी बजट को ऐतिहासिक करार देते हुए मिशन 2024 की झलक दे दी। पीएम मोदी ने कहा कि यह बजट वंचितों को वरीयता देता है। यह आज के आकांक्षी समाज, गांव, गरीब, किसान, मध्यम वर्ग, सभी के सपनों को पूरा करेगा। पीएम ने कहा कि गांव से लेकर शहर में रहने वाली महिलाओं के जीवन स्तर में बदलाव लाने के लिए बजट में बड़ी घोषणाएं की गयी हैं। पीएम ने कहा कि उन्हें अब और ताकत के साथ आगे बढ़ाया जायेगा। दरअसल, पीएम ने उज्ज्वला समेत कई बड़ी योजनाओं के जरिये महिला वोटरों को बीजेपी के साथ जोड़ा है। ऐसे में निर्मला के बजट से पीएम मोदी ने 2024 को भी साधा है।

### गरीबों की योजना को मिला विस्तार

बजट में पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना को अगले एक साल तक के लिए बढ़ा दिया है। इसके तहत सरकार कुल दो लाख करोड़ रुपये खर्च करेगी। इस योजना से देश के गरीबों को मुफ्त अनाज उपलब्ध कराया जाता है। कोरोना में शुरू की गयी इस योजना के जरिये मोदी सरकार को चुनावों में बड़ा लाभ मिला है। पीएम मोदी ने इस योजना के जरिये 2024 के साथ-साथ इस साल होने वाले नौ राज्यों के विधानसभा चुनावों के वोटरों को भी साध लिया है।




### महिलाओं को मिली सौगात

बजट में महिला सम्मान बचत पत्र लाने का एलान किया गया है। इस योजना को दो साल के लिए लाया जा रहा है। इस योजना के तहत किसी महिला या लड़की के नाम पर दो लाख रुपये तक का एक बार में निवेश किया जा सकता है। इस योजना पर 7.5 फीसदी निश्चित ब्याज मिलेगा। इस योजना के तहत जमा राशि में से आंशिक निकासी का भी विकल्प मिलेगा। दरअसल, पीएम मोदी ने मंगलवार को बजट सत्र की शुरुआत के मौके पर ही कहा था कि उन्हें उम्मीद है कि निर्मला सीतारमण आम लोगों को ध्यान में रख कर बजट पेश करेंगी। जिस तरह से बजट में महिलाओं को ध्यान में रखा जा रहा है, ये बीजेपी के मिशन 2024 पर ही निशाना है। 2019 के आम चुनाव में महिला वोटरों ने जम कर बीजेपी के लिए वोट किया था। ऐसे में बीजेपी की तैयारी अपने कोर वोटर को कुछ फायदे के जरिये फिर से अपने पाले में बरकरार रखने की योजना है।

### किसानों को साधा

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि पीएम-किसान सम्मान निधि के तहत छोटे किसानों को 2.25 लाख करोड़ रुपये से अधिक की वित्तीय सहायता मुहैया करायी गयी है। इसके साथ ही करीब तीन करोड़ महिला किसानों को योजना के तहत 54 हजार करोड़ रुपये प्रदान किये गये हैं। इसके अलावा एग्रीटेक उद्योग को बढ़ावा देने के लिए भी बजट में प्रावधान किये गये हैं। किसानों को फसलों का पूरा लाभ देने के लिए कई योजनाएं शुरू करने की घोषणा की गयी है। दरअसल, वित्त मंत्री ने किसानों पर सौगात की बौछार करके एक बड़े वोट बैंक को साधने की कोशिश की है। पीएम मोदी को यह पता है कि 2024 के चुनाव में किसानों का साथ बीजेपी के लिए बेहद जरूरी है। ऐसे में उनके लिए योजनाओं की घोषणा के जरिये उन्हें साधने की कोशिश की गयी है।

### रोजगार से युवाओं को साधा

बजट में रोजगार के मौके पैदा करने के लिए छोटे और मंझोले उद्योगों को कई छूट देने की घोषणा की गयी है। इसके अलावा 47 लाख युवाओं को तीन साल तक भत्ता देने का भी एलान किया गया है। बजट में इन युवाओं को ग्लोबल स्तर की ट्रेनिंग दिलवाने का प्रस्ताव किया गया है। रोजगार की बात करके मोदी सरकार ने युवाओं को अपने साथ जोड़े रखने की पहल कर दी है। विपक्ष बेरोजगारी के मुद्दे पर ही मोदी सरकार को घेरता रहा है। बजट में रोजगार की बात करके निर्मला सीतारमण ने मोदी सरकार की एक बड़ी टेंशन को कम कर दिया है। रोजगार के जरिये ही मिशन 2024 को साधेगी मोदी सरकार।

### बजट से आदिवासियों को साधा

इस बार के बजट में जनजातीय समूहों के लिए भारी राशि आवंटित की गयी है। केंद्र सरकार ने अगले तीन वर्षों में विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों की सामाजिक आर्थिक स्थितियों में सुधार के लिए 15 हजार करोड़ रुपये के विकास कार्य शुरू करने की घोषणा की है। इसके साथ ही आदिवासी मामलों के मंत्रालय का बजटीय आवंटन बढ़ा कर 12,414.95 करोड़ रुपये कर दिया, जो पिछले वित्त वर्ष की तुलना में लगभग 48 फीसदी अधिक है। इस साल देश में नौ राज्यों में चुनाव है और सरकार के इस कदम को भी उससे जोड़ कर देखा जा रहा है। साल 2023 में नौ राज्यों-कर्नाटक, मध्यप्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़, तेलंगाना, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड और त्रिपुरा में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। इन चुनावों को 2024 के आम चुनाव के पहले का सेमीफाइनल माना जा रहा है। इनमें से कई राज्यों में जनजातीय आबादी की सरकार बनाने में अहम भूमिका होने वाली है। छत्तीसगढ़ और त्रिपुरा में 30 फीसदी से अधिक जनजातीय आबादी है। मेघालय और नागालैंड में 85 फीसदी से अधिक जनजातीय आबादी है, जबकि मिजोरम में 90 फीसदी जनजातीय आबादी है। चालू वित्त वर्ष में आदिवासी मामलों के मंत्रालय को 8,401.92 करोड़ रुपये आवंटित किये गये थे, जो बाद में संशोधित अनुमान में 7,281 करोड़ रुपये हो गये। वित्त मंत्री ने प्रधानमंत्री पीवीटीजी विकास मिशन के लिए 15 हजार करोड़ रुपये की घोषणा की, जो अगले तीन वर्षों में उपलब्ध कराये जायेंगे। पिछले साल, पीवीटीजी के विकास के लिए 252 करोड़ रुपये आवंटित किये गये थे। संशोधित अनुमान में इसे घटा कर 124.79 करोड़ रुपये कर दिया गया।

### एकलव्य मॉडल स्कूल से एसटी को साधने की कोशिश

बजट में अगले तीन साल में 3.5 लाख जनजातीय छात्रों के लिए चलाये जा रहे 740 एकलव्य मॉडल स्कूलों के लिए 38,800 अध्यापक और सहायक कर्मियों की नियुक्ति की जायेगी। इस घोषणा के जरिये बेरोजगार और अनुसूचित जाति के लोगों को साधने की कोशिश की गयी है। देश की पहली आदिवासी महिला राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की नियुक्ति के समय से ही बीजेपी आदिवासी वोटरों को लुभाने के लिए ताकत झोंक रही है। बजट में आदिवासियों के लिए योजना के जरिये बीजेपी ने देश की 50 से ज्यादा लोकसभा सीटों के लिए दांव चल दिया है।

### पीएम आवास योजना का दांव बड़ा है

बजट में पीएम आवास योजना के लिए राशि में 66 फीसदी की बढ़ोत्तरी की गयी है। इसे बढ़ा कर 79 हजार करोड़ कर दिया गया है। जाहिर तौर पर इस बढ़ोतरी का जिक्र बीजेपी 2024 के चुनाव में जरूर करेगी। गरीबों के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना, जो सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं में से एक है और सरकार जिसे 2024 तक पूरा करने का लक्ष्य बना कर चल रही है, उसमें बड़ी वृद्धि करते हुए इस बार के बजट में योजना के लिए 79,500 करोड़ रुपये आवंटित करने का एलान किया है, जो 2022-23 के बजट 48,000 करोड़ से 66 फीसद ज्यादा रखा गया है। इस योजना के तहत इस साल करीब 2.94 करोड़ गरीब लोगों को 2024 तक घर मुहैया कराने का लक्ष्य तय किया गया है। खास बात यह है कि इसमें से 2.12 करोड़ घरों का निर्माण पूरा हो चुका है और इन्हें गरीबों को सौंपा भी जा चुका है। मोदी सरकार का सपना भी है कि देश के हर व्यक्ति का अपना मकान हो। इस विजन को भी इससे बल मिलता है।

### जल जीवन मिशन

इसी तरह सरकार का दूसरा बड़ा लक्ष्य है जल जीवन मिशन, जिसके लिए 2023-24 में 70,000 करोड़ के बजट की घोषणा की गयी है। इस योजना के तहत देश के सभी 20 करोड़ परिवारों तक पीने का साफ पानी पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। इसकी तय सीमा ही 2024 रखी गयी है। जल जीवन मिशन के बजट को भी पिछले साल की तुलना में 60,000 करोड़ से बढ़ा कर 70,000 करोड़ किया गया है। योजना के तहत अब तक करीब 11 करोड़ लोगों को पीने का साफ जल मुहैया कराया जा चुका है। यह संख्या 2019 में मात्र तीन करोड़ थी। यह वह योजना है, जो 2024 में भाजपा के लिए चुनाव का रुख बदल सकती है।

### नौकरीपेशा वालों की बल्ले-बल्ले

बजट में नौकरी पेशा वालों के लिए विशेष राहत की घोषणा कर-के मोदी सरकार ने एक बहुत बड़े वर्ग को अपनी ओर आकर्षित किया है। जाहिर है, आठ साल बाद उन्हें मिली बड़ी राहत से उनका झुकाव सरकार की तरफ होगा और इसका निश्चित रूप से लाभ भाजपा को मिलेगा। इस तरह इस बजट से साफ हो जाता है कि इस 'अमृत बजट' को यूं ही नहीं सामने लाया गया है, बल्कि इससे 2024 का एजेंडा भी तय कर दिया गया है।

---

## मुख्यमंत्री की पहल : पीडीएस सशक्तिकरण पखवाड़ा शुरू

# 20 लाख अतिरिक्त लोगों को अन्न का अधिकार देने की ओर अग्रसर सरकार

**मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजनान्तगर्त शत प्रतिशत जरूरतमंदों को जोड़ने का मिला निर्देश**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के आदेश के उपरांत अन्न के अधिकार से वंचित सभी जरूरतमंदों को राशन कार्ड उपलब्ध कराने की गति को तेज का दिया गया है। इसके लिए पीडीएस सशक्तिकरण पखवाड़ा का आयोजन राज्य भर में एक से 14 फरवरी 2023 तक आयोजित किया गया है। इसके तहत राशनकार्ड में आधार सुधार संबंधित कार्य, एक व्यक्ति का कई राशनकार्ड में दर्ज नाम को विलोपन की कार्रवाई, राशनकार्ड में मृत व्यक्तियों का नाम हटाने, अपवाद पंजी से खाद्यान्न प्राप्त करने वाले लाभुकों के चिह्नितीकरण की कार्रवाई, डुप्लीकेट आधार संख्या का सत्यापन, विगत छह माह या अधिक अवधि से खाद्यान्न उठाव न करने वाले लाभुकों का भौतिक सत्यापन, दाल-भात केंद्र के लाभुकों को दाल-भात ऐप्स के माध्यम से भोजन और ऑफलाईन डीलर को ऑनलाईन में परिवर्तन करने की कार्रवाई की जा रही है।

**मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना का भी मिलेगा लाभ :** मुख्यमंत्री



के आदेश पर ना सिर्फ पीडीएस सशक्तिकरण पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है, बल्कि आयुष्मान भारत मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजनान्तगर्त आच्छादित लाभुकों के ई- केवासी के माध्यम से त्वरित गति से निःशुल्क आयुष्मान कार्ड बनाने हेतु निर्देशित किया गया है। इसके लिए एक से 15 फरवरी 2023 तक प्रज्ञा केन्द्र के माध्यम से कैम्प आयोजित कर आयुष्मान भारत मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजनांतगर्त आच्छादित लाभुकों का ई-केवाइसी के माध्यम से निःशुल्क आयुष्मान कार्ड बनवाना सुनिश्चित होगा। इसके लिए प्रत्येक दिन लगातार कैंप का आयोजन किया जायेगा। जो परिवार गुलाबी / पीला / हरा राशन कार्डधारी होंगे, ऐसे परिवार आयुष्मान भारत अंतर्गत आयुष्मान कार्ड के लिए योग्य होंगे। लाभुक के निबंधन हेतु प्रज्ञा केंद्र में आधार कार्ड, राशन कार्ड एवं मोबाइल नंबर के साथ उपास्थित होना आवश्यक होगा।

**ये करेंगे कार्ड बनवाने और शिविर लगवाने में सहयोग :** इस कार्य में सहिया, राशन डीलरो, स्वयं सहायता समूह की महिलाएं, सेविका एवं अन्य अधिक से अधिक योग्य परिवारों को कैंप में लाना सुनिश्चित करेंगे। सभी प्रज्ञा केन्द्रों को प्रतिदिन कम से कम 50 योग्य परिवारों के निबंधन का लक्ष्य निर्धारित है। सहिया, राशन डीलरों, स्वयं सहायता समूह की महिलाए, सेविका व अन्य कार्ड बनवाने में असमर्थ कम से कम 15 लोगों को प्रतिदिन निकतम प्रज्ञा केन्द्रों में लेकर जाना सुनिश्चित करेंगे। प्रखंड विकास पदाधिकारी सभी पंचायतो में कैंप आयोजन हेतु आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे।

---

# बोकारो के दातू में अधिग्रहित भूमि का मुआवजा भुगतान किसी और को

**भारतमाला परियोजना एक्सप्रेस के लिए अधिग्रहण**

**अब पैसा वापस करने का नोटिस भी जारी**

**जमीन मालिक परेशान लगा रहे हैं गुहार**

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो जिला के कसमार अंचल के धातु गांव निवासी उमेश नायक न्याय के लिए गुहार लगा रहे हैं। सरकार की ओर से जमीन अधिग्रहित की गई और 80 लाख रुपये का भुगतान भी वंशजो के बीच बांटवारा के बीणा दूसरे पार्टी को कर दिया गया। जबकि जिस भूमि का अधिग्रहण हुआ है। उसका कोई बंटवारा परिवार के बीच नहीं हुआ है। इसमें अंचल के अमीन, सीआई और कानूनगों की भूमिका पर सवाल खड़ा करते हुए धातु निवासी उमेश नायक ने न्याय की गुहार लगायी है। हद तो तब हो गया जब बटवारा के लिए तेनुघाट के न्यायालय में वाद संख्या 71/2013 चल रहा है। इसमें फैसला आने के पहले ही पैसे का भुगतान हुआ है। जमीन का अधिग्रहण बोकारो से ओरमांझी सड़क को सिक्स लेन करने के लिए किया गया है। भारतमाला परियोजना एक्सप्रेस के तहत इस जमीन का अधिग्रहण हुआ है।

### क्या है मामला

दातू गांव के खाता संख्या 31 प्लॉट संख्या 730 जिसका कुल रकबा 1 एकड़ 44 डिसमिल है। इसमें नंदलाल तेली के नाम से खतियान में नाम दर्ज है। इसी में से 1 एकड़ 22 डिसमिल जमीन का अधिग्रहण सड़क निर्माण के लिए होना है। परिवार के बीच बटवारा के लिए तेनुघाट न्यायालय में मामला लंबित है। नियमानुसार वंशजों के बीच जब तक जमीन का बंटवारा नहीं हो जाता तब तक पैसे का भुगतान नहीं किया जाना चाहिए था। इसके बावजूद 80 लाख रूपये का भुगतान कर दिया गया। जमीन के मालिक उमेश नायक जिला प्रशासन कई बड़े अधिकारियों को पत्र लिखकर पैसा भुगतान पर रोक लगाने की मांग की थी।

---

# चाइबासा में आइइडी ब्लास्ट में घायल तीन जवान रांची एयरलिफ्ट, मेडिका में भर्ती

आजाद सिपाही संवाददाता

**चाईबासा।** पश्चिम सिंहभूम (चाईबासा) जिले के गोइलकेरा थाना क्षेत्र के नेरालगदा और हाथीबुरू जंगल में गुरुवार को सर्च अभियान के दौरान हुए आइइडी विस्फोट में घायल तीन जवानों को एयरलिफ्ट कर रांची लाया गया है। उन्हें मेडिका अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायल जवानों में सीआरपीएफ 60 बटालियन के राकेश पाठक, अनल, पंकज यादव हैं। तीनों जवानों को हेलीकॉप्टर से तत्काल प्राथमिकी उपचार के बाद रांची लाया गया। खेल गांव से तीनों जवानों को एंबुलेंस से मेडिका अस्पताल ले जाया गया। तीनों जवानों की हालत स्थिर है। आइजी अभियान एवी होमकर ने बताया कि प्रतिबंधित भाकपा माओवादी नक्सली संगठन के शीर्ष नेता मिसिर बेसरा, अनमोल, मोछू, चमन, कांडे अजय महतो, सागेन अंगरिया, अश्विन अपने दस्ते के साथ कोल्हान क्षेत्र में विध्वंसक गतिविधि के लिए भ्रमणशील हैं। इसकी सूचना के बाद चाईबासा पुलिस, कोबरा 209 बटालियन, 203 बटालियन, 205 बटालियन, झारखंड जगुआर और सीआरपीएफ 60 बटालियन की टीमों का एक संयुक्त अभियान दल गठित कर लगातार अभियान संचालित किया जा रहा है। अभियान के दौरान नक्सलियों ने सुरक्षा बलों को निशाना बनाने के लिए आइइडी विस्फोट किया। विस्फोट में तीन जवान घायल हुए हैं। इलाके में सर्च अभियान जारी है।

---

# नियमितीकरण-वेतनमान की मांग को लेकर मनरेगा कर्मियों का धरना

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** गुरुवार को झारखंड राज्य मनरेगा कर्मचारी संघ के सदस्य नियमितीकरण और वेतनमान को लेकर राजभवन गेट के सामने एक दिवसीय धरने पर बैठे। इस धरने में हजारों मनरेगा कर्मी शामिल रहे। मौके पर रांची जिला अध्यक्ष संजय प्रमाणिक ने कहा कि आज ही के दिन राज्य में मनरेगा योजना को लागू किया गया था। संजय प्रमाणिक ने कहा कि एक ओर सरकार मनरेगा दिवस मना रही है, दूसरी तरफ हजारों मनरेगा कर्मी अपनी मांगों को लेकर आंदोलन करने पर विवश हैं। आरोप लगाया कि मनरेगा में काम करते हुए 15 साल हो गये हैं, लेकिन अभी तक नियमितीकरण और वेतनमान निर्धारित नहीं किया गया है। सरकार नयी सेवा शर्त नियमावली बनाये। मौके पर रातू प्रखंड अध्यक्ष नरेंद्र कुमार, प्रदेश अध्यक्ष जोन पीटर बागे, नगड़ी प्रखंड अध्यक्ष मोहम्मद मुरताज, राजेश पांडेय, सुनिता खलखो, राजेन्द्र महतो, रीता तिर्की, सरिता खलखो उपस्थित थे।

www.epaper.azadsipahi.in

03 फरवरी, 2023
माघ, शुक्ल पक्ष, त्रयोदशी
संवत 2079
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
शुक्रवार, वर्ष 08, अंक 106

मुंबई को मिलेगा दो नयी वंदे भारत एक्सप्रेस का तोहफा, मोदी 10 फरवरी को करेंगे उद्घाटन









### हिंडनबर्ग रिपोर्ट के बाद आया आदेश, संसद में भी हुआ हंगामा

# आरबीआइ ने बैंकों से मांगा अडाणी समूह के कर्ज और निवेश का ब्योरा

- विपक्ष ने कहा- संसद या सुप्रीम कोर्ट की कमेटी जांच करे

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआइ) ने देश के बैंकों से अडाणी समूह में उनके एक्पोजर की जानकारी मांगी है। सरकार और बैंकिंग क्षेत्र के सूत्रों के हवाले से कहा गया है कि केंद्रीय बैंक ने विभिन्न घरेलू बैंकों से अडाणी समूह में उनके निवेश और ऋणों के के बारे में जानकारी देने को कहा है। उधर, संसद में विपक्ष ने इस मामले को लेकर हंगामा किया। दोनों सदनों की कार्यवाही स्थगित की गयी। विपक्ष ने इस मामले की जांच संसद या सुप्रीम कोर्ट की कमेटी से कराने की मांग की है।



### अडाणी समूह के शेयरों में गिरावट

आरबीआइ ने यह कदम वर्तमान में जारी अडाणी समूह के शेयरों में उठा-पटक के बाद लिया है। बीते दिन ही अडाणी समूह ने अपना एफपीओ वापस ले लिया था। गुरुवार की सुबह शेयर बाजार खुलने के बाद अडाणी समूह के शेयरों में बड़ी गिरावट देखने को मिली है। माना जा रहा है कि केंद्रीय बैंक विभिन्न बैंकों से अडाणी समूह में उनकी ओर से दिये गये ऋण और निवेश की जानकारी लेकर यह सुनिश्चित करना चाहता है कि अडाणी के शेयरों में ताजा उठा-पटक के माहौल के बीच बैंकों की वित्तीय स्थिति ठीक बनी रहे। बता दें कि अडाणी समूह पर हिंडनबर्ग की रिपोर्ट सार्वजनिक होने के बाद कंपनी के शेयरों में भारी गिरावट दर्ज की गयी है। इस बीच अडाणी समूह ने अपना एफपीओ भी वापस लेने का फैसला कर लिया है।

### संसद में हुआ हंगामा

अडाणी ग्रुप पर हिंडनबर्ग की रिपोर्ट को लेकर गुरुवार को संसद में जमकर हंगामा हुआ। कांग्रेस समेत 13 विपक्षी पार्टियों ने कहा कि हिंडनबर्ग रिपोर्ट पर संसद में चर्चा हो। पूरे विपक्ष ने अडाणी ग्रुप के वित्तीय लेनदेन की जांच संसदीय पैनल या सुप्रीम कोर्ट की कमेटी से कराने की मांग की। इस मुद्दे पर हंगामे के चलते लोकसभा और राज्यसभा को कार्यवाही शुरू होते ही पहले दोपहर 2 बजे तक और फिर अगले दिन तक के लिए स्थगित करना पड़ा।

# दुमका में झामुमो के स्थापना दिवस कार्यक्रम में हेमंत ने दिखायी ताकत

- रैली में हजारों की संख्या में शामिल हुए कार्यकर्ता
- पार्टी सुप्रीमो शिबू सोरेन भी जनता के बीच पहुंचे

आजाद सिपाही संवाददाता

**दुमका।** झामुमो अपना 44 वां स्थापना दिवस समारोह झारखंड दिवस के रूप में 2 फरवरी को मना रहा है। समारोह का मुख्य आयोजन दुमका के गांधी मैदान में किया गया है। कार्यक्रम से पहले मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रैली के जरिए अपनी ताकत की झलक दिखा दी। गांधी मैदान में समारोह शुरू होने से पहले पार्टी के हजारों कार्यकर्ताओं ने एसपी कॉलेज मैदान से जुलूस निकाला। जुलूस में शामिल होने के लिए संथाल परगना प्रमंडल के दूरस्थ इलाके से हजारों कार्यकर्ता एसपी कॉलेज मैदान में जुटे। फिर वहां से जुलूस की शक्ल में शहर के मुख्य मार्ग होते हुए गांधी मैदान पहुंचे। कार्यक्रम देर रात तक चलेगा। पार्टी सुप्रीमो शिबू सोरेन, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन समेत पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेता दुमका पहुंच चुके हैं। वे सभी कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं से मुखातिब होंगे।

### जनता की समस्या का समाधान प्राथमिकता: हेमंत



दुमका। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा है कि जनहित से जुड़ी समस्याओं का तत्परता के साथ समाधान करना सरकार की प्राथमिकता है। मेरी हमेशा कोशिश होती है कि जनता से मुलाकात और सीधा संवाद कर उनकी परेशानियों को समझें, ताकि उसके निराकरण की दिशा में पहल की जा सके। मुख्यमंत्री गुरुवार को दुमका के खिजुरिया स्थित अपने आवास पर मुलाकात करने आये लोगों से बात कर रहे थे। इस मौके पर लोगों ने अपनी समस्याओं से मुख्यमंत्री को अवगत कराया। हेमंत सोरेन ने लोगों को भरोसा दिलाया कि आपने यहां जो समस्याएं रखी हैं, उसके शीघ्र निराकरण की दिशा में सभी आवश्यक कदम उठाये जायेंगे। लोगों ने भी मुख्यमंत्री की तारीफ करते हुए कहा कि सरकार उनकी उम्मीदों और आकांक्षाओं के अनुरूप कार्य कर रही है।

झामुमो सुप्रीमो शिबू सोरेन और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पार्टी के स्थापना दिवस समारोह में भाग लेने के लिए दोपहर तीन बजे हेलीकॉप्टर से दुमका पहुंचे। मुक्यमंत्री को जिला प्रशासन ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया।

इसके बाद मुख्यमंत्री दुमका के खजुरिया स्थित अपने आवास चले गये। देर शाम पिता शिबू सोरेन के साथ वह स्थापना दिवस कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे। यह समारोह देर रात तक चलेगा। दुमका के गांधी मैदान में मनाये जाने वाले मध्य रात्रिकालीन स्थापना दिवस कार्यक्रम से झारखंड मुक्ति मोर्चा को हमेशा एक बड़ा बल मिलता रहा है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन यहां भाजपा और विपक्ष पर निशाना साधने से नहीं चूकेंगे। सरकार के तीन साल के कामकाज से भी कार्यकर्ताओं को अवगत करायेंगे।



## श्री दिगंबर जैन समाज की बैठक में जैन महिला जागृति का गठन



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** शहर के मेन रोड स्थित श्री दिगंबर जैन भवन में गुरुवार को जैन समाज की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता समाज के अध्यक्ष मानिकचंद जैन पाटनी व संचालन संयुक्त मंत्री नरेंद्र छाबड़ा ने किया। इस दौरान बैठक में समाज हित को लेकर कई मुद्दों पर विचार विमर्श किया गया। बैठक के उपरांत जैन महिला जागृति का गठन किया गया। जिसमें, अध्यक्ष अरुणा जैन, सचिव खुशबू चूड़ीवाल, कोषाध्यक्ष ममता गंगवाल के नामों की घोषणा की गई। मौके पर समाज के अध्यक्ष मानिकचंद जैन पाटनी ने कहा कि जैन महिला जागृति का गठन होने से समाज की महिलाएं समाज हित के लिए निरंतर कार्य करेगी। उन्होंने जैन महिला जागृति संघ के पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर अशोक सेठी, सुभाष पाटनी, विकास सेठी, मीडिया प्रभारी राहुल जैन सहित समाज के कई लोग उपस्थित थे।

## श्री शिव हनुमान जलाराम मंदिर में सामूहिक रूप से सुंदरकांड पाठ का आयोजन कल

**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** भारत विकास परिषद राजा राममोहन राय शाखा के तत्वधान में आगामी 4 फरवरी शहर के बिजुलिया स्थित श्री शिव हनुमान जलाराम मंदिर में श्री सुंदरकांड सामूहिक पाठ का भव्य आयोजन किया जाएगा। परिषद ने सुंदरकांड पाठ में शामिल होने के लिए जिले के लोगों को आह्वान किया है। उक्त बातों की जानकारी गुरुवार को परिषद ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी है।

## शाकद्वीपीय ब्राह्मण ने सती देवी के निधन पर शोक व्यक्त किया

**गोला (आजाद सिपाही)।** गोला हाइ स्कूल में शिक्षक रहे क्षेत्र के प्रसिद्ध प्रकांड विद्वान क्षेत्र के वरिष्ठ पत्रकार मनोज मिश्र के मौसेरे बड़े भाई स्व श्याम नारायण मिश्र (पंडित जी) की धर्मपत्नी सती देवी आज सुबह बैकुंठधाम की ओर अनन्त यात्रा में प्रस्थान कर गयी। बताते चले कि 17 जनवरी को उनका अपने गोला के हेरमदगा स्थित आवास में हार्ट अटैक हुआ था। तत्पश्चात उनका इलाज रांची के मेडिका अस्पताल में किया गया। कुछ दिन इलाज कराने के बाद वे अपनी द्वितीय पुत्री अर्चना मिश्रा के सांडी-रामगढ़ स्थित आवास में स्वास्थ्य लाभ ले रही थी, जहां आज सुबह उनका हृदय गति रुक जाने से निधन हो गया। वे अपने पीछे चार पुत्री वीणा मिश्रा, अर्चना मिश्रा, उपासना मिश्रा और वंदना मिश्रा सहित अपने पुत्रियों का भरा पूरा परिवार को छोड़ गयी। गुरुवार को स्वर्गीय सती देवी का अंतिम संस्कार गोमती नदी के मुक्तिधाम में किया गया। भतीजा विद्या भूषण मिश्र ने अपनी चाची को मुखाग्नि दी। स्वर्गीय सती देवी के निधन पर शाकद्वीपीय ब्राह्मण समाज गोला के प्रतिनिधि सदस्यों, विभिन्न सामाजिक संगठन के लोगों ने गहरा दु:ख व्यक्त कर श्रद्धांजलि अर्पित की है। बच्चन प्रजापति, मनोज मिश्र, कुंवर कुमार बख्शी, अक्षय कुमार अग्रवाल, प्रदीप चंद्र लाला, लखन प्रसाद अग्रवाल, शिव प्रकाश, अनिल पाठक, कृष्ण बल्लभ पाठक, रमेश चंद्र पोद्दार, सुशील कुमार बुधिया, राजू सिन्हा, अजय पाठक, नारायण महतो, अर्जुन मिश्र, पंकज कुमार मिश्र, प्रमोद मिश्र, विनोद मिश्रा, टून अग्रवाल, मौजी लाल, बबलू सिन्हा ने निधन पर शोक व्यक्त की है।

## कोफिमयू ने सीसीएल कर्मी के निधन पर पटेलनगर में की शोकसभा



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** भुरकुंडा कोलियरी के माईन बी में ट्रामर पद पर कार्यरत सीसीएलकर्मी सह सेन्ट्रल सौन्दा निवासी चन्द्रदेव भुंइया के निधन पर गुरूवार को कोलफिल्ड मजदूर यूनियन भुरकुंडा शाखा द्वारा पटेलनगर भुरकुंडा स्थित यूनियन कार्यालय में शोकसभा का आयोजन किया गया। इस दौरान दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन धारण कर ईष्वर से प्रार्थना की गई। कहा गया कि चन्द्रदेव भुंइया कोलफिल्ड मजदूर यूनियन के सक्रिय सदस्य थें। उनकी कमी यूनियन का हमेशा खलेगी। मालूम हो कि चन्द्रदेव भुंइया का डियूटी के दौरान हृदय गति रूक जाने से बुधवार को मौत हो गया था। इसके बाद कोफिमयू व अन्य यूनियनों के पहल पर सीसीएल प्रबंधन द्वारा स्व. चन्द्रदेव भुंइया की पत्नी भुनेश्वरी देवी को प्रोविजनल ज्वाइनिंग लेटर, एलसीएस का 125000 रूपया और तत्काल राहत के लिए 75000 का चेक दिया है। शोक प्रकट करने वालो में यूनियन के केंद्रीय सचिव उदय कुमार सिंह, केंद्रीय कार्यकारिणी सदस्य सह भुरकुंडा शाखा सचिव पप्पू सिंह, मनोज कुमार, अशोक गुप्ता, रमाकांत दुबे, सुधीर सिंह, बेलो शर्मा, आसीत साहू, मनोज कुमार सिंह, राजाराम बेदिया, एसएम राजकुमार, मनोज राम, हरिहर टुडू, राम हरि, बिनोद भगत, बाबूनन्दन प्रसाद, मनाराम मांझी सहित कई लोग शामिल थें।

## बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए स्कूल प्रबंधन उठाता रहेगा हर सार्थक कदम : अवधेश सिंह




**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** पटेलनगर स्थित अनमोल बचपन प्ले स्कूल और एसएससी कोचिंग सेंटर का गुरूवार को धूमधाम से स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत कोचिंग के निदेशक अवधेश कुमार सिंह और स्कूल के शिक्षकों ने संयुक्त रूप दीप प्रज्वलित कर व केक काट कर किया। इस दौरान स्कूल के बच्चों के बीच मिठाई व चॉकलेट का वितरण किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संस्था के निदेशक अवधेश कुमार सिंह ने बताया कि स्थापना दिवस के अवसर पर अनमोल बचपन में क्लास नर्सरी से पांचवी तक एडमिशन पर ऐडमिशन चार्ज फ्री, पीपुल फंड री एडमिशन सहित अन्य शुल्क नहीं लगेगा। वैसे बच्चे जिनके माता पिता का कोरोना में निधन हो गया है उनके बच्चों को नि:शुल्क एडमिशन रहेगा। उन्होंने बताया कि वैसे छात्र जो पैसे का अभाव में नहीं पढ़ पा रहे हैं उन छात्रों के लिए मात्र 500 महीना में नर्सरी से पांचवीं तक की उच्च शिक्षा दी जायेगी। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के अंतर्गत पूरे वर्ष भर बेटियों के एडमिशन पर 20 प्रतिशत की छूट रहेगी। मौके पर कोचिंग के शिक्षक संतोष कुमार, अमित प्रकाश, रामजीवन कुमार, मुकेश कुमार, अनमोल बचपन प्ले स्कूल की शिक्षिका उर्मिला कुमारी, जयश्री गोस्वामी, नमिता मिश्रा, काजल कुमारी, भूमि कुमारी, ममता कुमारी, सुशीला एंथोनी, निधि सिंह सहित अन्य शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद थे।

## झामुमो पतरातू प्रखंड कमेटी की भुरकुंडा में हुई बैठक



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** झारखंड मुक्ति मोर्चा पतरातू प्रखंड कमेटी की बैठक गुरूवार को भुरकुंडा पार्टी कार्यालय में हुई। इसकी अध्यक्षता राजेन्द्र बेदिया व संचालन उदय अग्रवाल ने किया। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि पार्टी के केंद्रीय सचिव संजीव कुमार बेदिया उपस्थित थें। मौके पर मुख्य अतिथि संजीव बेदिया ने कहा कि रामगढ़ उपचुनाव में यूपीए गठबंधन के उम्मीदवार भारी मतों से जीत सुनिश्चित करने के लिए अभी से ही झामुमो कार्यकर्ता जुट जाएं। उन्होंने कार्यकताओं से आगामी 10 फरवरी तक पतरातू प्रखंड के 42 पंचायतों में कमेटी का गठन करने की भी बात कही। उन्होंने कहा कि सीएम हेमंत सोरेन के कार्यकाल में सबों लाभ मिल रहा है। मौके पर रोहन बेदिया, हरिलाल बेदिया, संजय वर्मा, मुकेश राउत, बिरेंद्र यादव, आजाद अंसारी, योगेंद्र यादव, उदय मालाकार, मुमताज अंसारी, बिहारी बड़ाईक, टिंकु बेदिया, मुकेश बेदिया, इसलाम अंसारी, शौकत अंसारी, सुखलाल मांझी, तुला खान सहित झामुमो के दर्जनों लोग मौजूद थें।

# राजकीय इटखोरी महोत्सव को लेकर तैयारी शुरू

## एसडीओ ने कार्यों का लिया जायजा, दिये कई निर्देश

## मंदिर मुख्य द्वार में रंग रोगन व परिसर में साफ-सफाई

**अजय चौरसिया**

**चतरा ।** राजकीय इटखोरी महोत्सव की तैयारियां अब धीरे-धीरे जोर पकड़ने लगी है। महोत्सव के आयोजन को लेकर किए जा रहे कार्यों जिला प्रशासनिक समीक्षा हो रही है। गुरुवार को अनुमंडल पदाधिकारी सह भद्रकाली मंदिर प्रबंधन अध्यक्ष मुमताज अंसारी ने मां भद्रकाली मंदिर पहुंचकर राजकीय इटखोरी महोत्सव की तैयारियों का जायजा लिया। उनके साथ जिला निर्वाचन पदाधिकारी पूर्णिमा सिन्हा मौजूद थी। एसडीएम ने मंदिर परिसर में चल रहे रंग रोगन तथा





मरम्मत के कार्य का निरीक्षण करने के पश्चात इटखोरी महोत्सव के मुख्य स्थल, सेमिनार स्थल व हैलीपैड समेत का जायजा लिया। अनुमंडल पदाधिकारी मंदिर परिसर में नवनिर्मित जिला परिषद के डाकबंगला को भी देखने गए। मंदिर परिसर का जायजा लेने के दौरान अनुमंडल पदाधिकारी ने स्थानीय प्रखंड विकास पदाधिकारी अन्वेषा ओना, अंचल अधिकारी राम विनय शर्मा तथा मौके पर मौजूद महोत्सव आयोजन समिति के सदस्य रतन शर्मा, संजय सोनी, सुधीर राय आदि को महोत्सव की तैयारियों से संबंधित आवश्यक दिशा निर्देश भी दिया। जिला परिषद के डाक बंगला के संचालक को 18 फरवरी से लेकर 21 फरवरी तक डाक बंगला का बुकिंग नहीं करने का निर्देश दिया गया। ताकि महोत्सव में आगंतुक अतिथियों को डाक बंगला में ठहराया जा सकें। अनुमंडल पदाधिकारी ने बताया कि महोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रम को लेकर कलाकारों का चयन अंतिम चरण में है। मंदिर के मुख्य द्वार के रंगाई शुरू कर दी गई है। साथ ही सभी मंदिर व चारदीवारी की रंगाई चलता रहेगा।

# सड़क सुरक्षा के प्रति स्कूली छात्रों को किया गया जागरूक

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रामगढ़।** सड़क दुर्घटनाओं में हो रही मौतों को कम करने के लिए झारखंड सरकार ने व्यापक रूप से जागरूकता अभियान शुरू किया है। दुर्घटना में घायल होने वाले लोगों को तत्काल मदद मिले इसके लिए प्रोत्साहन राशि की घोषणा भी की है। गुरुवार को रामगढ़ शहर के छावनी परिषद बालिका मध्य विद्यालय में परिवहन विभाग और यातायात पुलिस के संयुक्त तत्वाधान में जागरूकता अभियान चलाया गया। इसका मकसद यह था कि बच्चे सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक रहें और वे अपने परिजनों को भी सजग रखें। बाइक पर सवार व्यक्ति हेलमेट का प्रयोग करें और फोर व्हीलर सीट बेल्ट का प्रयोग करें तो सड़क दुर्घटना में होने वाली मौत की संख्या काफी



हद तक घट सकती है। अभियान के दौरान बच्चों को सड़क सुरक्षा के प्रति शपथ दिलाई गयी।

**दुर्घटना के पहले घंटे में पहुंचने वाली मदद इंसान की जान बचाती है : विक्की आनंद**

जागरूकता अभियान में जिला परिवहन विभाग के रोड सेफ्टी मैनेजर विक्की आनंद ने स्कूली छात्रों को बताया कि दुर्घटना के पहले घंटे में पहुंचने वाली मदद इंसान की जान बचाती है। उन्होंने कहा कि जिस वक्त एक्सीडेंट होता है उसके अगले 1 घंटे को गोल्डन आवर के रूप में माना जाता है। यदि 1 घंटे के भीतर घायल व्यक्ति अस्पताल पहुंच जाए तो उसकी जान बचने के चांस काफी अधिक होते हैं। इसलिए झारखंड सरकार ने गुड सेमेरिटन पॉलिसी लागू की है।

**1 घंटे के भीतर अस्पताल पहुंचाने वाले व्यक्ति को 2000 का पुरस्कार मिलेगा**

रोड सेफ्टी मैनेजर विकी आनंद ने बताया कि गोल्डन आवर में घायल व्यक्ति को अस्पताल पहुंचाने वाले मददगार को गुड सेमेरिटन पुरस्कार के रुप में 2 हजार रुपया की राशि दी जाएगी। यदि किसी घायल को गोल्डन आवर में गुड सेमेरिटन अस्पताल पहुंचाते हैं तो दोनों व्यक्तियों को 2-2 हजार रुपये की पुरस्कार राशि दी जाएगी। यदि 2 से अधिक गुड सेमेरिटन घायल व्यक्ति को गोल्डन आवर में अस्पताल पहुंचाते हैं तो सरकार द्वारा प्रदत 5000 पुरस्कार राशि को उन सभी के बीच समान रूप से बांटा जाएगा।

**कार्यक्रम में ये थे उपस्थित**

सब इंस्पेक्टर सफीउल्लाह अंसारी, स्कूल के प्राचार्य गोविंद महतो, एएसआई, विजय कुमार, एएसआई शंकर कुमार, विकास कुमार, विपुल कुमार, प्रताप सिंह, मुकेश कुमार मीणा, शिक्षक योगेंद्र प्रसाद वर्मा, मुकेश कुमार मेहता, सुधीर सिंह सहित कई लोग उपस्थित थे।

# दर्जनों लोगों ने थामा कांग्रेस पार्टी का दामन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रामगढ़।** जिले में विधानसभा उपचुनाव को लेकर कांग्रेस पार्टी ने अपनी ताकत दिखानी शुरू कर दी है। गुरुवार को रामगढ़ शहर के वार्ड नंबर 5 शिबू कॉलोनी में दर्जनों लोगों ने कांग्रेस पार्टी का दामन थामा। इस मौके पर मौजूद बजरंग महतो ने अपनी विधायक रही पत्नी ममता देवी के कार्यों को भी याद किया। उन्होंने कहा कि ममता देवी जैसी साधारण महिला को कांग्रेस पार्टी में विधायक बनाया है तो ममता देवी भी जनता की आवाज बनी रही। एक बड़ी साजिश के



तहत ममता देवी को सजा दिलाई गयी है। अब रामगढ़ की जनता एक बार फिर तय करेगी की रामगढ़ में कांग्रेस का परचम लहराएगा।

**कांग्रेस पार्टी में शामिल लोगों का किया गया स्वागत**

मिलन समारोह की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष मुन्ना पासवान व संचालन संजय साव ने किया। जिसमें सागर राम, राव राम, मोहन राम के नेतृत्व में दूसरे दलों को छोड़ महिला पुरुष कांग्रेस पार्टी में शामिल हुए। जिनका, जिलाध्यक्ष ने माला पहना कर पार्टी में स्वागत किया। जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में शामिल हुए प्रदेश महासचिव बलजीत सिंह बेदी, जवाहर बाल मंच के चीफ कॉर्डिनेटर तारिक अनवर, जिला प्रवक्ता मुकेश यादव, नगर अध्यक्ष बलराम साहू, मना मंसूरी, सजाद खान, गौरीशंकर महतो, कमलेश कुमार महतो, माणिक पटेल, तस्लीम अहमद, रवि कुमार, सनी, मुकेश साहित कई लोग शामिल थे।

## एनडीआरएफ ने मॉक ड्रिल की इजाजत मांगी



**चतरा (आजाद सिपाही)।** पटना एनडीआरएफ की टीम ने गुरुवार को उपायुक्त अबु इमरान से मिल जिले के टण्डवा क्षेत्र में मॉक ड्रिल चलाने को लेकर अनुमति मांगी। जिसपर उपायुक्त ने कहा कि टण्डवा क्षेत्र में अधिकतर खनन और फैक्ट्री है इसलिए इस क्षेत्र में मॉक ड्रिल चलाने की आवश्यकता है। बताते चले कि यह मॉक ड्रिल जहरीली गैसों, रसायण से बचाव के संबंध में किया जाएगा।

# 2023 के बजट को भाजपाइयों ने की सराहना विपक्षियों ने नकाराते हुए बताया लोक लुभावन

## बजट पर लोगों ने दी अपनी-अपनी प्रतिक्रियाएं



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुरकुंडा।** मोदी सरकार की वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किए गए बजट 2023 पर कोयलांचल के लोगों ने अपनी-अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। जहां भाजपाईयों ने बजट को सराहा है तो वहीं विपक्षी नेताओं ने इसे लोक लुभावन बताया है। भाजपाईयों का कहना है कि यह बजट जनहित में है। इसमें सबों के हितों का ख्याल रखा गया है। यह बजट देश के लिए आने वाले दिनों में मील का पत्थर साबित होगा। इस बजट से किसान व गरीबों को विशेष फायदा पहुंचेगी। साथ ही देश की अर्थव्यवस्था को भी मजबुत करेगी। इस बजट में मध्यम वर्ग पर भी विशेष ध्यान रखा गया है। यह बजट देश में रोजगार का नया अवसर देगा। वहीं विपक्षियों का कहना है कि यह बजट अमीरों के हित में है। इसमें किसानों व गरीबों को कुछ विशेष नहीं मिला है। वित्त मंत्री द्वारा पेश की गयी बजट पर कोयलांचल के लोगों ने विभिन्न-विभिन्न प्रकार की प्रतिक्रियाएं व्यक्त किये हैं। अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए भाजपा भदानीनगर मंडल उपाध्यक्ष अनूप ठाकुर ने बजट को सराहते हुए कहा कि यह बजट आने वाले समय में देश को एक नई उर्जा देगा। साथ ही इससे विकास की गति और तेज होगी। उन्होंने कहा कि बजट में गांव, गरीब, किसान के समेकित विकास के लिए विशेष प्रवधान किया गया है। यहदेश को आर्थिक रूप से मजबूत करने एवं भारत को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में निरंतर आगे बढ़ाने के लिये पीएम मोदी एवं वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के प्रति आभार व्यक्त किया है।

### विकास के लिए यह बजट खास है : अर्चना देवी



जिला पार्षद अर्चना देवी ने इस बजट के बारे में कहा की इस बजट विकाश होगा और लोगो को काफी फायदा होगा।

### अमृतकाल का यह बजट विकसित भारत की नींव को मजबूत करेगा : अमरेश सिंह




बजट पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए भाजपा नेता अमरेश सिंह ने कहा कि यह बजट मध्यम व गरीबों के लिए बड़ी राहतभरी है। साथ ही इसमें मध्यम वर्ग का विशेष ख्याल रखा गया है। उन्होंने कहा कि बजट में शहरों के विकास सहित विमानन, सड़क, गांव, कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य, गरीब, किसान के समेकित विकास पर बल दिया गया है, इस सर्वस्पर्शी बजट से रोजगार के अवसरों में काफी बढ़ोतरी होगी, शहरों और गांवो का तेजी से विकास होगा, जिससे भारत आर्थिक रूप से मजबूत और आत्मनिर्भर बनाने में काफी बल मिलेगा। अमृतकाल का यह पहला बजट विकसित भारत के विराट संकल्प को पूरा करने के लिए मजबुत नींव का निर्माण करेगा।

### बजट सभी वर्गो के लिए खास है: डब्लू पांडे



सौंदा डी पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि डब्लू पांडे ने इस बजट को खास बताया है। कहा की इस बजट में सभी वर्गो के लिए है। इस बजट से मजदूर वर्ग के लोगो को काफी फायदा होगा।

### बजट से हर गरीब वर्ग को राहत मिलेगी : रुदल कुमार



भाजपा रामगढ़ अनुसूचित मोर्चा जिला महामंत्री रुदल कुमार ने इस बजट को काफी सराहा है। कहा की इस बजट में सभी वर्गो का खयाल रखा गया है। खास कर मजदूर वर्ग और किसानों के लिए यह बेहतर है।

## सरना धर्मावलंबियों को विधायक अंबा प्रसाद ने हरी झंडी दिखायी, हुए रवाना



**उरीमारी (आजाद सिपाही)।** राजी पाड़हा सरना प्रार्थना सभा के रामगढ़ जिला प्रवक्ता सुदेश उरांव एवं धर्म गुरु बंधन तिग्गा के आदेशानुसार राजी पाड़हा सरना प्रार्थना सभा हजारीबाग जिला अध्यक्ष नरेश बेदिया के अगुवाई में बुधवार देर रात को उरीमारी एवं गरसुला सरना स्थल के सरना धमार्लंबियों को गुमला जिला के सिरा सीता नाले धाम में दो फरवरी को सामुहिक पूजा अर्चना एवं विनती के लिए बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के विधायक सुश्री अंबा प्रसाद एवं कांग्रेस कमिटी हजारीबाग जिला उपाध्यक्ष सह आरसीएमयू बरका सयाल क्षेत्रीय सचिव राजू यादव के द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर राजी पाड़हा सरना प्रार्थना सभा हजारीबाग जिला अध्यक्ष नरेश बेदिया ने बताया कि दो फरवरी को सिरा सीता नाले धाम में सम्पूर्ण विश्व एवं राज्य के खुशहाली के लिए पूजा अर्चना एवं विनती किया जाएगा। जिसके लिए हजारीबाग जिला से 20 से 25 बसों में हजारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल होंगे। रवाना होने वाले में मुख्य रूप रामचंद्र बेदिया, राजकुमार बेदिया, तिलका बेदिया,आशीष बेदिया, हरेंद्र बेदिया,मन्नुराम मरांडी,देवराम मांझी, राजेश बेदिया,लखन बेदिया, सुनील बेदिया, सीता देवी,फुलतरिया देवी,सुभाषो देवी, श्रुति देवी,माला देवी सहित दर्जनों महिला पुरुष शामिल थे।

## बजट में आदिम जनजाति के विकास के लिए सार्थक पहल : डॉ मनोज अगरिया



**बरकाकाना (आजाद सिपाही)।** भारत सरकार के वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश बजट में आदिम जनजाति के विकास के लिये विशेष प्रावधान किया गया है।आदिम जनजातियों के सर्वांगीण विकास के लिये 15,000 करोड़ का बजट का प्रावधान किया गया है, जो एक बड़ा बदलाव वाला निर्णय है।बजट में आदिम जनजाति के विकास के लिए दिया गया प्रावधान का झारखंड आदिम जनजाति विकास समिति के प्रदेश अध्यक्ष डॉ मनोज कुमार अगरिया ने बजट का स्वागत करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व वित्त मंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया है।श्री अगरिया ने कहा कि उक्त बजट का उचित क्रियान्वयन होने से भारत में रहने वाले 75 प्रकार के आदिम जनजातियों को विकास की नई राह मिलेगी तथा समाज के अंतिम पायदान पर बैठे लोगों तक केंद्र सरकार की योजना का लाभ मिल सकेगा।डॉ अगरिया ने कहा कि योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिये झारखंड में निवास करने वाले आदिम जनजातियों की जनगणना करना जरुरी है।उन्होंने पेश बजट को आमलोगों के लिए अमृत बजट बताया।

## पतरातू में जी 20 समिट की तैयारी को लेकर विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने किया दौरा



**पतरातू (आजाद सिपाही)।** भारत में होने वाले जी-20 समिट को लेकर राष्ट्रीय स्तर पर तैयारी शुरू कर दी गई है। बताया जाता है कि दुनिया के 20 शक्तिशाली देशों से आने वाले प्रतिनिधि के टीम झारखंड के पतरातु लेक रिजॉर्ट में ठहरेगी। इसकी तैयारी और इनके ठहरने के लिए लेक रिजॉर्ट में बन रहे जी प्लस 3 वीआईपी गेस्ट हाउस को फरवरी माह तक तैयार कर लिया जाएगा गुरुवार को झारखंड सरकार के विभिन्न विभागों के अधिकारी लेक रिजॉर्ट पहुंचे। इस मौके पर अधिकारियों ने कहा कि इन्वेंट रांची में है यहां पर विदेशों से आने वाले जी-20 के प्रतिनिधि झारखंड के कला संस्कृति व सभ्यता से अवगत होंगे ।इस मौके पर डिपार्टमेंट ऑफ साइंस टेक्नोलॉजी भारत सरकार के राजकुमार शर्मा ओएसडी टी 20 के कैप्टन विवेक बनर्जी, विनोद राजमोहन, जितिन कृष्णा,सहित कई विभाग के अधिकारी शामिल थे।

## पतरातू तालाब का होगा कायाकल्प

**पतरातु (आजाद सिपाही)।** पतरातू बस्ती के तालाब बाड़ी बांध को कायाकल्प एवं सुंदरीकरण करने के लिए पतरातू मुखिया गिरजेश कुमार के द्वारा पीवीयूएनएल के सीएसआर विभाग को पत्र प्रेषित किया था। इसी पत्र के आलोक में गुरुवार को पीवीयूएनएल अंतर्गत सीएसआर विभाग के संतोष, चेतन कुमार सहित अन्य अधिकारियों ने तालाब पर पहुंचकर उस का जायजा लिया। इस संबंध में पतरातू मुखिया ने बताया कि तालाब को बेहतर बनाने की मंशा हमारे मन में बहुत दिनों से थी। इसी को लेकर मेरे द्वारा पीवीयूएनएल को पत्र लिखा गया। और अब काम होने की पूरी पूरी संभावना है। मेरी इच्छा है कि यह तालाब ऐसा बने जहां लोग पहुंचकर आराम और सुकून महसूस कर सकें।

## विधायक को मोर्चा ने तोपा रोड सेल मामले से अवगत कराया, मिला आश्वासन



**कुजू (आजाद सिपाही)।** रैयत विस्थापित प्रभावित मजदूर मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष किशोर करमाली के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल माण्डू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल से शिष्टाचार मुलाकात की। प्रतिनिधि मंडल ने हजारीबाग स्थित आवास पर जेपी पटेल से मुलाकात के दौरान तोपा लोकल रोड़ सेल में मजदूरों के साथ हो रहे शोषण व मजदूर के नाम मिल रही मजदूरी राशि का बंदरबांट के मामले से अवगत कराते हुए पहल करने का अनुरोध किया। मौके पर इस्लाम अंसारी, उमेश कुमार दास, शमशेर आलम, हसनैन अंसारी, अशरफ जिया शामिल रहे।

## कुजू रेलवे साइडिंग के ट्रांसपोर्टर को मिला धमकी भरा मैसेज

**कुजू (आजाद सिपाही)।** कुजू रेलवे साइडिंग में कार्यरत लक्ष्य कोल ट्रांसपोर्टिंग कंपनी के संदीप साहू उर्फ राहुल के व्हाट्सएप मोबाइल नंबर पर टीएसपीसी नामक संगठन के भरत जी नामक व्यक्ति का धमकी भरा मैसेज आया है। जिसमें कहा गया है कि संगठन को बिना मैनेज किए कुजू साइडिंग में आपके द्वारा ट्रांसपोर्टिंग कार्य किया जा रहा है। जल्द से जल्द संगठन को मैनेज करें अन्यथा आप के विरुद्ध फौजी कार्रवाई किया जाएगा। जिससे जानमाल के नुकसान के जिम्मेदार आप होंगे। गुरुवार की दोपहर में धमकी में कल तक जवाब देने की बात कही गई है। इस संबंध में संदीप उर्फ राहुल ने बताया कि रामगढ़ एसपी सहित कुजू संबंधित पुलिस अधिकारियों को जानकारी दे दी गयी है। पहले भी रामगढ़ एसपी से सुरक्षा के लिए बॉडीगार्ड की मांग की गयी थी। इधर कुजू ओपी प्रभारी बलवंत दुबे ने इस मामले में पूछे जाने पर बताया कि अभी लिखित आवेदन नहीं मिला है।

भारतीय रेल

G20 भारत 2023 INDIA

आज़ादी का अमृत महोत्सव

भारत सरकार
(GOVERNMENT OF INDIA)
रेल मंत्रालय (MINISTRY OF RAILWAYS)
(रेलवे बोर्ड) (RAILWAY BOARD)

निविदा सं. डब्ल्यूटीए–529 के लिए शुद्धि पत्र सं. 5

विषयः सरकारी विनिर्माण इकाइयों एवं ट्रेनसेट डिपुओं के अपग्रेडेशन सहित वितरित शक्ति प्रणाली वाले नए जनरेशन के ऊर्जाक्षम वंदे भारत ट्रेनसेटों के विनिर्माण–सह–अनुरक्षण के लिए दिनांक 15.02.2023 को खोली जाने वाली ई–निविदा सं. डब्ल्यूटीए–529.

निविदा के कुछ अन्य निबंधन एवं शर्तें भी आशोधित की गई हैं। भावी बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे अतिरिक्त ब्यौरों के लिए https://ireps.gov.in वेबसाइट देखें।

कार्यपालक निदेशक/रेल भंडार (आरएस)
रेल मंत्रालय (रेलवे बोर्ड) रेल भवन, रायसीना रोड,
नई दिल्ली–110001,
ई–मेलः drsm@rb.railnet.gov.in

सं. 2022/आरएस(डब्ल्यूटीए)–149/टेंडर/529 दिनांक 02.02.2023 358/23

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# ग्रोथ वाला बजट

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आर्थिक विकास दर बढ़ाने वाला बजट पेश किया है। उन्होंने वित्त वर्ष 2023-24 में कैपिटल एक्सपेंडिचर के लिए 10 लाख करोड़ रुपये रखे हैं, जो पिछले साल से 33 फीसदी अधिक है। कैपिटल एक्सपेंडिचर का मतलब ऐसा निवेश है, जिससे कोई फिजिकल एसेट या संपत्ति बनती है। इसके साथ रेलवे में 2.4 लाख करोड़ और पीएम आवास योजना में 79 हजार करोड़ का एलोकेशन किया जायेगा। वित्त मंत्री ने अगले वित्त वर्ष में एग्रीकल्चर क्रेडिट के लिए भी 20 लाख करोड़ का लक्ष्य रखा है। कैपिटल एक्सपेंडिचर के लिए सरकार काफी पैसा छोटी बचत योजनाओं और दूसरे जरियों से जुटायेगी। इसीलिए इनके नियम बदले जायेंगे। इसके तहत सीनियर सिटिजन सेविंग्स स्कीम के तहत अधिकतम सीमा 15 से 30 लाख और मंथली इनकम स्कीम की लिमिट भी ज्वाइंट एकाउंट्स के मामले में 9 लाख से बढ़ा कर 15 लाख रुपये करने का प्रस्ताव है। एक नयी वन-टाइम सेविंग्स स्कीम का प्रस्ताव भी रखा गया, जो महिलाओं के लिए होगी। इन पहल के जरिये सरकार ने इकॉनमी में ऐसे वक्त निवेश बढ़ाने का रास्ता बनाया है, जब निजी क्षेत्र की ओर से बहुत निवेश नहीं हो रहा है। निजी क्षेत्र अभी इसलिए निवेश नहीं कर रहा है, क्योंकि कंजम्पशन डिमांड मजबूत नहीं है। वैसे, इसकी पहल भी मध्यवर्ग को टैक्स छूट के जरिये की गयी है। अब तक ओल्ड और न्यू, दोनों तरह की टैक्स रिजीम में 5 लाख रुपये तक की नेट टैक्सेबल इनकम पर टैक्स चुकाने की जरूरत नहीं होती, लेकिन अगले वित्त वर्ष में न्यू टैक्स रिजीम चुनने वाले लोगों के लिए टैक्स छूट की सीमा 7 लाख रुपये तक हो जायेगी। 50 हजार रुपये के स्टैंडर्ड डिडक्शन को जोड़कर देखें तो 7.5 लाख रुपये तक की इनकम पर टैक्स नहीं देना होगा। इससे कंजम्पशन बढ़ने की उम्मीद है। न्यू टैक्स रिजीम को आकर्षक बनाने का मकसद है कि ज्यादा से ज्यादा लोग ओल्ड टैक्स रिजीम से इसमें आयें। खैर, इनकम टैक्स में इस छूट से भी इकॉनमी को फायदा होगा, जिससे निजी क्षेत्र की ओर से कैपिटल एक्सपेंडिचर में बढ़ोतरी की उम्मीद बनेगी। वित्त मंत्री ने ग्रोथ ओरिएंटेड बजट पेश करने के साथ यह भी पक्का किया है कि इससे सरकारी खजाने पर बोझ ना बढ़े। वित्त वर्ष 2022-23 में बजट अनुमान के मुताबिक फिस्कल डेफिसिट ग्रॉस डोमेस्टिक प्रोडक्ट का 6.4 फीसदी रहा। अगले वित्त वर्ष में इसे घटाकर 5.9 फीसदी करने का लक्ष्य तय किया गया है। वित्त मंत्री ने 2025-26 तक इसे घटाकर 4.5 प्रतिशत से नीचे लाने का लक्ष्य भी रखा है। यह शेयर बाजार के लिए अच्छी खबर है। इससे क्रेडिट रेटिंग एजेंसियां और विदेशी संस्थागत निवेशक भी खुश होंगे। पहले की तरह वित्त वर्ष 2023-24 में भी सरकार का इन्फ्रास्ट्रक्चर पर फोकस बना रहेगा। पीएम आवास योजना में 66 फीसदी की बढ़ोतरी के साथ बंदरगाह, कोयला, स्टील, फर्टिलाइजर और फूड ग्रेन जैसे सेक्टरों में 100 क्रिटिकल ट्रांसपोर्ट इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रॉजेक्ट्स में 75 हजार करोड़ रुपये का निवेश किया जायेगा। मीडियम एंड स्मॉल एंटरप्राइजेज को भी कई रियायतें दी गयी हैं, जिनसे देश में सबसे ज्यादा रोजगार मिलता है। ऐसा बजट पेश करने के लिए वित्त मंत्री बधाई की पात्र हैं।

**पीएम आवास योजना में 66 फीसदी की बढ़ोतरी के साथ बंदरगाह, कोयला, स्टील, फर्टिलाइजर और फूड ग्रेन जैसे सेक्टरों में 100 क्रिटिकल ट्रांसपोर्ट इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रॉजेक्ट्स में 75 हजार करोड़ रुपये का निवेश किया जायेगा।**

**अभिमत**
**आजाद सिपाही**

**सदियों से परंपरागत कारीगरों और शिल्पकारों, जो विभिन्न उपकरणों का उपयोग करते हुए अपने हाथों से काम करते हैं, ने भारत को काफी गौरवान्वित किया है और उन्हें आम तौर पर विश्वकर्मा कहा जाता है। इनकी विशिष्ट कला और इनके द्वारा तैयार हस्तशिल्प से आत्मनिर्भर भारत की सच्ची भावना उभरकर सामने आती है।**

# सप्तऋषि - एक सशक्त और समावेशी अर्थव्यवस्था



**अर्जुन मुंडा**



**केंद्रीय बजट 2023-24 का प्रमुख विषय समग्र विकास पर ध्यान केंद्रित करना है। सरकार का सिद्धांत विशेष रूप से किसानों, महिलाओं, युवाओं, अन्य पिछड़े वर्गों, अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों, दिव्यांगजनों और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को कवर करते हुए समावेशी विकास संभव करना है।**

भारत की आजादी के 75वें वर्ष में पूरी दुनिया ने यह भलीभांति स्वीकार कर लिया है कि भारतीय अर्थव्यवस्था एक चमकता सितारा है, क्योंकि कोविड-19 और रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण वैश्विक स्तर पर व्यापक सुस्ती दर्ज किये जाने के बावजूद भारत की आर्थिक विकास दर सात प्रतिशत रहने का अनुमान है, जो कि सभी प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में सर्वाधिक है।

**केंद्रीय बजट की सात प्राथमिकताएं सप्तऋषि :** ये सभी एक-दूसरे की पूरक हैं और ये सप्तऋषि के रूप में कार्य कर रही हैं जो अमृत काल में हमारा मार्गदर्शन कर रही हैं। इनमें ये शामिल हैं:-

1) समावेशी विकास
2) अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना
3) अवसंरचना एवं निवेश
4) संभावनाओं को उन्मुक्त करना
5) हरित विकास
6) युवा शक्ति
7) वित्तीय क्षेत्र।

**केंद्रीय बजट 2023-24 का प्रमुख विषय समग्र विकास पर ध्यान केंद्रित करना है।**

**पीएम विश्वकर्मा कौशल सम्मान (पीएम विकास) :** सदियों से परंपरागत कारीगरों और शिल्पकारों, जो विभिन्न उपकरणों का उपयोग करते हुए अपने हाथों से काम करते हैं, ने भारत को काफी गौरवान्वित किया है और उन्हें आम तौर पर विश्वकर्मा कहा जाता है। इनकी विशिष्ट कला और इनके द्वारा तैयार हस्तशिल्प से आत्मनिर्भर भारत की सच्ची भावना उभरकर सामने आती है।

पहली बार इनके लिए एक सहायता पैकेज की परिकल्पना की गयी है और नई योजना से वे अपने-अपने उत्पादों की गुणवत्ता, कुल संख्या और पहुंच को काफी हद तक बढ़ा सकती हैं, और इसके साथ ही एमएसएमई मूल्य श्रृंखला से इनका एकीकरण हो जाएगा। इस योजना के घटकों में न केवल वित्तीय सहायता देना शामिल होगा बल्कि उन्नत कौशल प्रशिक्षण तक इनकी पहुंच, अत्याधुनिक डिजिटल प्रौद्योगिकियों और प्रभावकारी हरित प्रौद्योगिकियों का ज्ञान हासिल करना, ब्रांड संवर्धन, स्थानीय एवं वैश्विक बाजारों से जुड़ाव, डिजिटल भुगतान और सामाजिक सुरक्षा, इत्यादि भी शामिल होंगे। इससे अनुसूचित जातियां, अनुसूचित जनजातियां, ओबीसी, महिलाएं और समाज के कमजोर तबकों से जुड़े लोग काफी हद तक लाभान्वित होंगे।

**वर्ष 2047 तक सिकल से एनीमिया का उन्मूलन करने के लिए एक मिशन की शुरुआत :** वर्ष 2047 तक सिकल से एनीमिया का उन्मूलन करने के लिए एक मिशन की शुरुआत की जायेगी। इसमें प्रभावित जनजातीय क्षेत्रों में जागरूकता सृजन, 0.40 वर्ष के आयुवर्ग के 7 करोड़ लोगों की व्यापक जांच और केंद्रीय मंत्रालयों तथा राज्य सरकारों के सहयोगात्मक प्रयासों के माध्यम से परामर्श का कार्य किया जायेगा।

**प्रधानमंत्री पीवीजीटी विकास मिशन :** विशेष रूप से संवेदनशील जनजातीय समूहों (पीवीटीजी) की सामाजिक-आर्थिक स्थितियों में सुधार लाने के लिए प्रधानमंत्री पीवीटीजी विकास मिशन शुरू किया जायेगा। इसमें पीवीटीजी परिवारों और आवासन को सुरक्षित आवास, स्वच्छ पेयजल एवं स्वच्छता, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं पोषण, सड़क तथा दूरसंचार संपर्कता और संधारणीय आजीविका के अवसरों जैसी बुनियादी सुविधाएं पूरी तरह उपलब्ध करायी जायेंगी।

अनुसूचित जनजातियों के लिए विकास कार्य योजना के तहत अगले तीन वर्षों में इस मिशन को लागू करने के लिए 15,000 करोड़ रुपये की राशि उपलब्ध करायी जायेगी।

**केंद्र अगले तीन वर्षों में 38,800 अध्यापकों तथा सहयोगी कर्मचारियों को नियुक्त किया जायेगा :** अगले तीन वर्षों में केंद्र 3.5 लाख जनजातीय छात्रों के लिए चलाये जा रहे 740 एकलव्य मॉडल आवासीय स्कूलों के लिए 38,800 अध्यापक और सहायक कार्मिक नियुक्त किये जायेंगे।

**पीएम विश्वकर्मा कौशल सम्मान (पीएम विकास) :** पारंपरिक दस्तकारों और शिल्पकारों, आमतौर पर जिनको विश्वकर्मा के रूप में संबोधन किया जाता है, के लिए नयी योजना की घोषणा की है। यह देखते हुए कि इनके द्वारा सृजित कलाकृति और हस्तशिल्प आत्मनिर्भर भारत की सच्ची भावना को निरूपित करते हैं। पहली बार उनके लिए एक सहायता पैकेज की संकल्पना की गयी है। इस नयी योजना में उन्हें अपने उत्पादों की गुणवत्ता, पैमाने और पहुंच में सुधार लाने और उन्हें एमएसएमइ वैल्यू चेन के साथ एकीकृत होने में सक्षम बनायेगी।

इस योजना में न केवल वित्तीय समर्थन शामिल होगा, बल्कि उसमें उन्नत कौशल, प्रशिक्षण, आधुनिक डिजिटल तकनीकों की जानकारी और दक्ष हरित प्रौद्योगिकियों, ब्रांड प्रोत्साहन, स्थानीय और वैश्विक बाजारों के साथ जुड़ाव, डिजिटल भुगतान और सामाजिक सुरक्षा के लिए पहुंच भी सुलभ होगी। इससे अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों, अन्य पिछड़ा वर्गों, महिलाओं और कमजोर वर्गों के लोगों को बहुत अधिक लाभ मिलेगा।

**आकांक्षी जिला एवं ब्लॉक कार्यक्रम :** वित्त मंत्री ने कहा कि स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा, कृषि, जल संसाधन, वित्तीय समावेशन, कौशल विकास और मूलभूत इंफ्रास्टक्चर जैसे अनेक क्षेत्रों में अनिवार्य सरकारी सेवाओं को पर्याप्त रूप से पहुंचाने के लिए 500 ब्लॉकों को शामिल करके आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम शुरू किया गया है।

**सबका साथ सबका विकास :** केंद्रीय बजट 2023-24 का प्रमुख विषय समग्र विकास पर ध्यान केंद्रित करना है। सरकार का सिद्धांत विशेष रूप से किसानों, महिलाओं, युवाओं, अन्य पिछड़े वर्गों, अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों, दिव्यांगजनों और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को कवर करते हुए समावेशी विकास संभव करना है और वंचितों (वंचितों को वरीयता) के लिए समग्र प्राथमिकता को भी इसमें शामिल किया गया है। यह बजट इन प्रयासों को आगे बढ़ा रहा है।

***(लेखक जनजातीय मामलों के केंद्रीय मंत्री हैं।)***

# मोदी सरकार और भारतीय अर्थव्यवस्था

**दीपक बंका**



मोदी सरकार द्वारा सन 2014 से लेकर 2023 तक प्रतिवर्ष जो भी बजट प्रस्तुत किये गये हैं तथा लगभग मोटे तौर पर 253 विशिष्ट महत्व की योजनाएं बनायी गयीं और मिशन मोड पर क्रियान्वयन किया गया, जिसका जन सामान्य पर प्रत्यक्ष और परोक्ष प्रभाव पड़ा। इस प्रभाव का यदि आंकलन किया जाये तो शिक्षा, स्वास्थ्य, ढांचागत संरचना, कृषि, ऊर्जा क्षेत्र, जल, जंगल, जलवायु, आर्थिक सशक्तिकरण, विदेशी व्यापार, बैंकिंग क्षेत्र, मैन्यूफेक्चरिंग, मैक इन इण्डिया और डिजिटल इंडिया, मध्यम वर्ग को आवास, उज्जवला योजना में दो करोड़ परिवारों को गैस आदि के माध्यम से मजबूति प्रदान की गयी है और इसका प्रभाव यह रहा कि कोविड-19 की महामारी जहाँ एक और विश्व की मजबूत अर्थव्यवस्था धराशाही हो गयी। वहीं भारतीय अर्थव्यवस्था संगठित होकर मजबूत होकर उभरी है। जब अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर आंकलन किया गया तो मोदी सरकार की दूरद्दष्टि, निर्णयन की शक्ति, क्रियान्वयन में मजबूति, राष्ट्र में आन्तरिक शान्ति, आम जनता में विष्वास जैसे : मोदी है तो मुमकिन है के भाव होना ही मुख्य कारण है। मोदी सरकार का 2047 पश्चात स्वर्णिम भारत की कल्पना और पूरे विष्व में मोदी के नेतृत्व में विष्वास इसका द्योतक है कि इन नीतियों का लाभ आमजन व अन्तिम व्यक्ति तक पहुंचे, इस भाव से कार्य करना लक्ष्य है। भारतीय अर्थव्यवस्था 2026-27 तक 5 ट्रिलीयन की होगी। यह आंकलन अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष का है। न कि किसी पार्टी विशेष का। फिर भी मोदी सरकार से जनता और विपक्ष की आकाशीय अपेक्षायें हैं। मुझे लगता है कि भारत और इसके आवाम् को ऐसे नेतृत्व से अपेक्षा और उम्मीद होना लाजमी भी है। बजट वस्तुतः अमृत कालीन बजट जो अगले पच्चीस वर्षों का तथा आगे स्वर्णिम भारत के सपने को साकार करने वाला होगा। बजट में कृषि क्षेत्र के बहुत बड़ी राशि का आवंटन किया जो कृषि क्षेत्र की दिशा और दशा बदलने वाला है। बजट में जो सप्तपदी विचार यथा, समावेशी विकास, आखिरी व्यक्ति तक पहुंच, संरचनात्मक ढांचे पर निवेश, क्षमता को उजागर, हरित विकास,युवा और वित्तीय क्षेत्र आदि भारत के आर्थिक स्वरूप को सुदृढ़ करते हुए विश्व के सामने एक उदाहरण पेश किया जायेगा। शिक्षा, स्वास्थ्य,कौशल, रेलवे, बैंकिग क्षेत्र में की गई घोषणाओं का प्रभाव देखने को मिलेगा। वस्तु ओर सेवा करों में रियायत दी गयी है। प्रत्यक्ष करों में छूट दी गई है। वरिष्ठ जनों के लिए बचत योजनाओं की सीमा में वृद्धि की है जो एक अच्छा निर्णय है। राष्ट्रीय डेटा गवर्नेंस निति बनाने की बात कही है,जो भविष्य के भारत के शासन संचालन के लिए सहायक होगा। कुल मिला कर कहा जाये तो यह बजट भारत के आर्थिक विकास औषध के रूप में काम करेगा।

**(लेखक : बीजेपी प्रदेश कोषाध्यक्ष हैं।)**

## जमशेदपुर की खबरें

## खतियानी जोहार यात्रा को पूर्व मुख्यमंत्री ने बताया ढोंग, कहा

# पूरे राज्य का खजाना डकार कर झारखंड के सूबेदार निकले हैं खतियानी जोहार यात्रा पर

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** बीते दिनों जमशेदपुर से निकली खतियानी यात्रा में आये मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा राज्य सरकार जो चाहेगा, वही होगा। संविधान की धज्जियां उड़ने नहीं देंगे। गुरुवार को पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने भालूबासा स्थित आशीष किशोर संघ में प्रेस-वार्ता को संबोधित करते हुए कहा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन संविधान की बात करते हैं, अच्छी बात है। संविधान की सातवीं अनुसूची में राज्य सरकार को यह अधिकार है। जब अधिकार है तो 1932 वाले कानून को केंद्र को क्यों भेज कर उलझा कर झारखंडी युवकों को सरकारी नौकरी से वंचित कर रहे है। उन्होंने कहा अगर राज्य सरकार अपने कानून से संतुष्ट है,सरकार द्वारा बनाये नियम कायदे कानून संवैधानिक रूप से सही है तो फैसले अविलंब लागू करे। पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने वर्तमान मुख्यमंत्री से अविलंब रिक्तियां निकलने की मांग की। उन्होंने कहा 1932 खतियान और पिछड़ों के लिए 27 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान करते हुए बहाली निकाले।

यदि उसके बाद कानूनी पचड़ा खड़ा होता है, तो राज्य के युवाओं को लेकर मुस्तैदी से कानूनी लड़ाई लड़े। श्री दास ने कहा यह सरकार युवाओं को नौकरी देने का जो वादा कर सत्ता में आयी थी उस वादे को ठगने के लिए सरकार ने प्रपंच रचा। 1932 के आधार पर स्थानीय नीति, जबकि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन स्वयं विधानसभा में 21 फरवरी 2021 को कह चुके हैं खतियान के आधार पर स्थानीय नीति लागू नहीं हो सकता। यह कोर्ट में टिकेगा नहीं, इससे साफ जाहिर है सीएम हेमंत सोरेन ने जानबूझ कर यह संवैधानिक गड़बड़ियों की ताकि झारखंडी युवक-युवतियों को नौकरी न देकर उन्हें उलझाकर, लटका कर रखा जा सके। उन्होंने कहा हमारी सरकार ने स्थानीय परिभाषित किया जिसमें तीन आधार थे। जिसके आधार पर स्थानीय परिभाषित किये गये थे। खतियान के साथ 1985 से जो झारखंड में रह रहे हैं। इस आधार पर तीन वर्ष में एक लाख से ज्यादा नौकरी दी शिक्षक, सिपाही, दरोगा, वनरक्षी, बिजली विभाग एवं अन्य विभागों में बहाली की गई। लेकिन हेमंत सरकार ने इसे बदल दिया जबकि इस बदलाव का कोई औचित्य नहीं था। पूर्व सीएम ने पूछा जब 1932 के खतियान का अस्तित्व ही नहीं तो यह बदलाव कर झारखंड के युवाओं का वर्ग-3 और वर्ग-4 की नियुक्तियां जिसपर उनका अधिकार है उससे वंचित करने का पाप सरकार ने क्यों किया? पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा खतियानी लाभ से वंचित कर जोहार यात्रा निकालना एक मजाक ही है। पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने राज्य में बढ़ते दुष्कर्म एवं हत्या पर चिंता व्यक्त की।

# स्वर्णरेखा के तटबंध की मरम्मत पर खर्च होंगे 50 करोड़: बन्ना



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** सोनारी दुहमनी में स्वर्णरेखा के तटबंध को मजबूत करने के लिए जल संसाधन विभाग के द्वारा तटबंध का निर्माण कराया जायेगा। इसके लिए विभाग के द्वारा 50 करोड़ रुपया का खर्च किया जायेगा। यह जानकारी विभाग के वरीय अधिकारियों ने स्वास्थ्य मंत्री सह जमशेदपुर पश्चिम के विधायक बन्ना गुप्ता को दी। विभाग की ओर से मानगो के कुंअर बस्ती में तटबंध का निर्माण शुरू कर दिया गया। गुरुवार को मंत्री बन्ना गुप्ता ने जिला सभागार में जिला के अधिकारियों के साथ बैठक कर दोमुहानी में नदी के तटीय क्षेत्रों के विकास की भावी योजनाओं की रूपरेखा पर चर्चा की। बैठक के बाद जानकारी देते हुए मंत्री ने कहा स्वर्णरेखा के तटबंध के निर्माण पर जल संसाधन विभाग 50 करोड़ रुपये खर्च करेगा। साथ ही वियर एवं स्लुईस गेट दुरूस्त किये जायेंगे। मंत्री बन्ना गुप्ता ने विभाग से स्वर्णरेखा नदी के किनारे छठ घाट का निर्माण के लिए विभागीय अनुमति देने का भी निर्देश दिया। मंत्री बन्ना गुप्ता ने बताया दोमुहानी को वृहद आकार दिया जायेगा। वहां नये सीरे से सीढ़ियों का निर्माण के साथ-साथ कर्मकांड स्थल का निर्माण, पर्व-त्योवहार में आने वाली महिलाओं के लिए चेंजिंग रूम का निर्माण, लोगों के बैठने की व्यवस्था, सभी घाट में सीढ़ियों का निर्माण कराया जायेगा। उन्होंने बताया वाटर हार्वेस्टिंग के तहत नदी में गिरने वाले गंदे पानी को स्टोर कर उसे साफ किया जायेगा। उक्त पानी का इस्तेमाल पेड़-पौधों की सिंचाई में की जायेगी। ताकि नदी में प्रदूषित नहीं हो सके। मंत्री ने बताया मानगो साकची एवं अन्य क्षेत्रों को जोड़ने के लिए प्रस्तावित फ्लाई ओवर के पिलर निर्माण के लिए सर्वे कराया जा रहा है। बैठक में डीसी विजया जाधव, एडीसी, एसडीओ पीयूष सिंहा, मानगो नगर निगम के कार्यपालक पदाधिकारी सुरेश यादव, जमशेदपुर अक्षेस के विशेष पदाधिकारी संजय कुमार, टीएसयूआइएसएल के एमडी रितूराज सिंहा, जीएम कैप्टन धनंजय मिश्रा, टाटा स्टील के अधिकारी प्रणय सिंहा एवं अमित सिंह समेत अन्य मौजूद रहे।

# बजट में आदिम जनजाति समूह के विकास पर फोकस

**प्रतुल शाहदेव**



आजादी के बाद पहली बार कोई सरकार मिशन मोड में आदिम जनजाति के विकास के लिए संकल्पित है। पीएम पीवीटीजी विकास मिशन के तहत इस समूह के विकास के लिए अगले 3 वर्षों तक 15 हजार करोड़ के बजट का आवंटन किया गया है। यही नहीं आदिवासी कल्याण मंत्रालय के बजट को बढ़ाकर 12414.95 करोड़ कर दिया है जो पिछले वर्ष की तुलना में 48% ज्यादा है। इस योजना से सीधे आदिवासियों के वे समूह लाभांवित होंगे जो हजारों वर्षों से उपेक्षा का शिकार रहे हैं।

झारखंड में मुख्य रूप से बिरहोर, बिरजिया, करवा माल पहाड़िया, कोरवा, सौरिया पहाड़िया, सबर, परहिया, कमारभाग पहाड़िया, आदि आदिम जनजाति समूह वास करते हैं।ये समूह अब तक पहाड़ों और जंगलों पर ही ज्यादा आश्रित रहते थे। अब केंद्र सरकार इनके लिए अच्छे घर बनायेगी, साफ पीने का पानी उपलब्ध करायेगी। स्वास्थ्य सुविधाओं में वृद्धि होगी। इनके लिए विशेष स्कूलों का भी निर्माण होगा। साथ ही साथ इनके पौष्टिक भोजन और आजीविका पर भी फोकस होगा।

देश की तरह झारखंड में भी ये विशेष समूह विकास की दौड़ में कहीं ना कहीं काफी पीछे रह गये। शिक्षा के अभाव से ये धर्मांतरण करने वाली शक्तियों का भी आसान शिकार बन जाते हैं। रघुवर दास के नेतृत्व वाली सरकार ने सबसे पहले आदिम जनजाति बटालियन का गठन किया था। इनके लिए सरकार ने शारीरिक और शैक्षणिक मापदंडों को भी शिथिल किया था। यह जंगलों से नहीं निकलते थे और पहाड़ों से नहीं उतरते थे। इसलिए तत्कालीन राज्य सरकार ने घर-घर तक अनाज पहुंचाने की 'डाकिया' योजना की शुरूआत की थी। केंद्र सरकार के बजट के बाद झारखंड में भी इन आदिम जनजाति समूहों के विकास के द्वार खुल जायेंगे। 21 वी शताब्दी में भी इनका रहन-सहन समाज के बाकी समूह की तरह नहीं है। इस बजट में इस बात का विशेष ख्याल रखा गया है की ये समूह विकास के मुख्य द्वार से तो जुड़े। लेकिन साथ-साथ इनकी हजारों वर्ष की परम्परिक परंपरायें भी जीवित रहे। बजट में इस समूह के विकास के लिए दूरदर्शी सोच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्र सरकार की आदिवासियों और आदिम जनजातियों के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण को इंगित करती है। **(लेखक, भाजपा प्रदेश प्रवक्ता)**

# झामुमो जिला अध्यक्ष सह विधायक सुखराम उरांव के नेतृत्व मे सेरेंगसिया के शहीदों को दी श्रद्धांजलि

**चाईबासा (आजाद सिपाही)।** झामुमो जिला अध्यक्ष सह विधायक सुखराम उरांव के नेतृत्व में सेरेंगसिया शहीद दिवस पर पहुंचकर श्रद्धांजली दी गई। मौके पर जिला झामुमो सचिव सोनाराम देवगम भी मौजूद थे। सेरेंगसिया शहीद दिवस पर ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ सेरेंगसिया घाटी की लड़ाई में शहीद हुए महान कोल विद्रोह के महानायकों वीर शहीद पोटो हो, नारा हो, देवी हो, बड़ाय हो समेत तमाम शहीदों को नमन किया। जिला अध्यक्ष सुखराम उरांव ने कहा कि कोल्हान वीरों की धरती है जहां के लोगों ने कभी भी अपने, मान सम्मान और आत्मस्वाभिमान से समझौता नहीं किया है और किसी का पराधीनता स्वीकार नहीं किया है। उनके खून में ही स्वतंत्रता रचा बसा है। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष सह जिला बीस सूत्री उपाध्यक्ष दीपक प्रधान, जिला परिषद सदस्य जवाहर बोयपाई, विश्वनाथ बाड़ा, महेन्द्र तिरिया, अभिराम सिंह देवगम एवं अन्य झामुमो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### रंका प्रखंड शेयर प्राइस डीलर्स एसोसिएशन संघ ने सीओ सह बीएसओ कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन



**रंका (आजाद सिपाही)।** रंका प्रखंड शेयर प्राइस डीलर्स एसोसिएशन संघ के द्वारा गुरुवार को रंका अंचल पदाधिकारी सह प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी के कार्यालय पर अपनी 15 सूत्री मांगों को लेकर प्रदर्शन एवं धरना दिया गया। इस अवसर पर डीलर संघ के लोगों ने अपनी ई-पॉस मशीन को जमा करना चाहा, किंतु अंचलाधिकारी सह प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी शंभू राम ने ई-पॉस मशीन को लेने से साफ इनकार कर दिया। तत्पश्चात डीलर अपने-अपने मशीन को लेकर वापस लौट गये। धरना के माध्यम से रंका प्रखंड डीलर संघ के अध्यक्ष मोहम्मद मजीद राय एवं उपाध्यक्ष परशु ठाकुर तथा अनुमंडल अध्यक्ष अनिरुद्ध सिंह ने अपनी 15 सूत्री मांगों संबंधी ज्ञापन सीओ सह बीएसओ शंभू राम, बीडीओ देवानंद राम, प्रमुख हेमंत लकड़ा को सौंपा। मौके पर सीओ सह बीएसओ शंभू राम ने कहा कि वे डीलर संघ की मांगों से संबंधित ज्ञापन को अविलंब जिला में भेज देंगे। साथ ही उन्होंने डीलरों को एक बार अपनी समस्याओं को गढ़वा जिला उपायुक्त के पास रखने का आग्रह किया। मौके पर अनुमंडल अध्यक्ष अनिरुद्ध सिंह,रंका प्रखंड अध्यक्ष मोहम्मद मजीद राय, उपाध्यक्ष परशू ठाकुर, रमकंडा प्रखंड अध्यक्ष गोपाल पांडेय, डीलर निशांत ओझा, श्याम लाल यादव, पारसनाथ पांडेय, अजीत तिवारी, जमालूदीन खलिफा,दशू राम, महेंद्र चंद्रवंशी, आशुतोष चौबे, शिव लाल राम,धनिजर राम, नरेश राम, शिवनारायण मालाकार, राकेश चंद्रवंशी, बिरेंद्र माली, शत्रुघ्न चंद्रवंशी, राजेंद्र उरांव, सखि समूह मानपुर के रूखशाना बीबी,तहरून बीबी सहित काफी संख्या में डीलर लोग उपस्थित थे।

### प्रभारी रोजगार सेवक का स्थानांतरण रोकने को लेकर ग्रामीणों ने बीडीओ को दिया आवेदन



**केतार (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के सुदूरवर्ती आदिवासी बहुल परती कुशवानी पंचायत के रोजगार सेवक छोटन कुमार को बिना कोई आरोप की पुष्टि के हटाने पर सैकड़ों ग्रामीणों ने नाराजगी जाहिर किया। ग्रामीणों ने आक्रोषित होकर गुरुवार को बीडीओ मुकेश मछुआ को आवेदन सौंपा। आवेदन में उल्लेख किया गया कि रोजगार सेवक छोटन कुमार की कार्यप्रणाली संतोषजनक रही है। उनके कार्यकाल में मनरेगा योजनाओं को गति मिली और स्थानीय मजदूरों को रोजगार भी उपलब्ध हो रहा था। लेकिन पंचायत में कुछ असमाजिक लोग पंचायत में हो रहे विकास कार्यों को देखना नहीं चाहते और छोटे-छोटे मामले का वीडियो बनाकर वाट्सएप ग्रुप में डालकर रोजगार सेवक और पंचायत को बदनाम करना चाहते हैं। इसलिए रोजगार सेवक को बदनाम करने के लिए साजिश रची गई। रोजगार सेवक छोटन कुमार को हटाने से असमाजिक तत्वों का मनोबल बढ़ जायेगा और पंचायत का विकास कार्य रूक जायेगा। आवेदन देने वालों में शंकर यादव, मीना देवी, गुलबास देवी, संतोष प्रजापति, यमुना सिंह, सुरजमणी देवी, नीलम देवी, गुड्डू कुमार, अमिता देवी, पूजा देवी, सुरेश्वर सिंह चेरो, सोमारी देवी सहित दर्जनों लोगों का नाम शामिल हैं।

### कसौधन वैश्य महिला मंच गढ़वा ने किया कार्यकारिणी सदस्यों का मनोनयन



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** कसौधन वैश्य महिला मंच, गढ़वा के द्वारा एक बैठक अध्यक्ष शोभा कश्यप की अध्यक्षता में राकी मोहल्ला स्थित डॉ भोला कश्यप के आवास पर की गयी। बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित झारखंड प्रदेश महिला अध्यक्ष रेशमा कश्यप का गढ़वा महिला समाज के द्वारा उनका स्वागत गर्मजोशी एवं भव्यता के साथ माला पहनाकर एवं बुके देकर किया गया। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष रेशमा कश्यप के द्वारा कार्यकारिणी महिला सदस्यों का मनोनयन किया गया। मौके पर प्रदेश अध्यक्ष रेशमा कश्यप ने कहा कि महिला समाज को प्रदेश के सभी जिलों में संगठित किया जाएगा एवं इसी क्रम में मेरा गढ़वा आगमन महिलाओं को समाज के प्रति जागरूक करने को लेकर हुआ है। मौके पर महिला कमेटी गढ़वा के द्वारा समाज को संगठित एवं महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए संगठन पर चर्चा की गयी एवं आगामी महिला समाज के कार्यक्रम हेतु विचार विमर्श किया गया। मौके पर उपस्थित कसौधन वैश्य समाज के अध्यक्ष उमेश कश्यप, सचिव संतोष कश्यप, उप सचिव विवेक कश्यप, समाज के संरक्षक राम दुलारी देवी, अध्यक्ष शोभा कश्यप, उपाध्यक्ष कंचन कश्यप, सचिव अर्चना कश्यप, कोषाध्यक्ष ममता कश्यप, संगठन मंत्री नमिता कश्यप एवं मनोनीत कार्यकारिणी सदस्य सुनीता कश्यप, उषा कश्यप, सीता कश्यप, प्रमिला कश्यप, ममता कश्यप, सीमा कश्यप, अनुराधा कश्यप, प्रतिमा कश्यप, पिंकी कश्यप, अनुराधा कश्यप, सुधा कश्यप, दिव्या कश्यप सहित मनोनीत महिलाएं उपस्थित थीं।

**बैठक :** भाजपा गढ़वा जिला कार्यसमिति की बैठक में वक्ताओं ने कहा

# मोदी सरकार के कार्यों को कार्यकर्ता जनता के बीच पहुंचाने का काम करें

**मोदी सरकार का बजट जनहित में लाया गया है : रामचंद्र चंद्रवंशी**

**नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व का नेतृत्व कर रहा है : अलखनाथ पांडेय**

आजाद सिपाही संवाददाता




**बूथ निर्माण में पन्ना प्रमुख के लिए हर स्तर के नेता अपनी भूमिका सुनिश्चित करेंगे : अमित कुमार**

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश प्रवक्ता सह गढ़वा जिला प्रभारी अमित कुमार ने पूर्व की कार्यक्रम की समीक्षा करते हुए कहा कि भाजपा कार्यकर्ता संगठन के रीढ़ हैं। मोदी सरकार के कार्यों को कार्यकर्ता बूथ स्तर पर जनता के बीच पहुंचाने का काम करें। कार्यकर्ता जन समस्या के लिए लड़ाई लड़ें। भाजपा कार्यकर्ता बूथ की संरचना मजबूत बनायें। उन्होंने कहा कि बूथ निर्माण में पन्ना प्रमुख के लिए सांसद, विधायक, पूर्व विधायक पार्टी का छोटा-बड़ा हर स्तर के नेता पार्टी के कार्यों में अपनी भूमिका सुनिश्चित करेंगे।

**मझिआंव/गढ़वा।** भाजपा गढ़वा जिला कार्यसमिति की बैठक शिवेशर चंद्रवंशी कॉलेज मझिआंव में हुई। बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश केशरी ने की। बैठक की शुरुआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर माल्यार्पण पुष्पांजलि अर्पित एवं वंदे मातरम गीत के साथ की गयी। बैठक में मुख्य अतिथि विभाकर पाण्डेय ने कहा कि भाजपा की मोदी सरकार ने देश को विश्व गुरु बनाने का काम किया है। मोदी सरकार ने देश में सुशासन लाने का काम किया है कार्यक्रम का विषय प्रवेश कराते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश केशरी ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता बूथ स्तर पर पार्टी के कार्यक्रमों को पहुंचाने का काम करते हैं। भाजपा कार्यकर्ता तन मन धन लगाकर संगठन हित में काम कर रहे हैं।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व स्वास्थ्य मंत्री विश्रामपुर विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने कहा कि मोदी सरकार के कार्यों को कार्यकर्ता जन जन तक पहुंचाने का काम करें। झामुमो सरकार में विकास कार्य रुक गया है जनता त्राहि त्राहि कर रही है। वर्तमान सरकार में घर में बेटी तक सुरक्षित नहीं है। लूट हत्या भ्रष्टाचार बड़े पैमाने पर बढ़ा है। मोदी सरकार का बजट जनहित में लाया गया है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री रामचंद्र केशरी ने कहा कि भारत सरकार के द्वारा अनेकों विकास का काम किये जा रहे हैं, जिसे जनता देख रही है। भाजपा कार्यकर्ताओं को ईमानदारी से संगठन के लिए काम करने की जरूरत है। भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अलखनाथ पाण्डेय ने कहा कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व का नेतृत्व कर रहा है। पूरी दुनिया भारत के सामने नतमस्तक है। भारत विश्व गुरु बन चुका है। उन्होंने कहा कि भाजपा के नेतृत्व में ही राष्ट्र का विकास हो सकता है।

भाजपा नेता जवाहर पासवान ने कहा कि भारत आज जी20 जैसे शक्तिशाली समूह का नेतृत्व कर रहा है यह भारत के लिए गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता को गांव में जाकर लोगों को देश की उन्नति के बारे में बताना होगा। पूर्व जिलाध्यक्ष रघुराज पाण्डेय ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता राष्ट्रनिर्माण के लिए काम करते हैं। जब से नरेन्द्र मोदी प्रधानमंत्री बने तब से भारत का विश्व में मान सम्मान बढ़ा है। भाजपा कार्यकर्ता होना गर्व की बात है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेश कार्यसमिति सदस्य ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता पार्टी के रीढ़ होते हैं। कार्यकर्ताओं के दम पर ही भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनी है।

बैठक के दौरान डाटा प्रबंधन का सत्र लेते हुए जिला महामंत्री संतोष दूबे ने एवं सोशल मीडिया के बारे में जिला महामंत्री विकास स्वदेशी ने कार्यकर्ताओं को जानकारी दी। कार्यक्रम को मुकेश निरंजन सिन्हा, शारदा महेश प्रताप देव, डॉक्टर ईश्वर सागर चंद्रवंशी, रघुराज पांडे, शिवधारी राम सहित अन्य लोगों ने संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री संतोष दूबे ने किया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा जिला उपाध्यक्ष हरेंद्र दूबे, मुरली श्याम सोनी, भाजपा नेता भोला चंद्रवंशी, महेंद्र सिंह, गौरी बिंद, मीना गुप्ता, ठाकुर प्रसाद महतो, विवेकानंद तिवारी, उत्तम पाण्डेय, रितेश चौबे, रामशीष तिवारी, संजीत तिवारी, अनीता गुप्ता, लक्ष्मन राम, प्रेमानंद त्रिपाठी, बिरेंद्रनाथ दूबे, पवन कुमार, संजय कमलापुरी, सरोज सिंह, रामलला दुबे, श्रवण सिंह, नसरुद्दीन अंसारी सहित अन्य सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

## आत्मनिर्भर भारत की अवधारणा तभी सार्थक होगी जब स्वयं का रोजगार शुरू करें : लकड़ा



**ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान में छह दिवसीय बैंक मित्र कार्यक्रम का उद्घाटन**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान में छह दिवसीय बैंक मित्र कार्यक्रम का शुभारंभ एसबीआई पलामू क्षेत्रीय कार्यालय के मुख्य प्रबंधक अमूल लकड़ा, अग्रणी बैंक प्रबंधक इंदु भूषण लाल, जेएसएलपीएस के जोश लकड़ा, एफएलसीसी निरंजन तिवारी, अविनाश शुक्ला, नीतीश कुमार नीतीश कुमार और संस्था के संकाय मिथिलेश कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस मौके पर क्षेत्रीय कार्यालय के मुख्य प्रबंधक अमूल लकड़ा ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत की अवधारणा को तभी सार्थक किया जा सकता है जब युवा प्रशिक्षण प्राप्त कर अपना स्वयं का रोजगार शुरू करें। ऐसा करके दूसरों के लिए भी रोजगार के अवसर पैदा किये जा सकते हैं। अग्रणी बैंक प्रबंधक इंदु भूषण लाल ने प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण कार्यक्रम की महत्ता बताते हुए उन्हें उद्यम प्रोत्साहन नीति, विभिन्न ऋण योजनाओं की जानकारी दी। जोश लकड़ा ने कहा कि आप सभी लोगों को संस्था की ओर से निशुल्क प्रशिक्षण देकर स्वरोजगार से जोड़ने का काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आप सभी लोग प्रशिक्षण के बाद मित्र के रूप में अपने गांव और पंचायत में काम करेंगे।

### सदर अस्पताल गढ़वा से 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' को लेकर निकाली गयी रैली



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन झारखंड स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग झारखंड सरकार के बैनर तले आज सदर अस्पताल गढ़वा से बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का नारा को दोहराते हुए रैली निकाली गई, जो सदर अस्पताल से होते हुए रंका मोड़ चौक से होकर सिविल सर्जन कार्यालय तक जाकर समापन किया गया। मौके पर उपाधीक्षक अवधेश कुमार सिंह ने कहा कि समाज में बेटी को लोग मत समझो भार क्योंकि जीवन का है यह आधार। वहीं लोग जिस तरह बेटे को अपनाते हैं उसी तरह बेटी को भी अपनायें, बेटी भी आज बढ़ते दौर में बेटों के मुकाबले कार्य कर रही हैं और हर क्षेत्र में अपना नाम रोशन कर रही हैं। इस दौरान मौके पर डीपीएम प्रवीण कुमार सिंह, डॉ पीयूष, जियाउल हक, जेवियर एक्का, लैब टेक्नीशियन सुबोध सिंह, एकाउंटेंट विमलेश कुमार, सजंय कुमार राय एवं प्रशिक्षु एएनएम, जीएनएम एवं सहिया उपस्थित थे।

## सभी बैंक जनहित में निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप करें कार्य : उपायुक्त

**उपायुक्त ने की तृतीय त्रैमासिक जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की बैठक**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** उपायुक्त ने निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप बैंकों को कार्य करने को कहा। उन्होंने जनहित को ध्यान में रखते हुए बैठक में उपस्थित सभी बैंकों के पदाधिकारियों को सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं यथा केसीसी/मुद्रा जैसे ऋण का लाभ अधिक से अधिक लाभुकों तक पहुंचाने हेतु सक्रियता से कार्य करने का निर्देश दिया। समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त, रमेश घोलप ने तृतीय त्रैमासिक जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति को लेकर बैठक की।

बैठक में मुख्य रूप से वार्षिक ऋण योजना में विभिन्न बैंकों की उपलब्धियां, सी.डी. रेषियों, केसीसी, मुद्रा ऋण, बीमा योजना समेत अन्य के क्रियान्वयन की गहन समीक्षा कर उपायुक्त ने कई आवश्यक निर्देश दिये। सरकार द्वारा प्रायोजित विभिन्न योजनाओं यथा के०सी०सी०, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, महिला स्वयं सहायता समूह योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम समेत अन्य की उपलब्धियों के संबंध में चर्चा करते हुए उपायुक्त ने कई आवश्यक निर्देश दिये।

वहीं उपायुक्त ने विभिन्न क्षेत्रों में बैंकों को निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप कार्य करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप बैंकों को कार्य करने को कहा। उन्होंने जनहित को ध्यान में रखते हुए बैठक में उपस्थित सभी बैंकों के पदाधिकारियों को सरकार द्वारा चलाए जा रहे योजनाओं यथा केसीसी/मुद्रा जैसे ऋण का लाभ अधिक से अधिक लाभुकों तक पहुँचाने हेतु सक्रियता से कार्य करने का निर्देश दिया। साथ हीं एलडीएम को लगातार बैंकों से संपर्क में रहते हुए लाभुकों को ऋण देने समेत अन्य समस्याओं का समाधान त्वरित कराने का निर्देश दिया गया।

उक्त बैठक में सीएसआर मद से गढ़वा जिला का सौंदर्यीकरण पर भी चर्चा हुई। सीडी रेशियो बढ़ाने को लेकर भी आवश्यक निर्देश दिए गए। साथ ही उपायुक्त ने नये ब्रांच खोलने को लेकर आ रही समस्याओं को साझा करने को कहा। विभिन्न खाद्यान्न अरहर, महुआ एवं सरसों जैसे फूड प्रोसेसिंग सेक्टर से संबंधित फण्ड से भी लाभुकों को लाभ दिलाने का निर्देश दिया गया।

बैठक में मुख्य रूप से उप विकास आयुक्त, राजेश कुमार राय, आर०बी०आई लीड मैनेजर, शशि श्रीवास्तव समेत रीजनल मैनेजर झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक, जिला अग्रणी प्रबंधक (एलडीएम), डीडीएम नाबार्ड, सभी बैंकों के प्रतिनिधि समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे।

**उपायुक्त का कार्यालय, कोडरमा**
**(नजारत शाखा)**

**नीलामी सूचना संख्या–08/2022**

नगर परिषद, झुमरी तिलैया अन्तर्गत उपयोग में ना आने वाले खराब एवं निष्प्रयोजित वाहनों की क्रमांक 01 से 16 तक की नीलामी खुली डाक द्वारा दिनांक–14.02.2023 को 11.30 बजे पूर्वाहन समाहरणालय भवन में उपायुक्त, कोडरमा के सभागार में निविदा समिति की उपस्थिति में की जायेगी। वाहनों का विवरणी निम्नवत् है:–

| क्रमांक | वाहन का प्रकार | चेसिस नम्बर | इंजन नम्बर | वाहन का स्थान जहाँ रखा गया | न्युनतम संधारित मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 6 | 7 |
| 1 | Tata JD 315v (Backhoe Loader) | 315-v6354 | GRZ841403 | नगर परिषद झुमरी तिलैया | 114884.00 |
| 2 | Loader DH15P | N.A | N.A | नगर परिषद झुमरी तिलैया | 43890.00 |
| 3 | Loader Escorts 710 | 3712084522 | 433063246 | नगर परिषद झुमरी तिलैया | 95860.00 |
| 4 | Tractor Eicher 333/4 | 918014107154 | C86537 | नगर परिषद झुमरी तिलैया | 20878.00 |
| 5 | Tractor Tafe 30DI | 187458 | 531826062 | नगर परिषद झुमरी तिलैया | 18634.00 |
| 6 | Tractor Eicher 380 | 910713142675 | A0S275 | नगर परिषद झुमरी तिलैया | 22484.00 |
| 7 | Tata Ace (Tipper) | MAT-445237 | JZE-32683 | नगर परिषद झुमरी तिलैया | 49140.00 |
| 8 | Tata Ace (Tipper) | N.A | JZE-32682 | नगर परिषद झुमरी तिलैया | 49140.00 |
| 9 | Tata Ace (Tipper) | N.A | JZE-27480 | नगर परिषद झुमरी तिलैया | 49140.00 |
| 10 | Tata Ace (Tipper) | N.A | JZE-32852 | नगर परिषद झुमरी तिलैया | 49140.00 |
| 11 | Tata Ace (Tipper) | N.A | JZE-31477 | नगर परिषद झुमरी तिलैया | 49140.00 |
| 12 | Tata Ace (Tipper) | 3712084522 | JZE-32632 | नगर परिषद झुमरी तिलैया | 49140.00 |
| 13 | Tata Ace (Tipper) | 3712084522 | JZE-27516 | नगर परिषद झुमरी तिलैया | 49140.00 |
| 14 | Tata Ace (Tipper) | MAT49103H6E | N.A | नगर परिषद झुमरी तिलैया | 49140.00 |
| 15 | Tata Ace (Tipper) | MAT491011G6 BQ | N.A | नगर परिषद झुमरी तिलैया | 49140.00 |
| 16 | Road Roller | N.A | N.A | नगर परिषद झुमरी तिलैया | 24024.00 |

नीलामी प्रक्रिया का शर्त निम्नवत् है:–

1. डाक वक्ता जिस वाहन का बोली लगाने के लिए इच्छुक है उस वाहन के लिए निर्धारित न्युनतम मूल्य के अधिकतम बोली राशि (Finncial) एक बंद लिफाफा मे लिखकर दिनांक– 13.02.2023 अपराह्न 12:00 तक जिला नजारत शाखा, कोडरमा में जमा करेगें। उक्त जमा किए गए सभी लिफाफा को दिनांक–14.02.2023 को निविदा समिति के समक्ष खोला जायगा जिस निविदाता के द्वारा क्रमांकित वाहन का डाक राशि अधिक होगी उस राशि पर बोली लगाई जायेगी।
2. डाक वक्ता एक अन्य बंद (Technical) लिफाफा को में निम्न कागजात जमा करेगें।
A. प्रत्येक वाहन के लिए नीलामी में भाग लेने हेतु 10,000.00(दस हजार) रूपये का अलग–अलग या जितने वाहन के निलामी में भाग लेना है उतने वाहन के लिए एक बैंक ड्राफ्ट (प्रत्येक वाहन के लिए 10,000.00 के हिसाब से) उपायुक्त, कोडरमा के पदनाम से कोडरमा मे भुगतेय होगा।
B. डाक वक्ता का आधार कार्ड, चरित्र प्रमाण पत्र पुलिस अधीक्षक स्तर का छः माह के अन्दर निर्गत एवं डाक वक्ता का फर्म का G.S.T.No उपरोक्त सभी का स्वअभिप्रमाणित छाया प्रति दिनांक 13–02–2023 के अपराह्न 12:00 बजे तक जमा करना होगा, तभी वे डाक में भाग ले पायेंगे।
3. असफल डाक वक्ता को जमानत की राशि वापस कर दी जायेगी एवं सफल डाक वक्ता के जमानत की राशि उनके डाक राशि में समायोजित कर ली जायेगी।
4. जो भी अभिकर्त्ता वाहन लेने के लिए इच्छुक है वे वाहन की स्थिति का आवलोकन नगर परिषद झुमरी तिलैया में जाकर कर लेगें। नीलामी हो जाने के बाद किसी को किसी प्रकार से क्रमांकित वाहन की स्थिति से संबंधित दावा मान्य नहीं होगा।
5. सफल डाक वक्ता को जमानत राशि को छोड़कर शेश राशि बैंक ड्राफ्ट उपायुक्त, कोडरमा के पदनाम से एक सप्ताह के अंदर जिला नजारत शाखा में जमा कर नगर परिषद झुमरी तिलैया से वाहन को प्राप्त कर लेना है।
6. निर्धारित न्यूनतम मूल्य से कम राशि पर वाहन की नीलामी नही की जायेगी।
7. नीलामी रद्द करने एवं किसी भी डाक बोली को स्वीकार/अस्वीकार करने का अधिकार उपायुक्त, कोडरमा के पास सुरक्षित रहेगा।

**NOTE:-**नीलामी के संबंध में जानकारी हेतु **official website koderma.nic.in** पर अवलोकन किया जा सकता है।

PR.NO.288998 Koderma(22-23):D

ह०/– उपायुक्त, कोडरमा।

**आस्था :** पूर्व मंत्री गिरिनाथ सिंह ने भगवा ध्वज देकर एवं पूजा-अर्चना कर किया नगर भ्रमण यात्रा का शुभारंभ

# प्राण-प्रतिष्ठा से पूर्व देवी-देवताओं की मूर्तियों को कराया गया नगर भ्रमण

**परंपरागत ढोल नगाड़े तथा डीजे के भजनों पर झूमते हुए जयकारा लगाते रहे श्रद्धालु**

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेराल।** प्रखंड मुख्यालय के प्रसिद्ध मां सायर देवी धाम मंदिर में देवी-देवताओं की मूर्ति स्थापना को लेकर आयोजित पांच दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के तीसरे दिन गुरुवार को मूर्तियों के नगर भ्रमण से पहले शिखर स्नान, पूजन विद्वान आचार्य द्वारा कराया गया। जिसमें देवी धाम संचालन समिति के पदाधिकारियों के साथ देवी-देवताओं की प्राण प्रतिष्ठा के प्रतिनिधि एवं उपस्थित श्रद्धालुओं ने इस धार्मिक कार्य में सहभागिता निभायी।

नगर भ्रमण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री गिरिनाथ सिंह ने श्रद्धालुओं तथा विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारियों को भगवा ध्वज तथा पूजा अर्चना कर यात्रा का शुभारंभ कराया।

मौके पर गिरिनाथ सिंह ने मेराल के लोगों की देवी धाम से जुड़ी आस्था का जिक्र करते हुए कहा कि पूर्वजों द्वारा स्थापित इस धाम को अपने कार्यकाल में निर्माण करवाने का कार्य किया था। जिसका आज मूर्त रूप देखने को मिल रहा है। उन्होंने सनातन धर्म को हजारों वर्ष पुरानी बताते हुए कहा कि उन्हीं की कृपा से सब काम हो रहा है। भक्ति से शक्ति और संस्कार मिलती है। उन्होंने लोगों को धार्मिक भावना के साथ-साथ बच्चों के शैक्षणिक विकास के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि शिक्षित बनकर लोग अपना उत्तरोत्तर विकास कर सकेंगे।बता दें कि हजारों लोगों के आस्था का केंद्र मां सायर देवी धाम में मां दुर्गा, मां शीतला, मां काली के साथ महावीर जी की भव्य मूर्तियों को नगर भ्रमण कराया गया। नगर भ्रमण शोभायात्रा में शामिल बड़ी संख्या में उपस्थित श्रद्धालु परंपरागत ढोल नगाड़े तथा डीजे के भजन पर जयकारा लगाते चल रहे थे। नगर भ्रमण यात्रा देवी धाम मंदिर से निकाली गई जो प्राचीन शिव मंदिर, पूरवारा टोला, शिवनगर (शिव ढोढ़ा) नेनुआ मोड़, मुडल टोला, बस स्टैंड, छवआना टोला बाजार होते हुए वापस मंदिर पहुंची।

भव्य एवं आकर्षक मंदिर निर्माण के पश्चात देवी-देवताओं की मूर्ति स्थापित होने से लोगों में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष संजय भगत ने बताया कि मूर्ति स्थापना एवं प्राण प्रतिष्ठा के पश्चात रात्रि में 12 घंटे का अखंड कीर्तन किया जाएगा एवं 4 फरवरी को भव्य भक्ति जागरण का आयोजन किया जाएगा।

## निर्वाचन पद्धति से होगा छोटानागपुरिया तेली उत्थान समाज का चुनाव

**लोहरदगा।** छोटानागपुरिया तेली उत्थान समाज के संरक्षक प्रो शिवदयाल साहू ने बताया कि समाज के द्वारा नए सत्र के लिए सामाजिक पदाधिकारियों का चुनाव दिनांकः- 23/02/2023, दिन- बृहस्पतिवार को तेली धर्मशाला में (नजदीक कृषि बाजार बीआइडी लोहरदगा में संपन्न किया जाएगा। इसके लिए समाज के इच्छुक व्यक्तियों से जिला समिति, युवा समिति व महिला समिति के विभिन्न पदों हेतु आवेदन पत्र समर्पित करने की अपील की जा रही है। जिसमे अध्यक्ष, सचिव और कोषाध्यक्ष पदों पर निर्वाचन होगा। इसके लिए आवेदन पत्र प्राप्ति एवं जमा करने का स्थान राणा चौक लोहरदगा डॉ. टी. साहू के क्लीनिक में 9 फरवरी से 13 फरवरी तक एवं होटल नोवेल्टी पावरगंज लोहरदगा में रखा गया है।नाम वापसी की तिथि 14 फरवरी से 16 फरवरी तक रखी गयी है। उन्होंने समाज के लोगो से अपील की है कि वे चुनाव के दिन अधिक से अधिक संख्या में आकर चुनाव को संपन्न कराने में सहयोग करें और अपने साथ आधार कार्ड की छाया प्रति लेते आयें।

## चलाया गया वाहन जांच अभियान



**सेन्हा-लोहरदगा।** पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार के निर्देश पर सेन्हा थाना के समीप वाहन जांच अभियान चलाया गया। वाहन जांच के क्रम में ट्रिपल बाइक सवार को कड़ी फटकार लगाते हुए हेलमेट पहन कर बाइक चलाने का निर्देश दिया गया। वाहन का डिक्की और बैग तथा थैला खुलवा कर आपत्तिजनक सामान का भी जांच किया गया। वाहन जांच में लगभग 60 बाइक एवं 35 चार पहिया वाहनों का कागजो का जांच बारीकी से किया गया। जांच के उपरांत थाना प्रभारी धनंजय कुमार पासवान ने कहा पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर आपराधिक गति विधि को और दुर्घटना को नियंत्रण करने के उद्देश्य से वाहन जांच किया जा रहा है। साथ ही आपत्तिजनक सामान पर विशेष नजर रखी जा रही है। इसके अलावे उन्होंने कहा पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार अभी लगातार वाहनों का जांच किया जायेगा। बाइक चालकों को नशा कर ट्रिपल नहीं चलने के लिये भी सख्त निर्देश दिया गया। साथ ही बिना हेलमेट पहने बाइक सवार का बाइक जब्त कर नियम संगत कारवाई करने हेतु निर्देश दिया गया।

## निःशुल्क चिकित्सा शिविर लगाया



**लोहरदगा।** जिले के अति नक्सल प्रभावित पेशरार प्रखंड के चैनपुर में 158 बटालियन सीआरपीएफ द्वारा सशस्त्र बलों एवं जनता के बीच सौहार्दपूर्ण संबंधों को एक नया आयाम देते हुए केंद्रीय गृह मंत्रालय, सीआरपीएफ मुख्यालय के निर्देशानुसार 158 बटालियन द्वारा सिविक एक्शन प्रोग्राम वर्ष 2022-23 का आयोजन किया गया। इस अवसर पर निःशुल्क चिकित्सा शिविर लगाया गया। जहां बटालियन के मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा ग्रामवासियों को जरूरत के अनुसार दवाईयां वितरित की गयी। इसके अलावे गरीब ग्रामवासियों को पानी की टंकी, मच्छरदानी तथा छाता भी वितरित किया गया। वहां उपस्थित ग्रामीणों ने इस कार्यक्रम की भूरी-भूरी प्रशंसा की एवं भविष्य में भी इस प्रकार के कार्यक्रम का आयोजन करने का अनुरोध किया। इस कार्यक्रम को राहुल कुमार, कमांडेंट 158 बटालियन सीआरपीएफ की देखरेख में सम्पन्न किया गया। मौके पर सीआरपीएफ अधिकारी ने बताया कि केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल देश के कोने कोने में सिविक एक्शन प्रोग्राम चलाकर लोगो के बीच जरूरत के सामानों का वितरण करती है। मौके पर डॉ. रंजीत कुमार, (मुख्य चिकित्सा अधिकारी, ओ.जी.), संजय कुशवाहा, सहायक कमांडेंट तथा रंजिता नगेसिया, मुखिया चैनपुर पंचायत, पेशरार थानाध्यक्ष अख्तर अली और इलेक्ट्रोनिक व प्रिंट मीडिया जगत के लोग उपस्थित थे।

## विजेता प्रतिभागियों को स्कूल प्रबंधन ने किया सम्मानित



कैरो/लोहरदगा। जिले के कैरो प्रखंड के एचएस इंपिरियल पब्लिक स्कूल नगजुआ में विजेता खिलाड़ियों को किया गया सम्मानित। द्वितीय महिला राज्य स्तरीय ताइक्वांडो चैंपियनशिप 2022-23 जिसका आयोजन 21-22 जनवरी कोडरमा जिले में किया गया था। एचएस इंपिरियल पब्लिक स्कूल के एक खिलाड़ी ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया जिसमें सब जूनियर वर्ग के 24 किलोग्राम में अंजली उरांव को गोल्ड मेडल प्राप्त हुआ। विद्यालय परिवार की ओर से खिलाड़ी को सम्मानित किया गया जिसमें विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थिति रहे। नरौली पंचायत के मुखिया अरविंद उरांव और विद्यालय के डायरेक्टर एवं ताइक्वांडो खेल प्रशिक्षक अरविंद यादवने विजेता खिलाड़ी को विद्यालय का स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किये। साथ ही पूरे विद्यालय परिवार ने खेल प्रशिक्षक अरविंद जी को भी उनकी कड़ी मेहनत के लिए बधाई दी। विद्यालय के डायरेक्टर इरशाद अंसारी ने कहा की आप जैसे खिलाड़ियों के कारण ही हमारे विद्यालय का नाम पूरे जिले एवं राज्य में रोशन हुआ है एवं हमें आप जैसे खिलाड़ियों को पर गर्व है कि आप अपनी कड़ी मेहनत करके अपने विद्यालय अपने शिक्षक शिक्षिकाएं एवं अपने माता-पिता का नाम रोशन किए हैं। साथी पंचायत के मुखिया ने भी कहा पढ़ाई के साथ-साथ खेल भी अभी के समय में बच्चों को जरूरत है खेल में भी बच्चों अपना कैरियर बना सकते हैं हम सभी शिक्षक शिक्षिकाएं आशा करते हैं कि भविष्य में भी इस प्रकार के और खिलाड़ी उभर कर आए और अपने और अपने विद्यालय का नाम पूरे राज्य में और पूरे देश में रोशन करें। सम्मानित करने वालों में विद्यालय के डायरेक्टर इरशाद अंसारी, अरविंद यादव, रेहान अंसारी, सुशीला खलखो, सुशांत चौर्य, कनक, शोएब अंसारी, धन कुमार पूजा कुमारी, सना खातून, ममता कुमारी, उर्मिला तिर्की, फूलमती देवी उपस्थित थे।

## हनुमान मंदिर प्रांगण में आयोजन



**हेरहज-(लातेहार)।** प्रखंड के तासु ग्राम स्थित हनुमान मंदिर प्रांगण मे मंगलवार को राष्ट्रीय स्वयं संघ के द्वारा मंडल सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिस की अध्यक्षता प्रबुद्ध नागरिक यदुनंदन प्रसाद ने की। जबकि संचालन सह खंड कार्यवाह रूपेंद्र जायसवाल ने की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संघ जिला संचालक अनिल ठाकुर ने कहा की हम सब को संगठित होने की जरूरत है। आज हम संगठित नही है जिसका नतीजा है की हमारा देश और समाज टूट रहा है। आज हम सबको चिंतन करने की जरूरत है। और हम भारतीयों के चिंतन से ही विश्व शांति है संभव है, और राष्ट्र की सुरक्षा सामाजिक मजबूती पर निर्भर है। जिला कार्यवाह धर्मेंद्र जायसवाल ने कहा की राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संस्थापक डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार का व्यक्तित्व सूर्य समान प्रतिभाशाली है। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की स्थापना डॉ साहब के द्वारा विजया दशमी तिथि 1925 को की गयी। और डॉ साहब ने अपने समाज को जागृत और संगठित करना शुरू कर दिया। यदि उनके एक कण के बराबर तेज सभी में आ जाये तो दुनिया का अंधकार दूर हो जाए। दुनिया की भलाई के लिए उच्च जीवन मूल्यों पर कैसे जिया जाए। साथ ही समाज जीवन कैसा होना चाहिए।

# ईसाई धर्म छोड़ एक ही परिवार के 13 सदस्यों ने की सरना धर्म में वापसी

आजाद सिपाही संवाददाता



सेन्हा-लोहरदगा। धर्म परिवर्तन का सिलसिला थमने का नाम नही ले रहा है। लोग प्रलोभन या अंधविश्वास का शिकार हो अपने धर्म छोड़ दूसरे धर्म को अपना रहा है। परंतु धर्म परिवर्तन के पश्चात हकीकत सामने आता है तो घर वापसी करते हैं और पुनः अपना धर्म को स्वीकार करते हैं। ऐसा ही एक मामला तोड़ार मैना टोली ग्राम में सामने आया जो ईसाई धर्म छोड़ एक ही परिवार के 13 सदस्य ने 12 पड़हा बेल के नेतृत्व घर वापसी किया। घर वापसी के पश्चात लोगों ने कहा कि अपना ही धर्म सर्वश्रेष्ठ है। अब हमलोग बहकावे का शिकार नही होंगे। जानकारी के अनुसार सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के मुर्की तोड़ार पंचायत में एक ही परिवार के 13 सदस्य एक साथ ईसाई धर्म को छोड़ सरना धर्म में 12 पड़हा बेल के नेतृत्व में घर वापसी किये। 2012 में आदिवासी धर्म को छोड़ ईसाई धर्म के प्रलोभन तथा अंधविश्वास में आकर तोड़ार मैनाटोली निवासी राजेश खलखो,सुखराम उरांव, सरिता खलखो, सुरजी उराँव, हीरा खलखो, मिनी खलखो, चन्द्रदेव खलखो, राजू खलखो, सोनाली खलखो, अमन खलखो, सचिन खलखो, प्रीति खलखो सरना धर्म को छोड़ धर्म परिवर्तन कर ईसाई धर्म में शामिल हो गये थे। परंतु अपनी इच्छानुसार पुनः आदिवासी धर्म अपनाने का इच्छा जाहिर करते हुए सरना रीति रिवाज से घर वापसी का प्रस्ताव 12 पड़हा बेल के समक्ष रखते हुए सभी लोगों ने एक साथ घर वापसी किया। सरना समाज के चौकनी पड़हा बेल दीपेश्वर भगत ने जानकारी देते हुए कहा कि गांव में ही पाहन पुजार द्वारा आदिवासी रीति रिवाज से पूजन करा कर एक ही परिवार के 13 सदस्यों को उनके स्वेच्छा से सरना समाज में शामिल किया गया है। वहीं ईसाई धर्म को छोड़ पुनः घर वापसी पर उन सभी परिवार आदिवासी धर्म अपनाने के पश्चात कहा की अपना धर्म ही सर्व श्रेष्ठ है। किसी के बहकावे में या कोई लालच में अब दूसरे धर्म को नही अपनाएंगें। मौके पर बुधराम उरांव, तुलसी उरांव, बोलवा उरांव, मंगरा उरांव, बुधमन उरांव, सोमरा उरांव, विश्वनाथ भगत सहित समाज के गण्य मान्य व्यक्ति सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

## लातेहार में एलएमजी समेत चार अत्याधुनिक हथियार बरामद

# 470 राउंड गोलियां भी मिली

आजाद सिपाही संवाददाता




**लातेहार।** नक्सलियों के सुरक्षित ठिकानों में से एक लातेहार और गढ़वा जिले के सीमावर्ती बूढ़ा पहाड़ को मुक्त कराने के बाद पुलिस, सीआरपीएफ और जगुआर की टीम लगातार इस इलाके में सर्च अभियान चला रही है। इसी कड़ी में टीम में शामिल सीआरपीएफ की 209 कोबरा बटालियन के द्वारा लातेहार जिले के बारेसाढ़ थाना क्षेत्र के जोकपानी क्षेत्र में चलाये गए सर्च अभियान में एक एलएमजी समेत चार अत्याधुनिक हथियार, 470 राउंड गोली एवं अन्य हथियार सामग्री बरामद की गयी।

सीआरपीएफ की 209 कोबरा बटालियन बूढ़ा पहाड़ को प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादी से मुक्त कराने के बाद इस इलाके में लगातार सर्च अभियान चला रही है. इसी कड़ी में एक फरवरी को बारेसाढ थाना क्षेत्र के जोकपानी क्षेत्र में इस टीम को बड़ी सफलता हाथ लगी. कोबरा के जवानों ने इस इलाके से 5.56 एमएम की एक एलएमजी, 7.62 एमएम की दो एसएलआर, 5.56 एमएम की एक इंसास रायफल बरामद की गयी। इसी तरह 5.56 एमएम एलएमजी की चार मैग्जिन, 5.56 एमएम इंसास की तीन मैग्जिन, 7.62 एमएम एसएलआर की 6 मैग्जिन, 5.56 एमएम की 230 एवं 7.62 एमएम की 240 गोलियां बरामद की गयी। 4 एम्युनेशन पाउच बरामद हुई।

## शहीद वीर बुधु भगत, हलधर-गिरधर, रूनिया-झुनिया शहीद स्थल पर श्रंद्धांजलि समारोह आयोजित

# आनेवाले वर्षों में टिको शहादत स्थल पर लगेगा भव्य मेला : डीसी



आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** जिला के कुडू प्रखण्ड स्थित टिको शहादत स्थल पर शहीद वीर बुधु भगत, हलधर-गिरधर, रूनिया-झुनिया शहीद स्थल पर श्रंद्धांजलि समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उपायुक्त, सेवानिवृत आईएएस पदाधिकारी व जिला के पूर्व उपायुक्त दिलीप कुमार टोप्पो, विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल, नीलाम पत्र पदाधिकारी बिरसाय उरांव, प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोरंजन कुमार समेत शहीद समारोह समिति की ओर से शहीदों के शहादत स्थल पर माल्यार्पण किया गया। इससे पूर्व समारोह समिति द्वारा शहादत स्थल पर राष्ट्रीय ध्वज भी फहराया गया। कार्यक्रम में आगंतुक अतिथियों का स्वागत समारोह समिति एवं टाना भगत की ओर से किया गया। कार्यक्रम में उपायुक्त ने कहा कि आनेवाले वर्षों में टिको शहादत स्थल पर भव्य मेला लगेगा। कार्यक्रम में पूर्व विधायक सधनु भगत, समारोह समिति की ओर से बालमुकुंद लोहरा, बेंजामिन उरांव, सरिता भगत, चामू उरांव, संजय उरांव, सोमे उरांव, हर्षनाथ उरांव समेत अन्य गणमान्य उपस्थित थे।

### शहीदों ने खुद के लिए नहीं, हमें शोषण से बचाने के लिए दिया बलिदान : दिलीप टोप्पो

सेवानिवृत भारतीय प्रशासनिक पदाधिकारी और जिले के पूर्व उपायुक्त दिलीप कुमार टोप्पो ने कहा कि टिको में शहीद हुए वीर बुधु भगत, उनके पुत्र हलधर-गिरधर, रूनिया और झुनिया ने अपने लिए नहीं बल्कि हमें शोषण से बचाने के लिए अपने प्राणों की आहूति दी।

### जिला में जन्म लेना फख्र की बात है, जहां वीर बुधु ने शहादत दी : निशीथ

कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल ने कहा कि इस जिला में जन्म लेना फक्र की बात है, जहां वीर बुधु ने शहादत दी। लरका आंदोलन का उन्होंने सूत्रपात किया और आज ही के दिन शहीद हुए। हम उनके पदचिन्हों पर चलने की कोशिश करें। इस शहादत स्थल के सौंदर्यीकरण का विधायक सह मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव का वादा था जो उन्होंने पूरा किया।

## किस्को सीएचसी में कार्यरत अनुबंध पारा मेडिकल कर्मियों ने किया धरना प्रदर्शन

**किस्को/लोहरदगा।** जिले के किस्को अस्पताल में संविदा पर कार्यरत स्वास्थ्य कर्मचारी संघ ने गुरुवार को किस्को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में अपनी विभिन्न मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान अनुबंध कर्मियों ने ओपीडी में ताला लगाकर सरकारी कर्मचारियों से धरना प्रदर्शन को सफल बनाने में सहयोग करने की अपील की। जिससे उनकी मांगों को सरकार जल्द सुने और स्थायीकरण की मांगों को पूरी करें। इसके बाद सभी अनुबंध स्वास्थ्य कर्मचारी किस्को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में धरना प्रदर्शन करने के बाद लोहरदगा में आयोजित धरना प्रदर्शन कार्यक्रम में शामिल होने के लिए रवाना हुए। उल्लेखनीय है कि झारखंड राज्य एनआरएचएम के तहत कार्यरत एएनएम जीएनएम अनुबंध कर्मचारी संघ के बैनर तले पूरे राज्य में स्थायीकरण की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन का आह्वान किया गया है। जिसके बाद से अनुबंध कर्मी लगातार 18 दिनों से हड़ताल में है। जिससे लेकर स्वास्थ्य सुविधाएं बच्चे का नियमित टीकाकरण, एमटीसी, स्वास्थ्य उपकेंद्रों में प्रसव एवं ओपीडी सहित अन्य कार्य प्रभावित गया है। हालांकि प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अशोक कुमार ओड़ेया का दावा है कि अनुबंध स्वास्थ्य कर्मचारियों के हड़ताल में जाने के बाद भी सभी कार्य सुचारू रूप से चल रहा है।

## सड़क दुर्घटना में घायल युवक की मौत



**बालूमाथ।** एकीकृत बालूमाथ थाना क्षेत्र के बारियातू फुलशु मोड़ के पास बुधवार की देर रात सड़क दुर्घटना में घायल युवक की मौत रांची रिम्स में आज गुरुवार की सुबह हो गयी। घायल युवक बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्थित महावीर मंदिर के मुख्य पुजारी सह बरियातू नचना ग्राम निवासी पंडित दीनानाथ वेद के प्रथम पुत्र संतोष कुमार वैद्य जिसे गंभीर अवस्था में देर रात बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाया गया। जहां पर डॉ. पुरुषोत्तम कुमार ने घायल संतोष वैद्य की स्थिति को गंभीर देखते हुए प्राथमिक उपचार के पश्चात बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया। जहां पर इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी। मृतक की उम्र करीब 28 वर्ष है जिसकी विवाह आगामी 17 फरवरी को होनी थी, जो बुधवार की रात बारियातू ग्राम में आयोजित एक शादी समारोह में बाइक द्वारा भाग लेने जा रहा था कि इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रही एक पिकअप वैन ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। इस घटना के बाद से मृतक के परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। वही बालूमाथ प्रखंड के सामाजिक राजनीतिक तथा लोगों ने इस घटना को दुखद बताते हुए समाज के लिए अपूरणीय क्षति बताया है।

## शहीद बाबू जगदेव प्रसाद की 101वीं जयंती मनायी



**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखंड के रेलवे कॉलोनी ओबीसी कार्यालय मे गुरुवार को भारत लेनिन सामाजिक सांस्कृतिक राजनीतिक एवं आर्थिक क्रांति का अग्रदूत अमर शहीद जगदेव प्रसाद का 101वीं जयंती समारोह धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन रेलकर्मी ओबीसी संगठन द्वारा आयोजित किया गया था। कार्यक्रम की अध्यक्षता व संचालन वरीय रेल चालक गुरु प्रसाद और सूरज प्रकाश ने किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में बाबू जगदेव प्रसाद की तस्वीर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रेलवे के वरीय चिकित्सक संजय प्रकाश, प्रसाद गुरुप्रसाद पीके सिंह अजय कुमार यादव व अतिथि सदस्यों ने माल्यार्पण पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। इस कार्यक्रम में उपस्थित ओबीसी मोर्चा के अन्य सदस्यों ने भी बारी बारी से बाबू जगदेव प्रसाद की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। एक दर्जन से अधिक सदस्यों ने संबोधित करते हुए बिहार के राजनीति में उनके द्वारा दिए गए योगदान के बारे में विस्तार से बताया। मौके पर अखिलेश्वर प्रसाद, एके यादव, राजद प्रदेश महासचिव अजय चंद्रवंशी, बसपा के श्री राम,चंदन मेहता, ऋषि कुमार, सीबी कुशवाहा, सौरभ कुमार, संतोष कुमार, निरंजन कुमार, सुमन कुमार, संजीत कुमार, विसी आजाद, एबी सिंह, पी के सिंह, लव कुमार, समेत काफी संख्या में रेल चालक, सहायक चालक व अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## बालूमाथ में सीओ के पिता का आकस्मिक निधन, लोगों ने किया शोक व्यक्त




**बालूमाथ।** अंचल अधिकारी आफताब आलम के पिता के आस्मिक निधन पर लोगों ने शोक व्यक्त किया। मिली जानकारी के अनुसार अंचल अधिकारी अफताब आलम के पिता रांची के चर्चित अस्पताल मेडिका हॉस्पिटल में इलाज रत थे। जिनकी आज गुरुवार सुबह लगभग 7 बजे निधन हो गये। जिससे बालूमाथ प्रखंड के सभी राजनीतिक दलों के नेता, जन प्रतिनिधि, पत्रकार, पुलिस-प्रशासन, अंचल और प्रखंड कर्मी, समाजसेवी के साथ भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा, एससी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष अमित कुमार, प्रितलाल यादव, आमिर हयात, ऐश्वर्य उरांव, प्रदीप यादव, पत्रकार संतोष सिन्हा, प्रफुल पांडेय, इन्द्रदेव ठाकुर, जावेद अख्तर, कौशर अल्ली, अनिल प्रजापति,इन्द्रदेव ठाकुर, देवनंदनन प्रसाद, अंचल उपनिरिक्षक मुनेश्वर गंझू राजेन्द्र कुजूर अमीन भूनेश्वर प्रसाद, मनोज कुमार, जगरनाथ प्रसाद, अनिल कुमार, समेत सैकड़ों ग्रामीणों ने दुःख व्यक्त की। और उनकी आत्मा की शांति के लिए कामना किया है ।

## सरकारी शराब दुकान से झारखंड सरकार का लोगो लगा फर्जी बार कोड बरामद



**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखंड मुख्यालय में संचालित सरकारी शराब दुकान से नकली शराब के अलावा फर्जी बार कोड मिलने से सनसनी फैल गई है। बुधवार को नकली शराब बेचे जाने की शिकायत के बाद स्थानीय पुलिस और आबकारी विभाग की संयुक्त टीम ने छापामारी के दौरान नकली अंग्रेजी शराब बनाने में इस्तेमाल किए जाने वाली शराब की खाली बोतलें, सैकड़ों ढक्कन और रैपर बरामद किया गया था। इसी क्रम में आगे जांच के दौरान झारखंड सरकार का लोगों लगा 6 पत्ता लगभग 260 फर्जी बार कोड बरामद किया गया। आबकारी विभाग के सब इंस्पेक्टर अभिषेक कुमार ने बताया कि मामले में विस्तृत छानबीन चल रही है। फिलहाल दोनों लोगो पर कार्रवाई की जा रही है और फरार चल रहे तीसरे सेल्समैन दीपक कुमार की धर पकड़ के लिए छापेमारी चलाया जा रहा है। वही इस धंधे में शामिल अन्य लोगों की भी पड़ताल की जा रही है।

## बाइक सवार दो युवक सहित टेंपू चालक घायल

**सेन्हा-लोहरदगा।** बक्सीडीपा स्थित बदला मोड़ के समीप सड़क दुर्घटना में तीन लोग गम्भीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय ग्रामीणों के मदद से अस्पताल में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार लोहरदगा जिला अंतर्गत सेन्हा थाना क्षेत्र के बक्सीडीपा स्थित बदला मोड़ा में गुमला लोहरदगा मुख्य मार्ग एन एच 143 ए पथ पर केटीएम बाइक जे एच 01डी एक्स 0823 एवं टेम्पू जे एच 08 ई 7713 में जोरदार टक्कर हुआ। जिसमें बाइक सवार दोनो युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक की पहचान सेन्हा निवासी स्व. चमरु उरांव के पुत्र भीम उरांव तथा स्वर्गीय संजय लहेरी का पुत्र आर्यन लहेरी के रूप में किया गया। वहीं प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टेंपू चालक सीताराम उरांव को भी गंभीर चोटें होने की बात बतायी जा रही है। बताया जाता है कि टेंपू बाहरी से बक्सीडीपा ढोडा टोली जा रहा था। इसी बीच बाइक व टेम्पू में टक्कर हो गया। जिसमें तीन लोग घायल हो गया। सभी घायल को इलाज हेतु ग्रामीणों के मदद से सदर अस्पताल लोहरदगा भेजा गया।

## जंगलों से ही मनुष्य का अस्तित्व : डीसी



**लोहरदगा।** वन प्रमंडल, लोहरदगा की ओर से नगर भवन में विश्व आद्र भूमि दिवस (वेट लैंड डे) पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में डीसी ने कहा कि पेड़ ऑक्सीजन पैदा करते हैं। जंगल खत्म होंगे तो ऑक्सीजन खत्म हो जाएगा। ऑक्सीजन खत्म होगा तो मनुष्य का अस्तित्व भी खत्म हो जायेगा। इसलिए पेड़ जरूर लगाएं। हम सभी को मिलकर पर्यावरण अंतर्गत पेड़ पौधे, नदी-पहाड़, झरने, झील आदि का संरक्षण करना चाहिये, इसलिए जंगल का दायरा बढ़ाएं।जैव विविधता को बनाए रखने के लिए हम सभी को प्रयास करना होगा। आद्र भूमि को पहचानने और उसके संरक्षण की आवश्यकता है नहीं तो मनुष्य का अस्तित्व समाप्त हो जाएगा। कार्यक्रम में वन प्रमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार ने कहा कि हमें प्रकृति की ओर से सूर्य की रौशनी, जल और वायु मुफ्त मिलती है जो मनुष्य की सबसे जरूरी आवश्यकता है। इसे संरक्षित करने की आवश्यकता है। पेड़ और पानी के बीच अन्योन्याश्रय संबंध है। कार्यक्रम में एसडीओ ने कहा कि जैव विविधता बनाये रखने के लिए उस भूमि की पहचान जरूरी है। विकास के क्रम में जैव विविधता का नुकसान हुआ है। हमें इसे समझने की जरूरत है। कार्यक्रम में जैव विविधता पर्षद के साइंटिस्ट प्रसेनजित मुखर्जी, कृषि विज्ञान केंद्र किस्को के हेमंत पांडेय ने भी अपने विचार व्यक्त किये। इस मौके पर बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित थे।

## प्रमुख के औचक निरीक्षण के बाद हरकत में आयी शिक्षा विभाग

**किस्को/लोहरदगा।** जिले के किस्को प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत पाखर के सलैया कांशीटांड़ में संचालित उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय सलैया कांशीटांड़ का गुरूवार को प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी राम जीवन नायक ने निरीक्षण कर बारीकी से जांच पड़ताल किया। इस दौरान प्रभारी प्रधानाध्यापक एतवा मुंडा के द्वारा स्कूल के भवन में बकरी एवं बैल रखकर नीजी उपयोग मामले की गंभीरता पूर्वक बीईईओ रामजीवन नायक के द्वारा संज्ञान में लेते हुए जांच पड़ताल की गयी। इस बीच बीईईओ के द्वारा जांच में मामला सत्य पाया गया। बताते चलें कि बीते मंगलवार को किस्को प्रखंड प्रमुख सुचित्रा भगत के द्वारा पाखर पंचायत के ग्राम सलैया कांशीटांड़ में संचालित उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय सलैया कांशीटांड़ का औचक निरीक्षण किया गया था जिसमें स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों से झाड़ू लगवाने एवं रसोइया गायब रहने और विद्यालय के भवन में बकरी और बैल रखा हुआ पाया गया था।

## पूर्व विधायक प्रकाश राम ने की आम बजट की तारीफ

# देश के 140 करोड़ लोगों के लिए बताया वरदान

संतोष सिन्हा



**बालूमाथ।** प्रखंड के भाजपा के कार्यकर्ताओं के द्वारा बताया गया कि भारत सरकार सबके साथ सबका विकास को लेकर कार्य कर रही है। आम बजट 2023 को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन ने 2023-24 के लिए संसद में रखा। भारत के प्रधानमंत्री के गरीब कल्याण और भारत के मध्यम वर्ग को ध्यान में रखकर इसे तैयार किया गया है। सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास सबका प्रयास के नारे को धरातल पर उतारता यह बजट है। बजट सर्व स्पर्शी, सर्व व्यापी और सर्व ग्राह्यी है। भारत के विकास को सर्वोन्मुखी प्रगतिशील विश्व मंच पर अपनी साख और छाप छोड़ने वाला है। जहां विश्व में बड़े बड़े देशों की अर्थ व्यवस्था गोते लगा रही है। भारत 5 ट्रिलियन इकोनॉमिक बनने की ओर अग्रसर है। वहीं भाजपा कार्यकर्ताओं ने बजट पर अपना अपना पक्ष रखते हुए बजट का समर्थन किया है। बालूमाथ प्रखण्ड के पूर्व भाजपा बीस सूत्री अध्यक्ष रविन्द्र सिन्हा (भानु) ने कहा है कि बजट की सात प्राथमिकताएं सप्तऋषि की तरह अमृतकाल के दौरान मार्गदर्शन करेगी। श्री सिन्हा ने अमृतकाल के पहले अमृत बजट को सही अर्थो मे आत्मनिर्भर अर्थव्यवस्था वाला बजट करार दिया है। संजीव कुमार सिन्हा ने इस बजट को हर वर्ग की उम्मीदो और राष्ट्र के समग्र उत्थान की अपेक्षाओ व आकांक्षाओ को पुरा करने वाला बजट बताया है। लातेहार के पूर्व विधायक प्रकाश राम ने बजट को आत्मनिर्भर अर्थव्यवस्था के साथ साथ बजट को नये भारत की नींव रखने वाला बजट करार के साथ 140 करोड़ भारतवासियो का बेहतर और खुशहाल रखने वाला बजट बताया है।

## जंगली हाथी के आगमन से लोगों में दहशत

**किस्को/लोहरदगा।** जिले के किस्को एवं पेशरार प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत लावापानी द्वार के समीप पर स्थित कलवर्ट के समीप अचानक जंगली हाथी के आगमन से लोगों में दहशत फैल गया है। इधर बैल चरवाहों के द्वारा जंगली हाथी देखे जाने के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल बन गया है। लोग जंगली हाथी के डर से अपने-अपने मवेशियों को छोड़कर किसी तरह जान बचाकर अपने गंतव्य की ओर भाग खड़े हुए। हालांकि जंगली हाथी के द्वारा अभी तक किसी प्रकार का जान-माल की नुकसान नहीं पहुंचाई गयी है। परंतु अचानक जंगली हाथी के दस्तक देते ही क्षेत्रवासियों में कोहराम मचा हुआ है। लोग जंगली हाथी के धमक से समय से पहले अपने घरों में दुबकना बेहतर समझ रहे हैं। मामले को ले लोहरदगा वन प्रमण्डल पदाधिकारी अरविंद कुमार से दूरभाष पर संपर्क स्थापित करने का प्रयास किया गया लेकिन डीएफओ का मोबाइल नंबर बार-बार व्यस्त रहने के वजह से उनका प्रतिक्रिया नहीं लिया जा सका।

## पतिया गांव में पुलिस ने नष्ट की अफीम की खेती



**राजधानी रांची तक फैला हुआ है तस्करों का नेटवर्क**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** सदर थाना क्षेत्र के पतीया गांव में लगभग 30 डिसमील भूमि पर तैयार हो रही अफीम की खेती को गुमला पुलिस ने नष्ट कर दिया। नशे के इस कारोबार को बढ़ने से रोकने के लिए पुलिस की यह बड़ी कार्रवाई है। जानकारी के अनुसार गुमला सदर थाना क्षेत्र के पतिया इलाके में अफीम की खेती की जा रही थी। फसलों पर फूल भी आ चुके थे। इसी बीच इसकी जानकारी किसी ने गुमला पुलिस को दी। जिसके बाद मजिस्ट्रेट रश्मि मिंज की अगुवाई में एसडीपीओ मनीषचंद्र लाल और थानेदार विनोद कुमार सहित पुलिस बल गांव पहुंचा। पूरे मामले की छानबीन की और ग्रामीणों से मामले को जाना। जिसमें जानकारी मिली कि बिना लाइसेंस के पतिया गांव में अफीम की खेती तैयार की जा रही है। बताया जा रहा है कि इस फसल में मुख्य रूप से रांची का एक व्यक्ति संलिप्त है। जबकि कुछ स्थानीय लोगों की भी भूमिका सामने आ रही है। पतिया पहुंच कर पुलिस ने इस खेती को नष्ट कर दिया। साथ ही आवश्यक जानकारी इकट्ठा कर मामले में प्राथमिकी दर्ज करने की प्रकिया शुरू कर दी गई है। पूर्व में भी गुमला के बसिया-कामडारा क्षेत्र में बड़े पैमाने पर अफीम की खेती करने की शुरुआत की गई थी। जिसे पुलिस की सक्रियता ने नाकाम करते हुए फसल को बढ़ने नहीं दिया। बताया गया है कि अफीम की खेती के लिए सरकारी स्तर पर लाइसेंस जारी किए जाते हैं। चूंकि यह फसल नशे के अलावे दवा बनाने के काम भी आती है। इसलिए कई प्रकार की सरकारी प्रकियाओं के बाद इसका लाइसेंस निर्गत किया जाता है।

## नगर परिषद वाहनों की पार्किंग की व्यवस्था सुनिश्चित करे : मिशन बदलाव



**गुमला (आजाद सिपाही)।** मिशन बदलाव के जिला सचिव सैयदा खातून, नगर अध्यक्ष ज्योति कुमारी वर्मा, चंद्रकला टोप्पो और नगर सचिव जयोति कुजूर के नेतृत्व में डीसी, नगर परिषद कार्यपालक पदाधिकारी और जिला परिवहन पदाधिकारी के नाम कार्यालय में वाहनों के अवैध पार्किंग को रोकने और यातायात नियमों का पालन करवाने के लिये मांग पत्र सौंपा। सईदा खातून ने बताया कि गुमला नगर परिषद के नाम पर यहां-वहां अवैध तरीके से टेम्पो, पिकअप से जबरदस्ती पैसा की वसुली की जाती है, पैसा वसूली करने वाले आसामजिक और उपद्रवी तत्व हमेशा छोटे एवं कॉमर्शियल वाहन, टेम्पो एवं पिकअप को निशाना बनाते हैं और यहां-वहां रोक देते हैं, जिससे जाम की भी समस्याओं से गुमला नगरपरिषद के लोग भयभीत होते हैं। सईदा खातुन ने कहा कि प्रशासन मामले को गंभीरता से ले और गाड़ी के पड़ाव और पार्किंग सुनिश्चित करे। जिससे आम लोंगों को परेशानी न हो।

## ग्रामीणों ने मिशन बदलाव के सहयोग से बदली गांव की रूपरेखा

**गुमला (आजाद सिपाही)।** मिशन बदलाव एवं ग्रामीणों की बैठक कुछ महीने पूर्व चंदन उराव की अध्यक्षता में अताकोरां पंचायत बटकुरी में हुई थी। ग्रामीणों एवं मिशन बदलाव सदस्यों ने गांव में पेयजल की समास्या एवं शिक्षा व्यवस्था की बदतर स्थिति से जनप्रतिनिधियों एवं प्रसाशन को अवगत कराया था। परंतु कोई भी उचित समाधान नहीं निकलता देख ग्रामीण 'मिशन बदलाव टीम' से प्रेरणा लेकर चन्दन उरांव, सुनील उरांव, रोपना उरांव, बिनोद उरांव, रामू भगत उरांव एवं अन्य साथियों के सहयोग से गांव के मूलभूत जरूरतों को पूरा करने का प्रयास किया गया। आज गांव में छोटे बच्चों की निःशुल्क रात्रि पाठशाला चलायी जा रही है। बिजली नहीं रहने की स्थीति में इनवर्टर की सुविधा है, तीन शिक्षक हैं अजय उरांव, पंचम उरांव और करमचंद उरांव। ग्रामीणों ने स्वतः टेंट सामग्री की व्यवस्था की है, जिससे ग्रामीणों को बहुत ही कम मूल्य में सुविधा दी जाती है। ग्रामीणों के छोटे-बड़े आर्थिक सहयोग से गांव के 07 चापानल और एक जलमीनार की मरम्मत करायी गयी। बच्चों के सहयोग से गांव की साफ-सफाई की गई। इन सभी कार्य मिशन बदलाव सदस्य चंदन उरांव के नेतृत्व में किये जा रहे हैं। इसमें सुनील उरांव, रोपना उरांव, बिनोद उरांव, रामू भगत, अजय उरांव, मंगरा उरांव, राजेन्द्र उरांव, बलजीत उरांव, पंचम उरांव, ललित उरांव, सुभाष उरांव, करमदेव उरांव, एतवा उरांव, गोईंदा उरांव, कंचन उरांव, लदिरा उरांव का भरपूर सहयोग मिल रहा है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों से सिंचाई की उचित व्यवस्था, गांव में एक आधुनिक कम्प्यूटर युक्त लाइब्रेरी एवं एक सामुदायिक भवन निर्माण कराने की मांग की है।

**बैठक :** सुरक्षा और अपराध की रोकथाम को लेकर गुमला-सिमडेगा पुलिस की अंतरजिला बैठक आयोजित

# शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए कटिबद्ध है पुलिस : एहतेशाम वकारिब

**आपसी सामंजस्य, सहयोग, विधि-व्यवस्था, नक्सलियों के विरुद्ध कारगर अभियान चलाये जाने के संबंध में किया गया विचार-विमर्श**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** सुरक्षा और अपराध की रोकथाम को लेकर गुमला व सिमडेगा के आला पुलिस अधिकारियों की अंतरजिला बैठक अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कार्यालय, बसिया में आयोजित की गई।

बैठक में मुख्य रूप से पुलिस अधीक्षक, गुमला, पुलिस अधीक्षक, सिमडेगा, पुलिस उपाधीक्षक (अभि.), गुमला, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, बसिया, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सिमडेगा, पुलिस निरीक्षक, तोरपा (खूंटी जिला), पुलिस निरीक्षक, बसिया अंचल, थाना प्रभारी, कामडारा- कुरकुरा- बसिया- पालकोट के साथ-साथ एवं सिमडेगा जिले के थाना प्रभारी, पाकरटांड़, कोलेबिरा, बानो, महाबुआंग, ओड़गा ओपी तथा सिमडेगा जिला से आये अन्य पुलिस पदाधिकारी शामिल हुए।

इस अंतरजिला बैठक में आपसी सामंजस्य, सहयोग, विधि-व्यवस्था, नक्सलियों के विरुद्ध कारगर अभियान चलाये जाने तथा लूट, डकैती, चोरी इत्यादि के कांडों में त्वरित उद्भेदन करने के संबंध में विचार-विमर्श किया गया। बैठक में कहा गया कि दोनों जिले में शान्ति व्यवस्था कायम रखने के लिए पुलिस कटिबद्ध है।

## लायंस क्लब गुमला ने स्टार डीपीएस के बच्चों के साथ ई-वेस्टेज जागरूकता रैली निकाली

**अपने घरों में पड़े ई-वेस्टेज को संग्रहण स्थल में करा सकते हैं जमा : अध्यक्ष**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** ई-वेस्टेज कार्यक्रम के तहत लायंस क्लब गुमला के द्वारा स्टार डीपीएस गुमला के सहयोग से जागरूकता रैली निकाली गई। इसके तहत कोई भी पुराना अनुपयोगी इलेक्ट्रॉनिक और इलेक्ट्रिकल डिवाइसेज जिसे कचरा के रूप में फेंक दिया जाता है, उसके रिसाइकिल के लिए ऐसे सामानों को लायंस क्लब ऑफ गुमला के द्वारा निर्धारित संग्रहण केंद्र में जमा करना है। जिसे लायंस इंटरनेशनल को भेज दिया जाएगा। वहां रि-साइकिल कर पर्यावरण को दूषित होने से बचाने का प्रयास किया जाएगा। रैली गोकुल नगर स्टार डीपीएस से जशपुर रोड, मेन रोड, सिसई रोड से डीएसपी रोड होते हुए पुनः गोकुल नगर पहुंचकर समाप्त हुई। समापन समारोह में लायंस क्लब के अध्यक्ष महेश प्रसाद गुप्ता ने इस कार्यक्रम के महत्व को बताया। लायंस क्लब के सचिव अशोक जायसवाल ने कहा कि यदि आपके पास भी वेस्टेज इलेक्ट्रॉनिक सामान हो तो उसे संग्रहण स्थल में जमा करवा सकते हैं। इसके लिए गुमला टोबैको कंपनी मेन रोड, रिमझिम इलेक्ट्रॉनिक लोहरदगा रोड, इनसाइन प्रिंटिंग प्रेस सिसई रोड, राजकुमार अग्रवाल चेयरमैन गली, विंध्यवासिनी मेडिकल हॉल, सदर हॉस्पिटल के सामने, सुविधा फर्नीचर मेन रोड, विजय गाड़ोदिया पालकोट रोड, गुमला आदि को ई-वेस्ट संग्रहण स्थल बनाया गया है।

कार्यक्रम में लायंस क्लब के अध्यक्ष महेश प्रसाद गुप्ता, सचिव अशोक जायसवाल, मुरली मनोहर प्रसाद, बनवारी लाल अग्रवाल, विशाल कुमार, रीता कुमारी गुप्ता, सुषमा देवी, शशि किरण जायसवाल, सरस्वती प्रसाद, ओम प्रकाश साहू, सत्यभामा अग्रवाल, स्टार डी पी एस की निदेशक अन्नु कुमारी, प्राचार्या साजिया खातून, विनय सतपति, मधुसूदन सिंह, अभिषेक मिश्रा, सुनील गुप्ता, सुनंदा सेन, अर्पिता विश्वास सहित सभी शिक्षक शामिल थे।

## हनुमान मंदिर का स्थापना दिवस मना

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** थाना परिसर स्थित थानावली हनुमान मंदिर समिति के तत्वावधान में गुरुवार को थानावली हनुमान मंदिर का 27वां वार्षिक स्थापना दिवस सौहार्दपूर्ण वातावरण में श्रद्धा व भक्ति के साथ मनाया गया। जहां यजमान सुदामा वर्मा सपत्नी संगीता देवी ने मंदिर के पुजारी अशोक पण्डा, अभिषेक मिश्रा व सोनू पंडा के नेतृत्व में विधिवत धार्मिक अनुष्ठान सम्पन्न कराए गए। इसके बाद प्रसाद का वितरण किया गया। वहीं थाना प्रभारी मनीष कुमार के द्वारा भोग का वितरण कराया गया। वार्षिकोत्सव के अवसर पर 24 घंटे का अखंड हरीकीर्तन और भोग भण्डारे का आयोजन किया गया। वहीं शुक्रवार को पूजा अर्चना के बाद पूणार्हूति के साथ आयोजन संपन्न कराया जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में समिति के हरि सोनी, वाणी कुमार राय, मुकेश कुमार राय, साधन कुमार राय, रमेश प्रसाद गुप्ता, रवि शंकर, देवेन्द्र सिंह, सोमा नायक, मदन राम, राजगीर प्रसाद समेत के कई सदस्यों ने अहम भूमिका निभायी।

## सदस्यों के बीच किया गया कलश यात्रा एवं जन सहयोग कूपन का वितरण

**महासदाशिव मंदिर की पांचवीं वर्षगांठ को सफल बनाने के लिए तीसरी बैठक संपन्न**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रायडीह।** महासदाशिव मंदिर मरदा के प्रांगण में आगामी 21 एवं 22 फरवरी 2023 को आयोजित होने वाले पंचम वार्षिक महोत्सव को सफल एवं भव्य बनाने हेतु क्षेत्र के भक्तों की तीसरी बैठक महासदाशिव मंदिर संचालन समिति के अध्यक्ष विज्ञान कुमार सिंह की अध्यक्षता में हुई। सभा की शुरुआत सचिव जगदीश सिंह के स्वागत भाषण से हुई। विगत बैठक में लिए गए निर्णयों की समीक्षा की गई एवं प्रचार प्रसार कार्यों की प्रगति रिपोर्ट पेश की गई। इसके बाद संरक्षक अनिरूद्ध सिंह ने बैठक की कार्यसूची प्रस्तुत करते हुए प्रत्येक कार्यक्षेत्रों की अतीत में हुई कठिनाइयों के बारे में जानकारी दी तथा इस बार सभी कार्यक्रमों के व्यवस्थित ढंग से संचालन हेतु कुछ सुझाव दिये। इसके अंतर्गत वाहनों के पड़ाव एवं दुकानों को ढंग से लगाने पर चर्चा हुई एवं इस कार्य के लिए भक्तों को उत्तरदायित्व सौंपा गया। भंडारे के समुचित प्रबंधन का भार कुलमुंडा के 20 स्वयंसेवी युवकों ने उठाया। सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए महावीर साहू के नेतृत्व में उपसमिति का गठन किया गया एवं जन सहयोग से महोत्सव को भव्य बनाने का निर्णय लिया गया।

कलश यात्रा के लिए प्रस्तावित कूपन एवं सहयोग योगदान के लिए अलग से रसीद का वितरण किया गया। प्रत्येक भक्त को महोत्सव की सफलता हेतु तन मन और धन से योगदान देने का आह्वान किया गया। अगली बैठक दिनांक 12 फरवरी 2023 को निर्धारित की गयी है।

### महत्वपूर्ण न्यूज

## बिजली काटने से आक्रोशित ग्रामीणों ने किया विद्युत कार्यालय का घेराव



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** घाघरा प्रखंड के गुनिया जरगा टोली के ग्रामीणों ने गुरुवार को बीडीओ विष्णु देव कच्छप को आवेदन देकर बिजली बिल माफ करने का आग्रह किया है। वहीं प्रतिलिपि गुमला उपायुक्त, सांसद सुदर्शन भगत व विधायक चमरा लिंडा को भी दिया है। आवेदन में ग्रामीणों ने कहा है कि गुनिया जरगा टोली गांव में बिजली विभाग के द्वारा पिछले 2013-14 से अभी तक बिजली बिल विभाग के द्वारा ग्रामीणों को नहीं दिया गया। अचानक इस वर्ष जनवरी माह में बिजली विभाग के द्वारा ग्रामीणों को बिजली बिल दिया गया, जिसमें 18,000 से लेकर 25,000 तक का बिल आया है। सभी ग्रामीणों ने आवेदन देकर मुख्यमंत्री से भी बिजली बिल माफ करने का आग्रह किया है। इससे पूर्व बिजली विभाग के द्वारा लाइन काटने के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने बिजली विभाग के कार्यालय का घेराव किया और एसडीओ राजेश कुमार से बात की। भाजपा नेता अशोक उरांव ने बिजली विभाग के एक्सक्यूटिव से बात कर बिजली चालू करने का आग्रह किया है। जिस पर दो दिन के अंदर बिजली चालू करने एवं साथ ही किस्त में पैसा जमा करने की बात कही गयी। मौके पर अशोक उरांव, श्याम किशोर पाठक, अमित ठाकुर, आशीष सोनी, मंती उरांव, मिनी उराईन, शांति उराईन, डहरी उराईन, तीजन उराईन, बंधनी उराईन, उर्मिला देवी, प्रमिला देवी, कशीला देवी, लीलावती उराईन, बासी उराईन व सुशांति उरांव सहित कई लोग मौजूद थे।

## पीडीएस पखवाड़ा कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर प्रमुख ने की डीलरों के साथ बैठक



**सिसई (आजाद सिपाही)।** प्रखंड कार्यालय सभागार में 1 से 14 फरवरी तक चलने वाले पीडीएस पखवाड़ा कार्यक्रम को लेकर डीलरों की बैठक हुई। बैठक में प्रमुख मीना देवी ने कहा कि प्रखंड के सभी डीलर पीडीएस पखवाड़ा के तहत राशन कार्ड धारकों का शत प्रतिशत आधार सिडिंग, डुप्लीकेट आधार सुधार व राशन कार्ड में नाम त्रुटि सुधार की प्रक्रिया समय से पूरी करें। वहीं बैठक में पीसीआई की ब्लॉक कोर्डिनेटर मीरा शर्मा ने सरकार द्वारा संचालित सभी डीलर को फलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के प्रति जागरूकता को लेकर जानकारी दी और सहयोग की अपील की। इस दौरान डीलर संघ अध्यक्ष मकीन अंसारी ने बताया कि पीडीएस पखवाड़ा के दौरान राशन कार्ड से जुड़ी समस्याओं का समाधान किया जाएगा। पखवाड़े में सभी राशन डीलर राशन कार्ड से संबंधित अन्य त्रुटियों में सुधार करेंगे। वहीं उन्होंने बताया कि फेयर प्राइस एसोसिएशन के बैनर तले सात, आठ व नौ फरवरी को सभी जन वितरण प्रणाली दुकानदार देशव्यापी हड़ताल पर रहेंगे। इस मौके पर डीलर अनिल साहू, सलमा पहान, रविन्द्र साहू, वसंत जायसवाल, भूपेंद्र बड़ाईक, तारकेश्वर साहू, सरीता देवी, पूनम देवी, शांता कुजूर, लक्ष्मी देवी, बलमदीना कुल्लू, शिवलाल पहान, बहुर साहू, रवि साहू, ज्योतिष शाहदेव, किस्टो राम, नन्द किशोर राम, सुनील तिवारी सहित कई डीलर मौजूद थे।

## मनरेगा दिवस पर महिला मेट एवं 100 दिन काम करने वाले मजदूरों को किया गया सम्मानित




**बसिया (आजाद सिपाही)।** कलिगा पंचायत भवन में मनरेगा दिवस मनाया गया। इस अवसर पर महिला मेट और मनरेगा योजना में 100 दिन काम करने वाले मनरेगा मजदूरों को तौलिया और शॉल देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर मुखिया मरियम बेक, प्रमुख, बीपीओ हरीश प्रजापति, रोजगार सेवक पुरुषोत्तम राम समेत अनेक गणमान्य व्यक्ति एवं मनरेगा मजदूर उपस्थित थे।

**आस्था :** आदिवासी धार्मिक स्थल सिरासीता नाला में की गयी धार्मिक यात्रा सह सामूहिक पूजा-पाठ

# इस स्थल से आदिवासियों की आस्था, श्रद्धा और विश्वास जुड़ा है : बंधन तिग्गा

**सामूहिक प्रार्थना एवं पूजा में असम, बंगाल, बिहार, उड़ीसा, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश एवं झारखंड के 30 हजार से अधिक लोग हुए शामिल**

आजाद सिपाही संवाददाता



**डुमरी।** प्रखंड स्थित आदिवासी धार्मिक स्थल सिरासीता नाला सह ककड़ोलता में गुरुवार को धार्मिक यात्रा सह सामूहिक प्रार्थना व पूजा पाठ की गयी। आदिवासी धर्मगुरु बंधन तिग्गा की अगुवाई में सामूहिक प्रार्थना व भजन किया गया। पूरा धार्मिक स्थल आदिवासी प्रार्थना, गीत, भजन से भक्तिमय माहौल बना रहा। धर्मगुरु बंधन तिग्गा ने बताया कि इस मौके पर असम, बंगाल, बिहार, उड़ीसा, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, झारखंड राज्य के विभिन्न क्षेत्रों के 30 हजार से अधिक धर्मावलंबी शामिल हुए थे। बताया कि इस आदिवासी धार्मिक स्थल की मान्यता है कि यही ककड़ोलता मानव उत्पत्ति स्थल है, जहां हमारे पूर्वजों ने जन्म लिया था। यहां पर धर्मेश ने उन लोगों को पाला पोसा और बड़ा किया। साथ ही मानव उत्पत्ति कर इस धरती में मानव जाति को बढ़ावा दिया। इसलिए इस धार्मिक स्थल से आदिवासी धर्मावलंबियों का धर्मेश के प्रति मन में आस्था, श्रद्धा और विश्वास जुड़ा हुआ है। आदिवासी समाज के लोग बड़ी श्रद्धा के साथ यहां आते हैं और धर्मेश की सामूहिक प्रार्थना पूजा पाठ करते हैं। यहां आकर लोग सुखमय जीवन का अनुभव प्राप्त करते हैं। सरना धर्मावलंबियों में धर्मेश के प्रति प्रेम, आस्था और विश्वास बना रहे हम सभी सरना आदिवासी प्रकृति के पूजा अर्चना करते हैं क्योंकि हमारा धर्मेश निराकार है।

मेला स्थल में विधि व्यवस्था बनाये रखने के लिए चैनपुर अनुमंडल दंडाधिकारी सुशील खाखा, बीडीओ एकता वर्मा, अंचल अधिकारी शिवपूजन तिवारी, सर्किल इंस्पेक्टर बैजू उरांव, थाना प्रभारी मनीष कुमार उपस्थित थे। मौके पर राष्ट्रीय महासचिव विद्यासागर केरकेट्टा, रांची से विश्वनाथ तिर्की, उड़ीसा से मणिलाल केरकेटा, छत्तीसगढ़ से मिटकू भगत, नेपाल से रामकिशुन उरांव, बंगाल से भगवानदास मुंडा, लोहरदगा से बिरी भगत, चिंता, सुशीला, रेनू, कमल सहित हजारों धर्मावलंबी उपस्थित थे।

## अनुमंडल अस्पताल के उपाधीक्षक कक्ष के बाहर के बरामदे की छत का एक हिस्सा टूट कर नीचे गिरा

आजाद सिपाही संवाददाता



**बंशीधर नगर।** तीन वर्ष पूर्व लगभग 57 लाख की लागत से अनुमंडल अस्पताल भवन का जीर्णोद्धार के दौरान घटिया निर्माण का पोल खुलने लगी है। बुधवार की देर रात अनुमंडल अस्पताल के उपाधीक्षक कक्ष के बाहर के बरामदे का छत का एक हिस्सा टूट कर नीचे गिर गया। जिस समय घटना घटी उस समय सुरक्षा में लगे दो होमगार्ड जवान बाल बाल बचे। इससे पूर्व भी छह माह पूर्व ओटी तथा प्रसव कक्ष में जाने वाले मार्ग में छत का एक हिस्सा टूट कर गिर गया था।

बताया जाता है कि 2016 में तत्कालीन उपायुक्त नेहा अरोड़ा ने अनुमंडल अस्पताल का निरीक्षण के दौरान भवन की स्थिति जर्जर होने पर अनुमंडलीय अस्पताल को ट्रॉमा सेंटर में शिफ्ट करते हुए भवन निर्माण विभाग को अनुमंडल अस्पताल के भवन का जीर्णोद्धार करने का निर्देश दिया था। उपायुक्त के निर्देश पर भवन निर्माण विभाग द्वारा लगभग 57 लाख की लागत से 2017 नवंबर माह में भवन का जीर्णोद्धार कार्य प्रारंभ कर दिया था। 2019 में भवन निर्माण विभाग ने अनुमंडलीय अस्पताल भवन का जीर्णोद्धार कार्य पूर्ण करते हुए स्वास्थ्य विभाग को सौंप दिया था। जीर्णोद्धार के दौरान अनुमंडल अस्पताल के उपाधीक्षक सुचित्रा कुमारी ने घटिया निर्माण की शिकायत जिले के आला अधिकारी से की थी। इस दौरान कोई कार्रवाई नहीं हुई।

## किराया वसूली को लेकर हुसैनाबाद नगर पंचायत ने चलाया अभियान




**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** हुसैनाबाद नगर पंचायत अंतर्गत किराया पर लगे दुकानों को बकाया किराया के वसूली हेतु कार्यपालक पदाधिकारी के निर्देश पर नगर पंचायत के नगर प्रबंधक नजीबुल्लाह अंसारी,हिमानी बाड़ा, नगर मिशन प्रबंधक राकेश सिंह, प्रधान सहायक सह लेखापाल रविकांत पटेल एवं कार्यालय कर्मी के द्वारा संयुक्त रूप से किराया वसूली का अभियान चलाया गया। इस दौरान 14 दुकानदारों के द्वारा 62000 राशि जमा किया गया एवं बाकी दुकानदारों को चेतावनी देते हुए 2 दिनों के अंदर किराया जमा करने का निर्देश दिया गया। मौके पर नगर प्रबंधक ने बताया कि लंबी अवधि से दुकानदारों का किराया बाकी है।उन्होंने कहा कि ससमय दुकानदार अगर किराया जमा नहीं करते हैं तो उनके विरुद्ध विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी।बकाया नही देने पर दुकानों में ताला भी लटक सकता है।मौके पर नगर पंचायत कर्मी,बिकास कुमार आदि मौजूद थे।

## मनरेगा अधिनियम की 17वां वर्षगांठ प्रखंड कार्यालय में मनी



**सतबरवा /पलामू (आजाद सिपाही )।** झारखंड नरेगा वॉच के द्वारा गुरुवार को मनरेगा अधिनियम का 17 वां वर्षगांठ सतबरवा प्रखंड कार्यालय परिसर में मनाया गया। इस मौके पर प्रधानमंत्री के नाम श्रमिकों की मांग को लेकर एक पत्र भेंजा गया। प्रधानमंत्री के नाम पत्र में कहा गया है कि देश में मनरेगा के बहुत सकारात्मक प्रभाव सामने आए थे, परंतु हाल के दिनों में यह महत्वकांक्षी कार्यक्रम निष्फल, शोषक श्रम बन गया है, जहां ईमानदारी से कड़ी मेहनत करने वाले श्रमिकों को अपनी मजदूरी के लिए अंतहीन इंतजार करना पड़ता है। मनरेगा के कानूनी प्रावधानों के नियमित उल्लंघन किया जा रहा है और अधिनियम को इस की भावना के विपरीत तरीके से लागू किया जा रहा है,ऐसी स्थिति में मनरेगा कार्य को मजबूत करने एवं व्यवस्थित भ्रष्टाचार को समाप्त करने की आवश्यकता है। ताकि सुनिश्चित हो सके कि श्रमिकों को उनके मूल नरेगा पत्रताएं। जैसे मजदूरी का समय पर भुगतान,मांग पर काम ,देर से भुगतान के लिए मुआवजा, बेरोजगारी भत्ता मिले। इस मौके पर नरेगा वॉच के मनोज कुमार,निरंजन कुमार ठाकुर, मंजू देवी समेत दर्जनों मजदूर उपस्थित थे।

# ग्रामीणों की मांग के अनुरूप डीप बोरिंग और तालाब का निर्माण होगा : उपायुक्त

- पलामू के वरीय अधिकारियों संग डीसी और एसपी पहुंचे सुदूरवर्ती रंगिया पंचायत के कुंडिलपुर गांव
- नक्सलियों के गढ़ रहे कुंडिलपुर में पहली बार पंहुचे जिले के सभी अधिकारी




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू डीसी आंजनेयुलू दोड्डे और एसपी चंदन कुमार सिन्हा समेत कई वरीय पदाधिकारी गुरुवार को पलामू के सुदूरवर्ती प्रखंड मनातू के रंगिया पंचायत अंतर्गत पहाड़ पर बसे कुंडिलपुर गांव दुर्गम रास्ते से मोटरसाइकिल पर सवार होकर पहुंचे। कभी नक्सलियों के गढ़ रहे कुंडिलपुर गांव में पहली बार जिला अधिकारियों ने वंहा पंहुचकर आदिम जनजातियों का कुशलक्षेम जाना।मालुम हो कि मनातू प्रखंड से कुंडिलपुर तक सड़क कनेक्टिविटी न होने के कारण वरीय अधिकारियों को बिहार के गया जिले के इमामगंज से होते हुए जाना पडा। कुंडिलपुर पंहुचकर डीसी ने आदिम जनजाति के लोगों के संग संवाद कर उनकी जरूरतों व समस्याओं से अवगत हुए। इस दौरान स्थनीय ग्रामीणों ने डीसी श्री दोड्डे के समक्ष पीएम आवास, अंबेडकर आवास, पानी, बिजली, पेंशन, शिक्षा, राशन, आंगनवाड़ी, सड़क, रोजगार आदि से संबंधित समस्याओं को रखा। इस दौरान उन्होंने स्कूल, आंगनवाड़ी के बच्चों के बीच स्वेटर, खेल सामग्री और चॉकलेट का वितरण किया। साथ ही डीसी और एसपी सहित अन्य अधिकारियों ने स्कूली बच्चों संग भोजन किया।

**अफीम की खेती छोड़ रोजगार और पारंपरिक खेती से जुड़े लोग : एसपी**

पलामू एसपी चंदन कुमार सिन्हा ने पूरे इलाके में हो रहे अफीम की खेती को छोड़ कर रोजगार से जुड़ने और पारंपरिक खेती करने की सलाह वंहा के ग्रामीणों को दिया। साथ ही उन्होंने अफीम की खेती करने वाले लोगो को हिदायत देते हुए कहा अफीम खेती करना कानूनन अपराध है,पकड़े जाने पर कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। मौके पर एसपी चंदन कुमार सिन्हा ने वहां लहलहा रहे अफीम के फसलों को नष्ट करने का निर्देश पुलिस के जवानो को दिया। पुलिस के जवानों ने बड़ी मात्रा में अफीम के फसलों को नष्ट किया। साथ ही एसपी ने वंहा की महिलाओं को अपने स्तर से आर्थिक मदद की। एसपी ने लोगो से कहा कि आपलोगों की सुरक्षा की पूरी व्यवस्था की गई है, आप लोग भयमुक्त होकर सरकार द्वारा दी जा रही कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेते हुए विकास के मुख्यधारा से जुड़े।

**आंगनबाड़ी सेविका को किया सेवामुक्त, स्थानीय महिला को सेविका चयन करने का आदेश दिया डीएसडब्ल्यूओ को**

डीसी ने इसी क्रम में कुंडिलपुर के आंगनवाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने आंगनवाड़ी केंद्र और रसोईघर को गंदगीयुक्त पाया। वंही डीसी ने सहायिका से पूछताछ के क्रम में पाया की सेविका ज्यादातर आंगनवाड़ी के केंद्र से नदारद रहती है। डीसी ने सेविका को फटकार लगाते हुए तत्काल सेवामुक्त किया, वंही नई सेविका के रूप में स्थानीय महिला का चयन करने का आदेश डीएसडब्ल्यूओ को दिया। इस अवसर पर मीडिया के प्रतिनिधियों से बात करते हुए डीसी ने कहा कि ग्रामीणों द्वारा कई मांग किये गये हैं जिसे जल्द से जल्द पूरा करने का प्रयास किया जायेगा। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों के मांग के अनुरूप शीघ्र ही तालाब निर्माण और डीप बोरिंग की स्वीकृति दी जायेगी।उन्होंने कहा कि यहां पहुंचने का रास्ता कठिन है,रास्ते को सुगम बनाने हेतु सबंधित विभाग से समन्वय स्थापित कर सड़क निर्माण की दिशा में जल्द ही कार्य प्रारंभ किया जाएगा। साथ ही युवकों को गाड़ी खरीदने और रोजगार से जोड़ने हेतु लोन की व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने स्थानीय पदाधिकारियों को निदेश दिया कि यंहा के अंतिम व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पंहुचाये। कोई भी व्यक्ति सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं से वंचित न रह पाए।

वंही एसपी चंदन कुमार सिन्हा ने कहा कि यहां के लोग बड़ी मात्रा में अफीम की खेती करते हैं, इन लोगों को रोजगार और पारंपरिक खेती से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। साथ ही अफीम की फसलों को नष्ट किया जा रहा है। अफीम तस्करों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर डीडीसी रवि आनंद, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, सामाजिक सुरक्षा के सहायक निदेशक, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कार्यपालक अभियंता, सहायक समाहर्ता सह बीडीओ मनातू, नजारत उपसमाहर्ता, सिविल सर्जन, डीएसडब्ल्यूओ, स्थनीय मुखिया समेत अन्य उपस्थित थे।

## जेजेएमपी का फरार सक्रिय सदस्य गिरफ्तार



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** हुसैनाबाद पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर फरार चल रहा जेजेएमपी का सक्रिय सदस्य को गुरुवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इस संबंध में हुसैनाबाद पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी जगन्नाथ धान ने बताया की पलामू पुलिस अधीक्षक को गुप्त सूचना मिली की जेजेएमपी का हुसैनाबाद थाना कांड संख्या का फरार अभियुक्त जेजेएमपी का सक्रिय सदस्य अपने गांव विशुनपुर थाना टंडवा अपने घर पर एक शादी समारोह में आया हुआ है। इस सूचना के आधार पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी पूज्य प्रकाश ने एक छापेमारी दल को उक्त गांव में भेजा, हुसैनाबाद पुलिस टंडवा थाना पुलिस, एसएसबी के जवानों ने संयुक्त रूप से विशुनपुर गांव पहुँचकर छापेमारी शुरू की पुलिस को देखते वह अपने घर से भागने के फिराक में था छापेमारी दल के जवानों ने उसे उसके घर के पास से ही धर दबोचा।थाना प्रभारी जगरनाथ धान ने बताया के उसके खिलाफ हुसैनाबाद थाना में दो कांड दर्ज है। छापेमारी टीम में थाना प्रभारी जगरनाथ धान, एएसआई धर्मेन्द्र कुमार सिंह, एसएसबी के पुलिस निरीक्षक अनीश कुमार, टंडवा थाना के एएसआई ललन कुमार सहित पुलिस बल के कई जवान शामिल थे।

## वार्ड-9 के पार्षद ने किया आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चों के बीच स्वेटर का वितरण



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** हुसैनाबाद शहर के वार्ड -9 के राजटोली मुहल्ला स्थित आंगनवाड़ी केंद्र में वार्ड पार्षद नजीर अहमद की मौजूदगी में समाज कल्याण विभाग की ओर से बच्चों को दी जाने वाली स्वेटर का वितरण किया गया। इस दौरान दर्जनों छोटे-छोटे बच्चों के बीच स्वेटर का वितरण किया। मौके पर सेविका रमावती देवी,सहिया प्रेमा कच्छप,शाहिद खान,अयूब खान,नौशाद खान,दीपा देवी आदि उपस्थित रहे। मौके पर वार्ड पार्षद नजीर अहमद ने कहा कि सरकार की ओर से यह अच्छी पहल है जहां पर छोटे-छोटे बच्चों को ठंड से बचने के लिए स्वेटर उपलब्ध कराई जा रही है जिससे कि आंगनबाड़ी में पढ़ने वाले बच्चों को ठंड में परेशानी नहीं होगी क्योंकि अधिकांश बच्चे गरीब परिवार से हैं और उन्हें सरकार की ओर से मिली मदद से काफी लाभ होगा।उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा आम जनता को मिलने वाले तमाम सुविधाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुचाना उनकी प्राथमिकता है।

## ऐसे कैसे होगा पलामू का औद्योगिक विकास ?

## कठौतिया माइंस में खनन कार्य बंद रहने से सैकड़ों लोगों के समक्ष भुखमरी की स्थिति

- स्थानीय युवक की मौत के बाद से बंद है माइंस
- ग्रामीणों ने कंपनी की जमीन पर लगाया लाल झंडा



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** एक तरफ सरकार ज़िले के औद्योगिक विकास के लिए प्रयास कर रही है वहीं दूसरी तरफ ज़िले में काम कर रही प्रमुख औद्योगिक कंपनी हिन्डालको इंडस्ट्रीज लिमिटेड के कठौतिया कोल माइंस में पिछले आठ दिनों से कोयला खनन का कार्य बंद है। माइंस में खनन कार्य बंद रहने से कठौतिया माइंस से प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से लगभग पांच हजार लोगों के रोजगार पर संकट उत्पन्न हो गया है। सवाल यह है की अगर यही हालात रहे तो पलामू का औद्योगिक विकास कैसे होगा ? मालूम हो कि बीते 23 जनवरी को संदेहास्पद स्थिति में सिक्का के एक युवक की मौत हो गयी थी।जिसके बाद मृतक के परिजनों व कुछ राजनीतिक दल के लोगों ने आरोप लगाया था कि माइंस में ब्लास्टिंग के दौरान सुरक्षा मानकों का पालन नहीं किया गया जिसके कारण युवक की मौत हो गई। जिसके बाद ग्रामीणों द्वारा माइंस में चल रहे कई वाहनों को क्षतिग्रस्त कर दिया गया था ।इसके साथ ही खदान में कार्यरत कर्मचारियों एवं सुरक्षा कर्मियों के साथ मारपीट भी की गई थी। उस दिन के बाद से माइंस तरफ जा रहे कर्मचारियों के साथ आज भी मारने के लिए दौड़ाया जा रहा है। माइंस के जमीन पर कुछ लोगों द्वारा लाल झंडा लगा दिया गया। मालूम हो कि पलामू में अभी एक मात्र औद्योगिक प्रतिष्ठान के नाम पर कठौतिया माइंस ही है। जहां प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से पांच हजार से अधिक लोगों का रोजगार चलता है। लेकिन माइंस में खनन कार्य बंद रहने एवं कुछ लोगों द्वारा माइंस परिसर में लाल झंडा लगा देने से लोग अपने छिनते रोजगार को देखते हुए चिंतित हैं। लोगों का कहना है कि यदि माइंस में तत्काल खनन कार्य शुरू नहीं हुआ तो सैकड़ों लोगों के समक्ष रोजगार संकट उत्पन्न जाएगा। रोजगार बंद हो जाने के बाद परिवार कैसे चलेगा यह चिंता लोगों को सता रहा है। माइंस में वाहनों को क्षतिग्रस्त करने एवं कर्मचारियों के साथ मारपीट करने वालों पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही है जिससे आरोपियों द्वारा रोज उपद्रव किया जा रहा है।

## एमवीआइ ने हुसैनाबाद में चलाया वाहन चेकिंग अभियान

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** पलामू उपायुक्त एवम डीटीओ के निर्देश पर जिला मोटरयान निरीक्षक रंजीत मरांडी ने पुलिस बल के साथ हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के पटेल चौक व जपला-छतरपुर मुख्य मार्ग के अनुमंडल गेट के समीप वाहन चेकिंग अभियान चलाया। इस अभियान के दौरान सभी छोटे बड़े वाहनों के टैक्स पेपर, फिटनेस सर्टिफिकेट, परमिट, इंश्योरेंस, काउंटर सिग्नेचर, ड्राइवरी लाइसेंस आदि की जांच की।जांच में आधा दर्जन से अधिक वाहन अनफिट मिले। इसमें ट्रैक्टर, पिकप व बाइक शामिल हैं, जिसे जब्त किया गया। इन जब्त वाहनों को हुसैनाबाद थाना को सौंपा गया। एमवीआई ने सभी वाहन संचालकों से कहा कि अपने वाहनों के सभी कागजात दुरुस्त कराये, तभी जब्त वाहन को रीलिज किया जाएगा। उन्होंने कहा कि बिना ड्राइवरी लाइसेंस वाहन चलाना अपराध है।एमवीआई ने कहा कि बिना अनुभव के गाड़ी चलाने से सड़क हादसा की आशंका बनी रहती है। इसके साथ ही अपने साथ दूसरे के जीवन को भी खतरे में डाल देते हैं। उन्होंने बाइक चालकों को चेतावनी देते हुए कहा कि बिना हेलमेट गाड़ी नहीं चलाये। अगर बिना हेमलेट पकड़े जाते हैं, तो जुमार्ना के साथ साथ प्राथमिकी भी दर्ज की जायेगी। उन्होंने कहा कि हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र में लगातार वाहन चेकिंग अभियान चलाया जाएगा।

## अच्छे पदाधिकारी स्मृति पटल पर सदैव छाये रहते हैं : अविनाश देव



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** संत मरियम स्कूल के चेयरमैन अविनाश देव ने पलामू कमिश्नर जटाशंकर चौधरी और आरडीडीई पलामू शिवनारायण शाह से सेवानिवृत के पश्चात मुलाकात किया और उन्होंने बुके, मिट्टी से बने झारखण्ड का प्रतिक चिन्ह, शॉल और फलदार वृक्ष भेंट कर दीघार्यु और सुखमय जीवन की कामना किया। इस अवसर पर श्री देव ने कहा की पलामू कमिश्नर जटाशंकर चौधरी अपने पोस्टिंग के प्रारम्भिक समय से ही आम जनमानस के साथ जुड़े रहें। पलामू प्रमंडल में फलदार पौधे, कृषि संबंधित विकास कार्यों की जब भी चर्चा होगी उस परिचर्चा में कमिश्नर सर का जिक्र सदैव होता रहेगा। कृषि क्षेत्र में दिए हुए उनके योगदान को पलामू सदैव याद रखेगा। साथ ही अधिकारियों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करते हुए जिले में विकास की गतिविधि को आगे बढ़ाने में इनका सदा योगदान रहा है। उन्होंने ने कहा कि पलामू की पोस्टिंग में आरडीडीई सर द्वारा जिले में शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार हेतु अनेक आवश्यक कार्य किए गए। शिक्षकों और प्रखंड के पदाधिकारियों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करते हुए आरडीडी सर ने प्रमंडल की शैक्षणिक व्यवस्था को सुदृढ़ किया साथ ही पलामू जैसे सुदूरवर्ती क्षेत्र में केंद्रीय विद्यालय को स्थापित करना सर की बहुत बड़ी उपलब्धि रही है।

## महाविद्यालय की भूमि पर अतिक्रमण को लेकर क्लर्क ने सीओ को दिया आवेदन

**सतबरवा/ पलामू (आजाद सिपाही) ।** शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय सतबरवा के भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने,अवैध निर्माण को रोकने व भूमि का सीमांकन कराने के संबंध में गुरुवार को महाविद्यालय के प्राचार्य के हस्ताक्षर युक्त आवेदन को क्लर्क शीतल कुशवाहा ने सतबरवा सीओ प्रशांत कुमार को दिया है। पत्र में कहा गया है कि महाविद्यालय की 25.09 एकड भूमि पर अनाधिकृत ग्रुप से अतिक्रमण कर दुकान,मकान आहते, प्रखंड सह अंचल कार्यालय ,कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय ,बीआरसी भवन, सतबरवा थाना भवन का निर्माण किया गया है। महाविद्यालय के भूमि पर ही साप्ताहिक हाट,बाजार लगाया जा रहा है। वर्तमान में भी महाविद्यालय का मूल कार्यालय कोन के पीछे आम के बागान के दक्षिण, पश्चिम कोने में अंजना गुप्ता के द्वारा मकान का निर्माण कराया जा रहा है। सतबरवा सीओ को खेद व्यक्त करते हुए कहा है कि पूर्व में 2 जनवरी 2023 को इस संबंध में पत्र दिया गया था, बावजूद इसके कोई कार्रवाई नहीं किया गया, ना ही इस संबंध में कार्यालय को अवगत कराया गया। 2 फरवरी 2023 को पुनः पत्र के माध्यम से सीओ से अपील करते हुए महाविद्यालय की भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने, अवैध निर्माण रोकने के लिए आवेदन दिया है। उन्होंने पुराने पत्र का हवाला देते हुए लिखा है कि अतिक्रमण कर बनाए जा रहे हैं भवन को रोकने के लिए 12 जुलाई 2008, 15 जुलाई 2008 एवं अन्य पत्रों तथा मौखिक रूप से भवदीय से कई बार अनुरोध किया जा चुका है, परंतु कोई कार्रवाई आज तक नहीं किया गया। सीओ के अलावे क्षेत्रीय शिक्षा संयुक्त निदेशक पलामू प्रमंडल मेदिनीनगर ,थाना प्रभारी सतबरवा, पुलिस अधीक्षक पलामू ,अनुमंडल पदाधिकारी सदर मेदिनीनगर, उपायुक्त पलामू ,आयुक्त पलामू ,निदेशक प्राथमिक शिक्षा स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग झारखंड, निदेशक राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद रांची, निदेशक माध्यमिक शिक्षा स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग झारखंड को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई के लिए सादर समर्पित किया है।

## स्पोर्ट्स



महिला अंडर-19 विश्व कप विजेताओं का आईजीआई हवाई अड्डे पर किया गया जोरदार स्वागत

# मैं वह भूमिका निभा रहा हूं जो एमएस धोनी निभाया करते थे : हार्दिक पांड्या




**अहमदाबाद ।** शुभमन गिल के नाबाद शतक से भारत ने न्यूजीलैंड को तीसरे टी20 में 168 रन से हराकर सीरीज 2-1 से अपने नाम की। गिल, जो तीनों प्रारूपों में शतक बनाने वाले केवल पांचवें भारतीय बल्लेबाज बने, ने 63 गेंदों में नाबाद 126 रनों की पारी खेलकर भारत को 20 ओवरों में 4 विकेट पर 234 के विशाल स्कोर तक पहुंचा दिया। जवाब में, कीवी टीम 66 के कुल योग पर आउट हो गई, जिसमें भारत के कप्तान हार्दिक पांड्या ने चार विकेट लिए। मैच के बाद, पांड्या, जिन्होंने 17 गेंदों में नाबाद 30 रन की पारी भी खेली, ने कहा कि उन्हें टीम की आवश्यकता के अनुसार अपने खेल में बदलाव करना होगा। पांड्या ने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा, मैंने हमेशा छक्के मारने का आनंद लिया है। लेकिन यही जीवन है, मुझे विकसित होना है। मैंने साझेदारी में विश्वास किया है और मैं अपने बल्लेबाज साथी और अपनी टीम को कुछ आश्वासन और शांति देना चाहता हूं कि मैं वहां हूं। मैंने सीखा है कि कैसे दबाव को स्वीकार करना है और यह सुनिश्चित करना है कि सब कुछ शांत हो। हो सकता है कि इसके लिए मुझे अपना स्ट्राइक रेट कम करना पड़े। नई भूमिकाएँ लेना हमेशा वह है जिसके लिए मैं तत्पर रहता हूँ। मैं चाहता हूँ नई गेंद की भूमिका भी लेना चाहता हूं, क्योंकि मैं नहीं चाहता कि कोई आए और उस कठिन भूमिका को ले। पांड्या ने यह भी कहा कि उनकी भूमिका उस भूमिका के समान है जिसे भारत के पूर्व कप्तान एमएस धोनी ने अपने अंतरराष्ट्रीय करियर के बाद के चरणों के दौरान अपनाया था। उन्होंने कहा, ₹मुझे उस भूमिका को निभाने में कोई दिक्कत नहीं है, जो कहीं न कहीं माही निभाते थे। उस समय, मैं युवा था और पार्क के चारों ओर मार रहा था। लेकिन जब से वह चले गए हैं, अचानक से, यह जिम्मेदारी मुझ पर आ गई है। मुझे इससे कोई आपत्ति नहीं है। हमें परिणाम मिल रहे हैं। अगर मुझे थोड़ा धीमा खेलना है तो कोई बात नहीं। भारतीय टीम अब ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ फरवरी में चार मैचों की टेस्ट सीरीज और उसके बाद मार्च में तीन वनडे मैचों की खेलेगी।

study MBBS in ABROAD
RUSSIA GEORGIA POLAND EGYPT
KAZHAKASTAN UZBEKISTAN
Get Direct Admission in Top Government Medical Universities of ABROAD.
Call Now !
UNIVERSITY FLY
+91-7903149721
www.universityfly.com





Ranjeet Singh
Kundan Singh
Proprietor
SHIVA TRADERS
T:+91-99341 89684
76673 84788
Shiva Complex, Rajender Chowk, Giridih Bypass Road Koderma(JH)825410
Mob : 9939563560, 7004525571, Email id : shivacement1212@gmail.com

Rinfeu
न्यू दास म्युजिकल स्टोर्स
New Das Musical Stores
हमारे इस प्रतिष्ठान की रांची में कोई भी शाखा नहीं है।
Deals in:
YAMAHA AHUJA ESP Fender CASIO BOSS ZOOM PAiSTe TAMA Studiomaster DigiTech KORG Zildjian Roland Cort Epiphone MAPEX Gibson Ibanez stranger
Opp. Sankat Mochan Hanuman Mandi Main Road, Ranchi-1 (Jharkhand)
Phone : 0651-2201778 Mobile : 98351-64815, 72509-3303
मिलते-जलते नामों से सावधान

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–
Based on JCERT

| Class - VIII | Classes VI & VII |
|---|---|
| * Class VIII Today (Combined) ₹ 250 | * Class VII Today (Combined) ₹ 240 |
| * Class VIII Today (English Medium) ₹ 280 | * Class VI Today (Combined) ₹ 240 |
| * Mathematics Practical ₹ 60 | * Hindi Vyakaran-I ₹ 60 |
| * Science Practical ₹ 60 | * English Grammar-I ₹ 60 |
| * S. Science Practical ₹ 60 | * Sanskrit Vyakaran-I ₹ 50 |
| * Hindi Vyakaran-I ₹ 60 | |
| * English Grammar-I ₹ 60 | |
| * Sanskrit Vyakaran-I ₹ 50 | |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

## झरिया में युवक ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

**धनसार (आजाद सिपाही)।** झरिया थाना क्षेत्र के बस्ताकोला सोनार बस्ती में गुरुवार की दोपहर 22 वर्षीय युवक ने अपने घर में पंखे के सहारे फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। मृतक की पहचान अमीत कुमार स्वर्णकार के रूप में हुई है। इसकी सूचना पाकर झरिया पुलिस मौके पर पहुंच शव का पंचनामा करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए धनबाद भेज दिया। मामला प्रेमप्रसंग का बताया जा रहा है। हालांकि पुलिस मामले की तहकीकात में जुटी है। जानकारी के मुताबिक किसी बात को लेकर अमीत तनाव में था। इस दिन दोपहर में वह वह अपने घर लौट। उस वक्त घर में छोटा भाई सुमित स्वर्णकार मौजूद था। उसकी मां अपने रिश्तेदार के घर कतरास गई थी। अमीत ने छोटे भाई सुमित को बाहर घूमने के लिए भेज दिया। इसके बाद वह अपने घर में पंखे के सहारे फांसी लगा ली। जब सुमित थोड़ी देर बाद घर लौटा तो अमीत के कमरे का दरवाज खटखटाया तो उसने कोई जवाब नहीं दिया। खिड़की से झांककर देखा तो अमीत फंदे से लटक रहा था। उसने शोर मचाकर स्थानीय लोगों को एकत्र किया। इसकी खबर पाकर झरिया पुलिस भी पहुंच गई। इसके बाद दरवाजा तोड़कर शव को फंदे से उतारा। अमीत के जेब से उसका मोबाइल और सरस्वती पूजा में किए गए खर्च का ब्योरा बरामद हुआ है। अमीत पूर्व में रांगाटाड़ स्थित एक दुकान में काम करता था। उसके घर में रस्सी नहीं थी इसलिए बाजार से प्लास्टिक खरीद कर आया था।

## सिंदरी में ट्रेन से गिरकर व्यक्ति की मौत



**सिल्ली (आजाद सिपाही)।** पाथरडीह थाना अंतर्गत सिंदरी ब्लॉक हाल्ट (रेलवे स्टेशन) के पास गुरुवार को ट्रेन से गिरकर एक व्यक्ति की मौत होने का मामला प्रकाश में आया है। इस दिन पोल संख्या 14/पीढ4बी के पास उसका शव बरामद हुआ। इसकी सूचना पाकर आरपीएफ व जीआरपी के जवान मौके पर पहुंचे और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए धनबाद अस्पताल भेज दिया।

## पंचायत समिति की अनुशंसा पर जरीडीह पूर्वी पंचायत में नाली एवं स्लैब निर्माण कार्य का हुआ शिलान्यास



**जरीडीह बाजार/बेरमो (आजाद सिपाही)।** जरीडीह पूर्वी पंचायत समिति सदस्य पिंकी देवी की अनुशंसा पर गुरुवार को संजय साव के घर से दिलीप रजवार के घर तक नाली और स्लैब निर्माण कार्य का शिलान्यास बेरमो प्रमुख गिरिजा देवी और पंचायत समिति सदस्य पिंकी देवी ने संयुक्त रूप से किया। उक्त परियोजना पर दो लाख 49 हजार 900 रुपए की लागत आएगी बेरमो प्रमुख गिरिजा देवी ने कहा कि यह निर्माण पंचायत समिति सदस्य पिंकी देवी की अनुशंसा पर हो रही है। इस मौके पर वार्ड सदस्य उषा देवी, जरीडीह पश्चिमी पंचायत समिति सदस्य शंभू सोनी, भाजपा नेता सुरेंद्र स्वर्णकार, भाजपा युवा मोर्चा के बेरमो प्रखंड अध्यक्ष रोबिन कसेरा, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के मोहम्मद अरशद, संजय वोरा, राकेश वर्मा, टिंकू निषाद, राजेश प्रजापति, अविनाश कुमार, नीरज कुमार, अरविंद कुमार आनंद, सचिन कसेरा, प्रीति देवी, सरदार राजा सिंह, जिम्मी सिंह और राखी देवी आदि मौजूद थे।

## कार्यालयों के दैनिक कार्यों में हिंदी के प्रयोग करने पर दिया गया बल




**बोकारो (आजाद सिपाही)।** बीएसएल के सीआरएम-3 विभाग में महाप्रबंधक बीएन त्रिपाठी की अध्यक्षता में राजभाषा हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें महाप्रबंधक सुनील कुमार, सहायक महाप्रबंधक टी श्रीवास्तव, वरीय प्रबंधक (राजभाषा) एवं बीएसएल के हिंदी अधिकारी शशांक शेखर सहित विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे। कार्यशाला के आरंभ में टी श्रीवास्तव ने अतिथियों का स्वागत किया और विभागीय हिंदी प्रगति प्रतिवेदन पेश किया। बीएन त्रिपाठी ने कहा कि इस तरह के कार्यशाला के आयोजन से कर्मियों के बीच राजभाषा नीति के प्रति जागरूकता बढ़ेगी। उन्होंने प्रतिभागियों को अपने दैनिक कार्यालयीन कार्यों में राजभाषा हिंदी का अधिक से अधिक उपयोग करने का आह्वान किया। वहीं, शशांक शेखर ने राजभाषा सम्बंधित नियमों, अधिनियमों और यूनिकोड के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

### फटकार लगाते हुए 15 दिनों के भीतर कार्य पूरा नहीं करने पर कार्रवाई की चेतावनी

# पीएम आवास योजना के अधूरे आवासों को शीघ्र पूरा करें लाभुक : बीडीओ

आजाद सिपाही संवाददाता

**महुदा।** प्रधानमंत्री आवास योजना का पैसा लेकर आवास नहीं बनाने वाले झारखंड के 30 पंचायतों में बाघमारा का सिंगड़ा पंचायत भी शामिल। पूरे पंचायत में 60 से अधिक लोगों ने पैसे लेकर अब तक आवास नहीं बनाया। उक्त मामले को लेकर गुरुवार को बाघमारा बीडीओ सुनील कुमार प्रजापति जांच करने पहुंचे थे। उन्होंने ऐसे लाभुकों को नोटिस देकर 15 दिनों के अंदर लंबित योजनाओं को जल्द से जल्द पूरा करने का निर्देश दिया। साथ ही चेतावनी भी दी कि अगर समय पर कार्य पूरा नहीं किया जाता है तो वैसे लोगों का राशन कार्ड एवं अन्य सरकारी सुविधाएं बंद कर दी जाएगी। लगे हाथ मौके पर ब्लॉक कोऑर्डिनेटर, उपमुखिया, पंसस प्रतिनिधि एवं पूर्व मुखिया प्रतिनिधि को आपसी समन्वय स्थापित कर अधूरे पड़े आवासों को शीघ्र पूरा करने का निर्देश दिया।



पीएम आवास योजना का मुआवजा करते बीडीओ सुनील कुमार प्रजापति।

### कई लोगों ने पैसे लेने के बाद भी पूरा नहीं किया है आवास निर्माण का कार्य

बाघमारा का सिंगड़ा पंचायत भी ऐसे पंचायतों में शामिल जहां के पूरे पंचायत क्षेत्र में 60 से अधिक लोगों ने पैसे लेकर अब तक आवास का निर्माण पूरा नहीं करवाया है। सभी को जल्द बनवाने का निर्देश दिया है।

# बागडिगी खान दुर्घटना की 22वीं बरसी पर नम आंखों से दी गयी शहीदों को श्रद्धांजलि

### परिजनों का छलका दर्द, प्रबंधन पर लगाया वादाखिलाफी का आरोप

**सीएमडी व जनप्रतिनिधि सहित कई यूनियन नेताओं ने पहुंच कर अर्पित की श्रद्धांजलि**

आजाद सिपाही संवाददाता

**झरिया।** बागडिगी खदान हादसे के 22वीं बरसी गुरुवार को मनाई गई। इस दौरान हादसे में शहीद हुए लोगों के परिजन, बीसीसीएल के सीएमडी, मजदूर यूनियनों के नेता व स्थानीय लोगों बड़ी संख्या में पहुंचे और शहीद खनिकों को श्रधांजलि दी। इस वर्ष भी सर्वधर्म पूजा किया गया। श्रधांजलि देने के लिए लोगों के आने जाने का सिलसिला दिनभर जारी रहा। कई मजदूर यूनियनों द्वारा जुलूस भी निकाला गया। बताते चलें कि दो फरवरी 2001 को बागडिगी के अंडरग्राउंड कोयला खदान में उत्खनन कार्य में जुटे मजदूरों की खदान में अचानक पानी घुस गया। इस घटना में बीसीसीएल के दो अधिकारियों सहित कुल 29 खनिकों ने जलसमाधि ले ली थी। चार दिन के बाद मुंबई से आये गोताखोरों की टीम ने खदान के अंदर से क्षत-विक्षत शव निकाला था। शवों का ऐसा हाल हो गया था कि कैप लैंप के नंबर से शवों की शिनाख्त हुई थी। वहीं घटना के चार दिन बीत जाने के बाद भी सलीम नामक एक कोयला मजदूर जीवित निकाला गया था। इस अवसर पर बीसीसीएल सीएमडी समीरन दत्ता, झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागिनी सिंह, एके झा, ललन चौबे, मिथिलेश नोनिया, धर्मेंद्र सिंह, राजीव रंजन चौबे, राजू झा, संजीत सिंह, ललन पासवान, मोहन पांडेय, छोटू सिंह, कैलाश तांती, अनिल सिंह, उमाशंकर शाही, लक्ष्मीकांत निषाद, समीरजीत सिंह, सुरेश चक्रवर्ती, सुरेश प्रसाद गुप्ता, राधाकृष्ण पासवान, शिवबालक पासवान, शिव कुमार सिंह, भगवान दास, मंटू चंद्र बाउरी, सुरेंद्र पासवान, प्रजा पासवान, सुनील पासवान आदि ने श्रद्धांजलि अर्पित की।





### श्रमिकों की शहादत और मेहनत के कारण ही कंपनी इस मुकाम तक पहुंची है : सीएमडी



श्रधांजलि देने पहुंचे बीजीसीएल सीएमडी ने कहा कि आज का दिन बहुत ही दुःखद है। श्रमिकों की शहादत बेकार नहीं जाएगी। उनकी शहादत और मेहनत के कारण ही आज कंपनी इस ऊंचाई तक पहुंची है। बागडिगी के विस्थापन को लेकर कहा कि जेआरडीए द्वारा जो भी प्लान है उसके तहत ही विस्थापन किया जाएगा। कंपनी के स्थानीय अधिकारियों द्वारा यहां के लोगों से जो भी वार्ता हुई है उस विषय में स्थानीय जीएम से बात करेंगे। वहीं, दूसरी ओर शहीद खनिकों के परिजनों का दर्द भी छलक उठा। परिजनों ने आंसुओं के बीच प्रबंधन पर वादाखिलाफी का आरोप लगाया। कहा कि घटना के बाद प्रबंधन द्वारा किये वादों में कई अब भी अधूरे हैं। घटना में शहीद हुए मजदूर शिवचरण तांती की पत्नी पार्वती तांती ने कहा कि 2011 से उनका पेंशन बंद है। इस बाबत कई बार प्रबंधन से मिलकर गुहार भी लगाई पर पिछले 11 वर्षों से उन्हें सिर्फ आश्वासन ही मिल रहा है।

### कार्यालय जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त, हजारीबाग।
(वाहन कोषांग)

–: प्रेस विज्ञप्ति :–

त्रस्तरीय पंचायत (आम) निर्वाचन, 2022 के निमित्त अत्याधिक संख्या में व्यावसायिक बड़ी एवं छोटी वाहनों यथा (बस, ट्रक, कमाण्डर, स्कॉपियों / ट्रेकर आदि) का उपयोग निर्वाचन कार्य में किया गया है। वाहनों के किराया भुगतान हेतु प्राप्त आवंटन के विरूद्ध कुल 620 वाहनों में से 399 (भुगतान) 36 (राशि समांजन) कुल 435 वाहनों स्वामियों द्वारा उपलब्ध कराये गये कागजात के आलोक में Payee ID के माध्यम से भुगतान / राशि का सामंजन किया गया है।

वर्तमान में कुल 185 वाहन व्यावसायिक बड़ी एवं छोटी वाहनों यथा (बस, ट्रक, कमाण्डर, स्कॉपियों / ट्रेकर आदि) स्वामियों के द्वारा संबंधित कागजात उपलब्ध नहीं कराये जाने के कारण Payee ID बनाने एवं तदनुरूप भुगतान करने में कठिनाई हो रही है। वाहनों की सूची निम्नवत है :–

| SL_No | Log_Book_No | Registration_No | Type_Of_Vehicle |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | PVB03 | JH02AT1959 | BUS |
| 2 | PVB16 | JH02N1032 | Hemkunt Bus |
| 3 | PVB18 | JH02AT0299 | Aman Bus |
| 4 | PVB19 | JH02N2771 | Fakira Bus Mini Bus |
| 5 | PVB26 | JH02Y7606 | Nisha Rani Bus |
| 6 | PVB36 | JH02X5689 | City Ride |
| 7 | PVB41 | JH02AD6932 | Gopi Kishan |
| 8 | PVB42 | JH02W7103 | Vijay Bus |
| 9 | PVB46 | BR02W7824 | Simran Bus |
| 10 | PVB48 | JH02R2897 | Pammi Bus |
| 11 | PVB49 | JH02W9518 | Chetak Bus |
| 12 | PVB52 | JH02AR0776 | Anuj Bus |
| 13 | PVB56 | JH02Y7941 | Hemkunt Bus |
| 14 | PVB60 | JH02AE0534 | Lakshmi Rath |
| 15 | PVB61 | JH02Q1521 | Bus |
| 16 | PVB63 | JH02J4151 | Aman Bus |
| 17 | PVB68 | JH02X9500 | Rajshri Bus |
| 18 | PVB71 | BR20D5197 | City Ride |
| 19 | PVB72 | JH02G0707 | City Ride |
| 20 | PVB81 | JH02R2897 | Pammi Bus |
| 21 | PVB86 | JH02Y3714 | Lovly Bus |
| 22 | PVB92 | JH02T8302 | Khushi Bus |
| 23 | PVSS11 | MXX9147 | Commander |
| 24 | PVSS22 | JH02B6857 | Sawari |
| 25 | PVSS24 | JH02Y7640 | Sawari |
| 26 | PVSS40 | JH02H8960 | Sawari |
| 27 | PVSS48 | JH13A1999 | Commander |
| 28 | PVSS49 | JH01N3623 | Sawari |
| 29 | PVSS52 | JH02B3245 | Sawari |
| 30 | PVSS55 | JH02AC3406 | Sawari |
| 31 | PVSS56 | JH01AB1848 | Sawari |
| 32 | PVSS59 | JH01F0090 | Sawari |
| 33 | PVSS64 | JH02D0037 | Sawari |
| 34 | PVSS66 | JH02Q1534 | Sawari |
| 35 | PVSS68 | JH02Z6008 | Magic |
| 36 | PVSS69 | JH02Z1016 | Sawari |
| 37 | PVSS71 | BR01GC1534 | Sawari |
| 38 | PVSS77 | JH02AG6737 | Sawari |
| 39 | PVSS78 | JH02AP1202 | Sawari |
| 40 | PVSS80 | JH02S6919 | Sawari |
| 41 | PVSS82 | JH09AN5679 | Sawari |
| 42 | PVSS93 | JH01S5776 | Sawari |
| 43 | PVSS99 | JH02P2486 | Sawari |
| 44 | PVSS103 | JH10M7597 | Sawari |
| 45 | PVSS110 | JH02B6291 | Sawari |
| 46 | PVSS111 | JH02AL0730 | Sawari |
| 47 | PVSS112 | BR13P3327 | Commander |
| 48 | PVSS114 | JH02AG0527 | Maxximo |
| 49 | PVSS119 | JH02AZ8329 | Sawari |
| 50 | PVSS123 | JH02Y4923 | Sawari |
| 51 | PVSS124 | JH02X9873 | Sawari |
| 52 | PVSS126 | JH02R8615 | Sawari |
| 53 | PVSS127 | JH02L6637 | Sawari |
| 54 | PVSS128 | JH13B8992 | Sawari |
| 55 | PVSS129 | JH02AZ1717 | Sawari |
| 56 | PVSS131 | JH02AQ0105 | Sawari |
| 57 | PVSS132 | BR02Q4391 | Magic |
| 58 | PVSS139 | JH02AZ1956 | Sawari |
| 59 | PVSS143 | JH10AJ3458 | Sawari |
| 60 | PVSS144 | JH02K8076 | Magic |
| 61 | PVSS150 | JH02AC7927 | Sawari |
| 62 | PVSS151 | JH02AX4847 | Magic |
| 63 | PVSS152 | JH02Z0991 | Magic |
| 64 | PVSS155 | JH02AN7185 | Sawari |
| 65 | PVSS156 | JH10AT1817 | Maxximo |
| 66 | PVSS159 | JH09AB5738 | Magic |
| 67 | PVSS160 | JH02AE8580 | Magic |
| 68 | PVSS161 | JH02AT5160 | Magic |
| 69 | PVSS162 | JH02AC7855 | Magic |
| 70 | PVSS169 | JH02AF1979 | Magic |
| 71 | PVSS171 | JH09S6579 | Masimo |
| 72 | PVSS173 | JH02R6898 | Magic |
| 73 | PVSS174 | JH02AA6541 | Magic |
| 74 | PVSS175 | JH02Y4916 | Sawari |
| 75 | PVSS184 | JH02AZ6576 | Sawari |
| 76 | PVSS186 | CG12ZD1595 | Sawari |
| 77 | PVSS187 | BR13C6592 | Sawari |
| 78 | PVSS190 | JH02AB5831 | Force(Sawari) |
| 79 | PVSS191 | JH02K9635 | Sawari |
| 80 | PVSS195 | JH02BA2752 | Sawari |
| 81 | PVSS196 | JH02J9069 | Sawari |
| 82 | PVSS203 | JH02AW2894 | Sawari |
| 83 | PVSS208 | JH02AV9709 | Magic |
| 84 | PVSS210 | WB20B7334 | Sawari |
| 85 | PVSS211 | JH11C5135 | Commander |
| 86 | PVSS214 | JH01AR5522 | Sawari |
| 87 | PVSS220 | JH11P9370 | Sawari |
| 88 | PVSS222 | JH02P2471 | Sawari |
| 89 | PVSS223 | JH12A3629 | Sawari |
| 90 | PVSS224 | JH02R3461 | Sawari |
| 91 | PVSS226 | JH01BF7390 | Sawari |
| 92 | PVSS259 | JH12B6374 | Sawari |
| 93 | PVSS261 | JH13E4002 | Sawari |
| 94 | PVSS265 | JH02AC5017 | Sawari |
| 95 | PVS12 | JH10AE1112 | Sumo Victa |
| 96 | PVS18 | JH02AY3072 | Force |
| 97 | PVS20 | JH12N1177 | Bolero |
| 98 | PVS23 | JH13F2730 | Bolero |
| 99 | PVS30 | JH01BD8785 | Bolero |
| 100 | PVS33 | JH01DT6742 | Scorpio |
| 101 | PVS40 | JH01AG5662 | Bolero |
| 102 | PVS43 | BR26F9550 | Scorpio |
| 103 | PVS47 | JH02BA3153 | Scorpio |
| 104 | PVS48 | JH02AU2414 | Scorpio |
| 105 | PVS49 | JH02X0915 | Bolero |
| 106 | PVS50 | BR28E1178 | Scorpio |
| 107 | PVS52 | JH01CE5816 | Bolero |
| 108 | PVS54 | BR03PA6249 | Bolero |
| 109 | PVS55 | JH12E3883 | Bolero |
| 110 | PVS57 | JH02Z7331 | Bolero |
| 111 | PVS58 | HR26CC3123 | Scorpio |
| 112 | PVS62 | JH12E0511 | Bolero |
| 113 | PVS63 | JH02S8455 | Bolero |
| 114 | PVS64 | JH05AW4170 | Bolero |
| 115 | PVS66 | JH09K0106 | Tata Victa |
| 116 | PVS67 | JH02Z4758 | Force |
| 117 | PVS70 | JH01EE2904 | Scorpio |
| 118 | PVS71 | WB38AK4006 | Sumo |
| 119 | PVS76 | UP30V5047 | Bolero |
| 120 | PVS77 | JH02BA3728 | Scorpio |
| 121 | PVS78 | JH02X9049 | Force |
| 122 | PVS79 | JH02AW1928 | Scorpio |
| 123 | PVS80 | JH02AT0589 | Sumo Gold |
| 124 | PVS81 | JH02AS9171 | Bolero |
| 125 | PVS95 | JH01CN9943 | Baleno |
| 126 | PVS99 | JH10BJ9900 | Bolero |
| 127 | PVS103 | JH02BG2533 | Scorpio |
| 128 | PVS106 | JH13F0693 | Scorpio |
| 129 | PVS113 | JH01EN2262 | Bolero |
| 130 | PVS117 | BR01PJ6098 | Sumo Gold |
| 131 | PVS121 | JH10AK2057 | Scorpio |
| 132 | PVS122 | BR02PB2538 | Scorpio |
| 133 | PVS123 | JH08D0347 | Scorpio |
| 134 | PVS129 | JH02BE9113 | Bolero |
| 135 | PVS130 | JH01AV6611 | Scorpio |
| 136 | PVS132 | JH02BA9996 | Bolero |
| 137 | PVS135 | JH15F4846 | Bolero |
| 138 | PVS136 | JH02BE0155 | Ecco |
| 139 | PVS140 | WB74P1316 | Sumo Victa |
| 140 | PVS142 | JH01AL1151 | Bolero |
| 141 | PVS144 | JH02AW5113 | Bolero |
| 142 | PVS145 | JH02BH6882 | Bolero |
| 143 | PVS148 | JH01BQ7594 | Bolero |
| 144 | PVS149 | JH02J6031 | Scorpio |
| 145 | PVS150 | JH02BH9721 | Scorpio |
| 146 | PVS151 | JH05AC7637 | Bolero |
| 147 | PVS153 | JH01CU4181 | Bolero |
| 148 | PVS156 | JH02D9201 | Bolero |
| 149 | PVS159 | JH02AT6608 | Bolero |
| 150 | PVS162 | JH02AX4437 | Scorpio |
| 151 | PVS163 | JH02BH9550 | Bolero |
| 152 | PVS166 | JH09AF1538 | Bolero |
| 153 | PVS171 | CH01AS1947 | Scorpio |
| 154 | PVS183 | JH01BY9458 | Bolero |
| 155 | PVS185 | JH17K8965 | Bolero |
| 156 | PVS186 | JH02BA9416 | Scorpio |
| 157 | PVS190 | JH01BX8885 | Bolero |
| 158 | PVS191 | JH02AD4591 | Bolero |
| 159 | PVS192 | JH02AD1638 | Bolero |
| 160 | PVS193 | JH02K3344 | Victa |
| 161 | PVS197 | JH02AR4869 | Bolero |
| 162 | PVS198 | JH05AR0102 | Bolero |
| 163 | PVS206 | JH02P1222 | Bolero |
| 164 | PVS207 | JH05AV0101 | Bolero |
| 165 | PVS209 | JH02AA5526 | Bolero |
| 166 | PVS212 | JH02BB9472 | Scorpio |
| 167 | PVS002 | JH05B4041 | Swifr Dzire |
| 168 | PVT01 | NL01AF2911 | Containor |
| 169 | PVT05 | JH02AD0587 | Bolero Pickup |
| 170 | PVT08 | JH02Z2487 | Tata Super ACE( Dala) |
| 171 | PVT09 | JH02BG2125 | Pickup |
| 172 | PVT12 | JH02BG5649 | Pickup (Dala) |
| 173 | PVT15 | JH02AA7004 | Truck |
| 174 | PVT16 | JH02AA2649 | Pickup (Dala) |
| 175 | PVT17 | JH02AC4914 | Pickup (Dala) |
| 176 | PVT18 | JH05CG9609 | Truck |
| 177 | PVT21 | JH02BA8304 | Pickup (Dala) |
| 178 | PVT22 | JH10BF7432 | Mini Truck |
| 179 | PVT24 | JH13H4306 | Tata Magic (Dala) |
| 180 | PVT25 | JH02BB2957 | Pickup (Dala) |
| 181 | PVT26 | JH11L2400 | Pickup (Dala) |
| 182 | PVT27 | JH0AD9537 | Pickup (Dala) |
| 183 | PVT28 | JH02Z8651 | Truck |
| 184 | PVT31 | JH02BD0216 | Pickup Dala |
| 185 | PVT34 | JH01DW6062 | Mini Truck |

अतः एतत् द्वारा शेष बचे 185 वाहन स्वामियों को जिनका वाहन त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन, 2022 में प्रयुक्त हुआ था, को सूचित किया जाता है कि Payee ID निर्माण हेतु निम्न कागजात विज्ञापन निर्गत् होने की तिथि से 10 दिनों के अंतर्गत् जिला परिवहन कार्यालय में जमा करना सुनिश्चित करेंगे। ससमय कागजात उपलब्ध नहीं करवाने के कारण होने वाले विलम्ब का सारा दायित्व संबंधित वाहन स्वामी का होगा।

1. त्रिस्तरीय पंचायत (आम) निर्वाचन, 2022 का वाहन विमुक्ति आदेश (मूल प्रति)
2. प्रयुक्त वाहन का निबंधन से संबंधित कागजात की स्पष्ट छायाप्रति।
3. वाहन स्वामी का बैंक पासबुक की स्पष्ट छायाप्रति।
4. वाहन स्वामी का आधार कार्ड की स्पष्ट छायाप्रति।

नोडल पदाधिकारी,
वाहन कोषांग –सह– जिला परिवहन पदाधिकारी
हजारीबाग।

PR 288992 Election(22-23)D

### उदासीनता : आंख, कान, नाक, गला, गायनिक और बच्चे के चिकित्सक नहीं

# लोयाबाद क्षेत्रीय अस्पताल उपेक्षा का शिकार, मजदूरों का पीएमइ बंद

रत्नेश पांडेय

**लोयाबाद (आजाद सिपाही)।** बीसीसीएल सिजुआ क्षेत्र का लोयाबाद क्षेत्रीय अस्पताल फिर एकबार उदासीनता का शिकार है। मजदूरों का पीएमइ बंद हो गया है। मजदूर आधे-अधूरे पीएमइ कराकर लौट रहे हैं, जबकि मजदूरों का पीएमई नियम के मुताबिक अति आवश्यक मानी जाती है। अस्पताल बिना डिप्टी सीएमओ का चल रहा है। दांत, आंख, नाक, कान, गला गायनिक और बच्चे के चिकित्सक नहीं है। यहां तक कि लैब भी बिना चिकित्सक चल रहा है। क्लर्क भी एक साल से नहीं है। हैरत यह भी है कि एक नर्स के भरोसे पूरा अस्पताल है। 24 घंटे के दौरान कोई भी महिला मरीज आ गयी तो नर्स मंजू शर्मा को दिनभर ड्यूटी करने के बाद भी ड्यूटी करनी पड़ती है। अस्पताल में इस समय 51 मैन पावर है। सभी का विभागीय कार्य भी पेंडिंग है। सभी वर्कर कार्मिक प्रबंधक मुकेश कुमार पर अस्पताल नहीं आने का भी आरोप लगा रहे थे। कर्मचारियों ने कहा कि अस्पताल की देखरेख और कर्मचारियों की काजगी काम में उनका अहम रोल होता है। उनके नहीं आने से आम मजदूर भी बिना किसी पद के अस्पताल के कामों को अंजाम दे रहे है। इस समय सूरज कुमार क्लर्क का काम देख रहे, पर उसका कोई पद नहीं है।



### दस्तावेज में है टॉप अस्पताल का जिक्र

एक समय यह अस्पताल चमकता था। सेंट्रल अस्पताल से भी ज्यादा मरीजों का इलाज यहीं होती थी। तब मरीज सेंट्रल अस्पताल जाना नहीं चाहते थे। बड़े-बड़े अधिकारी भी इसी अस्पताल में इलाज कराते थे। आज भी इस अस्पताल का नाम केंद्रीय मंत्रालय, मानवाधिकार के पास के अलावे सीएमडी द्वारा मंत्रालय को भेजे गए पत्र में टॉप अस्पतालों में से एक है। जबकि जमीनी हकीकत काफी अलग है। 200 बेड का भवन, ऑपरेशन थिएटर, लैब, दंत विभाग, ईसीजी विभाग, आंख विभाग, गायनिक विभाग, आकस्मिक विभाग के चेंबर सहित एम्बुलेंस तक की व्यवस्था आज भी है। डाक्टर, टेक्नीशियन सहित कुंल 51 कर्मचारियों की पूरी टीम भी मौजूद है। लेकिन वर्तमान में मात्र तीन फिजिशियन चिकित्सक से काम चल रहा हैं। 10 फरवरी को मुख्यालय टीम द्वारा अस्पताल का निरीक्षण होना है। अस्पताल कर्मचारी और डॉक्टर चाहते हैं कि सीएमओ और पीओ का पदस्थापन जल्द हो और रोजना दोनों की उपस्थिति भी हो, ताकि अस्पताल काम ठीक से हो सके।







### बिना जनरेटर चल रहा अस्पताल

अस्पताल में दो जनरेटर हुआ करता था। अब एक भी नहीं है। कर्मचारियों की मानें तो बीसीसीएल अधिकारी के आदेश पर जनरेटर हटा लिया गया है। बिजली गुल होने पर मरीजो का उपचार अंधेरे में करना पड़ता है। चिकित्सक और टेक्नीशियन फोन के टार्च जलाकर मरीजों का इलाज करते है। इस बाबत जानकारी लेने के लिए सिजुआ एरिया पांच के महाप्रबंधक से फोन किया गया लेकिन उन्होंने नहीं उठाया।

### एक्सरे टेक्नीशियन हुआ रिटायर्ड

एक्सरे टेक्नीशियन आरके सिंह के रिटायर्ड होने के बाद सिजुआ क्षेत्र के सभी कोलियरी के मजदूरों का फूल पीएमइ बंद हो गया। 31 जनवरी को वे सेवा मुक्त हुए हैं। मजदूरों का बिना एक्सरे पीएमई की फार्मिलीट पूरा किया जा रहा है, जबकि पीएमई में ब्लड टेस्ट, आंख, कान ईसीजी, पेशाब के इलावा एक्सरे अतिआवश्यक मानी जाती है। अस्पताल में सिजुआ क्षेत्र के करीब 15 से 20 मजदूर रोजाना पीएमइ के लिए आते हैं, जिसका पीएमई पूरा नही हो पा रहा है।

### डिप्टी सीएमओ के बिना चल रहा अस्पताल

अस्पताल का मुखिया नहीं है। सीएमओ के पदभार सम्भालने वाले डाक्टर यूके सिन्हा, वीआरएस देकर चले गए। 22 अक्टूबर 2022 से यह अस्पताल बिना गाइड लाइन चल रहा है। तब से यह पद भी खाली पड़ा है।

### आरोप गलत, कोई पेंडिंग कार्य नहीं

इस संबंध में पूछे जाने पर कार्मिक प्रबंधक मुकेश कुमार ने कहा कि आरोप सरासर गलत है। कोई पेंडिंग काम नहीं है। मैं हमेशा दो चार दिन में आता हूं, पेडिंग पूरा करता हूं। मैं सिजुआ एरिया भी देखता हूं और कोर्ट का भी काम रहता हूं।

## जयपुर का विक्रमदेव महाविद्यालय बना विश्वविद्यालय

# हजारों छात्रों को मिलेगा लाभ: नवीन पटनायक

**विक्रमदेव महाविद्यालय की स्थापना 1947 में हुई थी। महाविद्यालय में वर्तमान में 16 स्नातकोत्तर पोग्रम, 17 स्नातक पोग्राम, बीबीए, बीसीए और बीएड पाठ्यक्रम हैं। अब यहां चार हजार छात्र-छात्रायें पढ़ रहे हैं।**



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने जयपुर के प्रसिद्ध उच्च शिक्षा संस्थान विक्रमदेव महाविद्यालय को विश्वविद्यालय का दर्जा देने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। मुख्यमंत्री ने प्रसन्नता जताते हुए कहा कि अविभाजित कोरापुट जिला के बुद्धिजीवियों और छात्रों की मांग आज पूरी हो गई है। विक्रम देव महाविद्यालय ने अविभाजित कोरापुट जिला में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी है। इस साल महाविद्यालय अपनी 75वीं वर्षगांठ मना रहा है। विक्रमदेव महाविद्यालय की स्थापना 1947 में हुई थी। महाविद्यालय में वर्तमान में 16 स्नातकोत्तर पोग्रम, 17 स्नातक पोग्राम, बीबीए, बीसीए और बीएड पाठ्यक्रम हैं। अब यहां चार हजार छात्र-छात्रायें पढ़ रहे हैं।

### मील का पत्थर साबित होगा

अविभाजित कोरापुट जिला के सभी कॉलेज ब्रह्मपुर विश्वविद्यालय से संबद्ध हैं। अब इस नये विश्वविद्यालय से कोरापुट, रायगडा, नबरंगपुर और मलकानगिरी जिलों के हजारों छात्रों को लाभ होगा। मुख्यमंत्री ने आशा व्यक्त की कि यह दक्षिण ओड़िशा में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में मील का पत्थर साबित होगा।

## सिनेमा हॉल में झगड़ा करना पड़ा महंगा: विधायक संतोष सिंह सलूजा का बेटा गिरफ्तार

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** बलांगीर कंटाबांजी विधायक संतोष सिंह सालूजा के पुत्र सेजी सिंह सालूजा की गिरफ्तारी के बाद सेजी के जिम से 19 लाख रुपए और और विभिन्न ब्रांड की 17 लीटर शराब जब्त की है। बताया जा रहा है कि पुलिस ने बुधवार रात जिम में छापा मारकर इन चीजों को जब्त कर लिया। वहीं सेजी सिंह सालूजा का आज सुबह बेलपड़ा गोष्ठी स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य परीक्षा कराया गया है। हालांकि बुधवार को आलीशान सिनेमा हॉल में कंटाबांजी कांग्रेस विधायक संतोष सिंह सालूजा के बेटे सेजी सिंह सालूजा ने सिनेमा हॉल के मालिक के बेटे से किसी बात को लेकर अनबन हो गई थी। इसका एक वीडियो वायरल हुआ था। वायरल वीडियो के आधार पर पुलिस ने सेजी को रातोंरात गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने सेजे सिंह को गिरफ्तार कर आइपीसी की धारा 384, 506, 353 और आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है।


# पंकज शर्मा ने नालको के निदेशक के रूप में कार्यभार ग्रहण किया



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** सार्वजनिक क्षेत्र के नवरत्न लोक उद्यम नेशनल एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (नालको) में 01 फरवरी 2023 को पंकज कुमार शर्मा ने निदेशक (उत्पादन) के रूप में पदभार ग्रहण किया। नये कार्यभार को ग्रहण करने से पूर्व, शर्मा एनएमडीसी केवैश्विक अन्वेषण केंद्र, रायपुर में मुख्य महाप्रबंधक के रूप में कार्यरत थे। साथ ही वेसंयुक्त उद्यम कंपनी एनएमडीसी-सीएमडीसी लिमिटेड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी तथा बस्तर रेलवे प्राइवेट लिमिटेड, रायपुर के मुख्य कार्यकारी अधिकारी की जिम्मेदारी भी निभा रहे थे। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, काशी हिंदू विश्व विद्यालय से इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग में स्नातक श्री शर्मा ने 1992 में कार्यकारी प्रशिक्षु के रूप में एनएमडीसीसे अपने कैरियर की शुरूआत की। उनके पास ओपन कास्ट माइनिंग उद्योग के सभी पहलुओं में काम करने का एक विविध और समृद्ध अनुभव है। इस्पात मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन सार्वजनिक क्षेत्र के नवरत्न लोक उद्यम, एनएमडीसी के साथ 30 से अधिक वर्षों के अपने सेवाकाल के दौरान, उन्होंने विविध प्रमुख पदों पर चुनौतीपूर्ण कार्यों को सफलतापूर्वक पूरा किया है। श्रीधर पात्र, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, नालको ने निदेशक (उत्पादन) का पद ग्रहण करने पर श्री शर्मा को बधाई दी और आशा व्यक्त की कि उनके शामिल होने से नालको बोर्ड और भी सुदृढ़ होगा।

# 24 फरवरी को राज्य का बजट सत्र 6 अप्रैल तक चलेगा



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** ओड़िशा विधानसभा के बजट सत्र को लेकर एक बड़ी खबर आयी है। कल जहां केंद्रीय बजट पेश किया गया वहीं माना जा रहा है कि इस महीने की 21 तारीख से राज्य में बजट सत्र शुरू हो जायेगा। इस सत्र 2 चरणों में होगा। पहले चरण का बजट सत्र 21 फरवरी से 2 मार्च तक चलेगा। इसी तरह दूसरे चरण का सत्र 10 मार्च से 6 अप्रैल तक चलेगा। राज्य का बजट 24 फरवरी को पेश किया जायेगा। वित्त मंत्री निरंजन पुजारी बजट पेश करेंगे। अगले साल चुनाव होने के कारण यह आखिरी पूर्ण बजट होने की उम्मीद है।


## पूर्व मध्य रेल

### सांकेतिक सूचना

**अनुबंध के आधार पर कॉन्ट्रैक्ट मेडिकल प्रैक्टिशनर (जीएमडीपी पूर्णकालिक) की नियुक्ति**

धनबाद मंडल के अनुबंध के आधार पर अनुबंध चिकित्सा चिकित्सकों (पूर्णकालिक जेनरल डयूटी मेडिकल प्रैक्टिशनर) की नियुक्ति प्रस्तावित है। इच्छुक डॉक्टर जो नीचे निर्दिष्ट योग्यता/पात्रता मानदंडों को पूरा करते है, उपरोक्त अनुबंध हेतु आवेदन कर सकते है। यह नियुक्ति विशुद्ध रूप से एक वर्ष की अवधि के लिए अनुबंध के आधार पर होगी जिसे नए अनुबंध के रूप से वर्ष दर वर्ष के आधार पर तीसरे वर्ष तक यह नियमित डॉक्टर द्वारा पद भरे जाने तक या इस अनुबंध की वैधता तक नवीनीकृत किया जा सकता है, इनमे से जो भी पहले हो।

**1. कुल नियुक्तियों का समुदाय विभाजन: कुल रिक्ति – 11**
**(अ.जा.–02, अ.ज.जा.–01, ओबीसी–शून्य, ईडब्लूएस–02, सामान्य–06)**

| क्र.म. | मंडल/रेलवे | रिक्ति | अस्पताल/हेल्थ यूनिट/स्थान |
|---|---|---|---|
| 1 | धनबाद मंडल, पूर्व मध्य रेल | 11 | भूली–01, पाथरडीह–01, गोमो (लोको)–01, हजारीबाग रोड–01, बरकाकाना (मेन)–01, बरवाडीह–01, कतरासगढ़–01, गझंडी–01, टोरी–01, गढ़वा रोड–01, सिंगरौली–01 |

**2. आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि :** सीनियर डीपीओ/ईसीआर/धनबाद, धनबाद डिवीज़न, धनबाद झारखण्ड, पिन कोड– 826001 (सुविधा केंद्र पर रजिस्टर पोस्ट के माध्यम से या व्यक्तिगत रूप से दिनांक 22.02.2023 या उससे पहले)

**3. साक्षात्कार का समय एवं स्थान:** उचित समय पर सूचित किया जायेगा।

अनुबंध हेतु आवश्यक योग्यता, पारिश्रमिक, आयु सीमा, आवेदन कैसे करे, सामान्य शर्तें और अन्य सुविधाएँ, आवेदन के लिए प्रोफोर्मा और अन्य जानकारी के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा निर्देश पूर्व मध्य रेलवे की वेबसाइट www.ecr.indianrailways.gov.in (Dhanbad>personnel>notification) से डाउनलोड किया जा सकता है।

मंडल रेल प्रबंधक (का.)

पीआर/02041/डीएचएन/कार्मिक/एन/22–23/96 पूमरे/धनबाद


## सुसाइड कर रहा था युवक, फेसबुक अलर्ट ने बचाया

**गाजियाबाद (आजाद सिपाही)।** गाजियाबाद में एक फेसबुक अलर्ट ने युवक की जान बचा ली। यहां अभय शुक्ला नाम का युवक इंस्टाग्राम लाइव में सुसाइड करने की तैयारी कर रहा था। अमेरिका के कैलिफोर्निया में फेसबुक और इंस्टाग्राम की पैरेंट कंपनी मेटा हेडक्वार्टर में जैसे ही उसका वीडियो दिखायी दिया, टीम ने यूपी पुलिस को अलर्ट भेजा। मोबाइल लोकेशन ट्रैक कर पुलिस ने युवक को बचा लिया। पूरे मामले में खास बात यह है कि अलर्ट भेजने से लेकर पुलिस के पहुंचने में महज 13 मिनट का समय लगा। करीब 6 घंटे तक काउंसिलिंग करने और परिवार के पहुंचने के बाद ही पुलिस वापस लौटी। उत्तर प्रदेश पुलिस ने मेटा कंपनी से पिछले साल मार्च में यह करार किया था कि फेसबुक या इंस्टाग्राम पर किसी व्यक्ति की आत्महत्या संबंधित पोस्ट दिखे, तो तुरंत पुलिस को अलर्ट किया जाये। अभय शुक्ला ने सुसाइड करने के लिए कमरे के सीलिंग फैन में फंदा लगाया था, इसे देखने के बाद मेटा ने पुलिस को अलर्ट भेजा था। अभय शुक्ला ने सुसाइड करने के लिए कमरे के सीलिंग फैन में फंदा लगाया था, इसे देखने के बाद मेटा ने पुलिस को अलर्ट भेजा था। मंगलवार रात 9.57 बजे अभय शुक्ला इंस्टाग्राम पर लाइव आकर फांसी का फंदा बनाने लगा। वीडियो देखकर इंस्टाग्राम-फेसबुक के हेडक्वार्टर ने उत्तर प्रदेश पुलिस के सोशल मीडिया सेंटर को ईमेल अलर्ट भेजा।


### शपथ-पत्र



मैं, मनोज कुमार, पिता- कृष्णनंदन सिंह, ग्राम- बरवईया, पोस्ट- ढूब थाना-पांकी, जिला- पलामू (झारखंड) आयुष रंजन मेरा पुत्र है जबकि उसके स्कूल पुस्तिका पंजी में उसका जन्म तारीख 21-04-2008 भूलवश दर्ज हो गया है। XIII सीरियल नंबर 609 दिनांक 28-01-2023 के अनुसार मेरा पुत्र आयुष रंजन का वास्तविक सही जन्म तिथि 21-04-2009 है।


## बरगढ़ रोड रेलवे स्टेशन पर कोच इंडिकेशन बोर्ड की सुविधा

**संबलपुर (आजाद सिपाही)।** प्लेटफार्मों पर कोचों और ट्रेनों की स्थिति के बारे में यात्रियों को जानकारी प्रदान करने के उद्देश्य से, पूर्व तट रेलवे संबलपुर मंडल ने बरगढ़ रोड रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 1, 2 और 3 पर कोच इंडिकेशन बोर्ड (सीआइबी) शुरू किया है। कोच संकेतक यात्रियों को कोचों की पहचान करने में मदद करेंगे, जो अनारक्षित डिब्बों, स्लीपर कोच और एसी कोचों का संकेत देते हैं। प्रत्येक प्लेटफार्म पर पच्चीस कोच संकेतक लगाये गये हैं। इसके अलावा, प्लेटफॉर्म प्रवेश द्वार पर एक ट्रेन सूचना डिस्प्ले बोर्ड पहले ही स्थापित किया जा चुका है। विभिन्न संगठनों और उपभोक्ता मंच लंबे समय से रेलवे से बरगढ़ रोड स्टेशन पर कोच संकेतक लगाने की अपील कर रहे थे। लगभग सभी एक्सप्रेस और सुपरफास्ट ट्रेनें इस स्टेशन पर केवल कुछ मिनटों के लिए रुकती हैं, और यात्रियों को उन ट्रेनों के आरक्षित कोचों का पता लगाने के लिए जल्दी करनी पड़ती है जिनमें ज्यादातर 24 कोच होते हैं। इस सुविधा के शुरू होने से बुजूर्ग लोगों और बच्चों के साथ माता-पिता को काफी फायदा होगा।

# पूर्व तट रेलवे महाप्रबंधक ने कटक-पारादीप और पारादीप-हरिदासपुर रेलवे सेक्शन का निरीक्षण किया



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** पूर्व तट रेलवे के महाप्रबंधक मनोज शर्मा ने आज कटक-पारादीप एवं पारादीप-हरिदासपुर रेलवे सेक्शन में रेलवे के विकासात्मक कार्यों का निरीक्षण किया और यातायात सुविधाओं और बाधा-रहित ट्रेन संचालन के संबंध में रेलवे की विभिन्न गतिविधियों की जानकारी ली। उन्होने पारादीप क्षेत्र में विकास संबंधी कार्यों की जानकारी ली। इस अवसर पर खोरधा रोड रेल मंडल के मंडल रेल प्रबंधक रिंकेश रे और पूर्व तट रेलवे के अन्य विभागों के प्रधान प्रमुख उपस्थित थे। श्री शर्मा ने लोडिंग तथा अनलोडिंग करनेवाले विभिन्न रेलवे साइडिंग का दौरा किया। उन्होंने हितधारकों को परिवहन और यातायात सुविधाओं के क्षेत्र में सभी प्रकार की सहायता प्रदान करने का आश्वासन दिया। उन्होने रेलवे अधिकारियों को पारादीप पोर्ट अथॉरिटी सहित अन्य हितधारकों और उद्योगों के साथ बेहतर तालमेल रख कर राजस्व बढ़ाने की सलाह दी, जिससे सीधे राष्ट्र को लाभ होगा।

# न्यूयॉर्क में मुक्ता को डब्ल्यूआरआइ रॉस सेंटर अवार्ड



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** राज्य में लागू की जा रही मुक्ता योजना को वैश्विक मान्यता मिली है। नवीन पटनायक की सरकार की 5टी पहल के तहत शहरी मजदूरी रोजगार योजना, ओड़िशा सरकार के आवास और शहरी विकास विभाग को 2021-2022 विश्व संसाधन संस्थान के विजेताओं में से एक के रूप में चुना गया है। (डब्ल्यूआरआइ), ने रॉस सेंटर फॉर सिटीज अवार्ड जीता। विजेता की घोषणा 1 फरवरी को न्यूयॉर्क शहर में फोर्ड फाउंडेशन सेंटर फॉर सोशल जस्टिस में आयोजित एक कार्यक्रम में की गई थी। आवास और शहरी विकास विभाग के प्रधान सचिव जी माथी वथानन ने न्यूयॉर्क में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त किया। पुरस्कार वितरण समारोह में विभाग के संयुक्त सचिव शारदा प्रसाद पंडा उपस्थित थे। एक अंतरराष्ट्रीय जूरी ने 65 देशों के 155 शहरों से 260 आवेदनों में से मुक्ता को विजेता के रूप में चुना है। शहरों के लिए पुरस्कार डब्ल्यूआरआइ का शहरी रूपांतरण पुरस्कार है जो दुनिया भर में अधिक टिकाऊ और समावेशी शहर बनाने वाले प्राथमिकता को मान्यता देता है। अनिश्चितता, व्यवधान और संकट के मुकाबिला में शहरी गरीबों, अनौपचारिक और प्रवासी श्रमिकों के लिए बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर पैदा करके मुक्ता ने पुरस्कार जीता है। कठिन समय में जीवित रहने और दृढ़ रहने के तरीके के रूप में मुक्ता को पहचाना गया है। अब तक, ओड़िशा के 114 शहरों में 7 लाख शहरी गरीब और प्रवासी श्रमिक 208 करोड़ रुपये की 22,500 समूह-स्तरीय विकास परियोजनाओं में लगे हुए हैं, जिनमें पक्की सड़कें, नालियां, वर्षा जल संचयन, कम्यूनिटी सेंटर, पौधरोपण, आर्द्रभूमि बहाली और सार्वजनिक स्थलों शामिल हैं। इसके अलावा, ओडिशा सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना के तहत 5368 मिशन शक्ति समूहों और 438 बस्ती निवासियों के संघों को भी कार्यावयन भागीदारों के रूप में लगाया गया है। मुक्ता योजना में ठिकेदार को नियुक्त करने के बजाय मिशन शक्ति समूह और बस्ती वासियों को काम सौंपने के लिए ओड़िशा राज्य द्वारा एक पहल के रूप में सराहना गया है। यह योजना एक समान तरीके से समूह स्तरीय नागरिक सुविधायें बनाने में भी मदद करती है। भारत सरकार ने भी, ओड़िशा सरकार के प्रयासों की सराहना की है और अन्य राज्यों को प्रतिकृति के लिए मुक्ता के ओड़िशा मॉडल की सिफारिश की है। इससे सीखते हुए, झारखंड, हिमाचल प्रदेश, राजस्थान और तमिलनाडु ने शहरी गरीबों के लिए रोजगार के अवसर पैदा करने के लिए ओड़िशा के मुक्ता की तर्ज पर अपनी शहरी मजदूरी रोजगार योजनाओं की घोषणा की और उन्हें शुरू किया।


74वें गणतंत्र दिवस पर समस्त खूंटी जिलावासियों को हार्दिक शुभकामनाएं



कलीम खान
प्रखंड अध्यक्ष
भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा
तोरपा

खूंटी की प्रतिष्ठित सामाजिक संस्था मारवाड़ी युवा मंच नगर शाखा खूंटी की ओर से समस्त झारखंडवासियों को 74वें गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

मारवाड़ी युवा मंच

बिरसा कॉलेज परिवार खूंटी की ओर से समस्त झारखंडवासियों को 74वें गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



जेके किड़ो
प्रभारी प्राचार्या
बिरसा कॉलेज

BAWARCHI FAMILY RESTAURANT

Please Join Us to Celebrate
the opening Ceremony of our
New Restaurant



Venue :
Sector-9 Near Hatia More
Bokaro Steel City (Jharkhand)
With Best Compluments From :

BAWARCHI FAMILY RESTAURANT
Mob. : 65423 66205, 76338 16941

रत्न विक्रेता जय माता दी रत्न विक्रेता

ज्योतिष ग्रहरत्न केन्द्र

ज्योतिष शास्त्र • वास्तु शास्त्र • हस्त शास्त्र • हस्त रेखा • अंक शास्त्र




पता - लाईन टैंक रोड, गोपाल गंज गली, अपोजिट-भूतपूर्व बारगेन बाजार, रांची
फोन :- 9334718296, 9835195382, 9431792761

अविराम ए ग्रुप ऑफ इंस्टीटयुशंस
(मान्यता एवं संबद्धता रांची वि.वि., जैक, एनपीयू, पी.सी.आई., JSPC, JNRC एवं चिह्नित NCTE भुवनेश्वर उड़ीसा)
टिको, कुडू, लोहरदगा एवं हुटाप, चंदवा, लातेहार (झारखंड)
इंटर एवं स्नातक पास बालक/बालिकाएं शीघ्र प्रवेश लें एवं B.ed के अतिरिक्त अन्य में सीधे प्रवेश हेतु आवेदन करें
झारखंड स्टेट एवं रांची विश्वविद्यालय में टॉपर देने वाले संस्थान में प्रवेश का सुनहरा अवसर

ए.एन.एम A.N.M | डी.फार्मेसी D.Pharmacy | बी.एड. B.Ed. | बी.एस.सी. नर्सिंग B.Sc Nursing | डी.एल.एड D.El.Ed

FACILITIES : SCHOLARSHIP ◆ BUS & HOSTEL FACILITY ◆ CAMPUS PLACEMENT ◆ WELL EQUIPPED LAB ◆ ONLINE ADMISSION PAYMENT & ONLINE CLASS FACILITY



Coming Soon Paramedical Courses
◆ Diploma in Operation Theater
◆ DMLT ◆ Dresser

URGENT REQUIREMENT
◆ B. Sc Nursing/ M.Sc Nursing Pass
◆ D. Pharma/ B. Pharmacy Pass
◆ B.Ed & M.Ed in (Science/Literature Social Science)
Send resume within 3 days in 7782054270

संपर्क कीजिए : 7782054270, 8987470640 | www.aviramcollege.com, www.aviramcollegeofnursing.com bedcollege2011@gmail.com/aviram.gv@gmail.com



आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार, ***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**